CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

बरेली, मंगलवार 23 सितम्बर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 299 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 30 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में जातीय रैलियों पर लगा बैन, वाहनों पर नहीं लिख सकेंगे जाति के स्लोगन व नारे पेज 2



प्रीति पाल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय दल की होंगी ध्वजावाहक खेल टाइम्स



करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है मां शाकुम्भरी सिद्ध पीठ सम्पादकीय



अमेरिका ने एच-1बी वीजा फीस बढ़ाई, तो चीन लाया के. वीजा पेज 12

# अहमदाबाद प्लेन क्रैश: पायलट की गलती बताना गलत

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा: स्वतंत्र जांच की संभावनाएं तलाशें, केंद्र-डीजीसीए व एएआईबी से मांगा जवाब

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ शीर्ष अदालत ने उठ रही चर्चाओं को अफसोसजनक बताया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश में पायलट की गलती को लेकर उठ रही चर्चाओं को अफसोसजनक बताया है।

इसके लिए कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) से जवाब मांगा है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने इस मामले में स्वतंत्र जांच करवाने की संभावना पर भी ध्यान दिया है। इसको लेकर एविएशन सुरक्षा एनजीओ सेफ्टी मैटर्स फाउंडेशन ने पीआईएल दायर की है। इसमें आरोप लगाया गया है कि प्रारंभिक रिपोर्ट में जरूरी जानकारी छुपाई गई है और यह नागरिकों के जीवन, समानता और सही जानकारी पाने के अधिकार का उल्लंघन करती है। पीआईएल में कहा गया है कि ईंधन स्विच की खराबी और इलेक्ट्रिकल फॉल्ट जैसी तकनीकी समस्याओं को नजरअंदाज किया गया और दुर्घटना का दोष केवल पायलट पर डाल दिया गया। अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का बोइंग 787-8 विमान 12 जून को टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गया था। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी। सुमित सभरवाल फ्लाइट के मुख्य पायलट और क्लाइव कुंदर को-पायलट थे। एनजीओ की तरफ से पैरवी कर रहे सीनियर एडवोकेट प्रशांत भूषण ने कोर्ट में कहा कि दुर्घटना को हुए 100 दिन से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन अब तक केवल प्रारंभिक रिपोर्ट ही जारी हुई है। उन्होंने कहा रिपोर्ट यह नहीं बताती कि असल में क्या हुआ और भविष्य में क्या सावधानी बरतनी चाहिए। इसका मतलब है कि आज भी इन बोइंग विमानों में यात्रा करने वाले सभी लोग खतरे में हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि निष्पक्ष जांच की मांग सही है, लेकिन सभी निष्कर्ष सार्वजनिक करने से जांच प्रभावित हो सकती है। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर अपनी प्राइमरी रिपोट 12 जुलाई को जारी की थी। रिपोर्ट में पायलट सुमित सभरवाल और को-पायलट क्लाइव कुंदर के बीच बातचीत का जिक्र था।

# आजम खां आज होंगे रिहा



■ परवाना सीतापुर जेल पहुंचा, जेल प्रशासन ने पूरी तैयारी की

**सीतापुर।** समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां मंगलवार को (आज) जेल से रिहा होंगे। जानकारी के मुताबिक, उनकी रिहाई का परवाना सीतापुर जेल पहुंच गया है। सुबह 8 बजे उन्हें रिहा किया जा सकता है। उनकी रिहाई को लेकर जेल प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है।

आजम खां पिछले 23 महीने से सीतापुर जेल में बंद हैं। हाल ही में क्वालिटी बार पर कब्जे के केस में आजम को इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिली थी। इस मामले में 21 नवम्बर 2019 को एफआईआर दर्ज हुई थी। हाईकोर्ट ने 21 अगस्त को फैसला सुरक्षित रख लिया था। रामपुर एमपी-एमएलए कोर्ट ने 17 मई 2025 को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख किया था। क्वालिटी बार पर कब्जे के केस में आजम के परिवार के खिलाफ 2019 में एफआईआर दर्ज हुई।

### सुप्रीम कोर्ट से जैकलीन को झटका याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका पर विचार करने से साफ इन्कार कर दिया, जिसमें उन्होंने 200 करोड़ रुपये के मनी लान्ड्रिंग केस में दर्ज प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट यानी ईसीआईआर को रद्द करने की मांग की थी। यह मामला कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़ा है, जो पहले ही कई धोखाधड़ी के मामलों में जेल में बंद है। जस्टिस दिपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने जैकलीन फर्नांडिस की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी की दलीलें सुनने के बाद कहा कि हम इस स्तर पर हस्तक्षेप नहीं करेंगे। इसके साथ ही अदालत ने साफ कर दिया कि 3 जुलाई को दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा दिए गए आदेश को ही बरकरार रखा जाएगा। इसमें जैकलीन की ईसीआईआर रद्द करने की याचिका को खारिज कर दिया गया था।

### एनएससीएन (के) पांच वर्ष के लिए गैर कानूनी संगठन घोषित

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने नगा संगठन नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड (खापलांग) (एनएससीएन-के) को उसके सभी गुटों और शाखाओं के साथ आगामी 28 सितम्बर से पांच वर्ष के लिए गैरकानूनी संगठन घोषित किया है। गृह मंत्रालय ने सोमवार को एक अधिसूचना जारी कर कहा कि इस संगठन के गैर कानूनी गतिविधियों में शामिल होने के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि परिस्थितियों और संगठन की गैर कानूनी गतिविधियों को देखते हुए इसे गैर कानूनी घोषित किया जाना जरूरी हो गया है।

### सीतारमण ने लिया स्टेशनरी की दुकान का जायजा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके में एक स्टेशनरी की दुकान पर पहुंचकर स्वयं यह देखा कि जीएसटी के तहत लागू सुधारों का आम लोगों को फायदा मिल रहा है या नहीं। श्रीमती सीतारमण ने नवरात्र और जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत के मौके पर दुकानदार और दुकान में मौजूद सभी कर्मचारियों को फूल दिए। इसके बाद उन्होंने दुकानदार से जीएसटी में सोमवार से प्रभावी सुधारों से कीमतों में होने वाली कटौती के बार में पूछा। दुकानदार ने बताया कि जीएसटी सुधारों के कारण स्टेशनरी की कीमतें कम से कम 10 प्रतिशत कम हो गई हैं।


### अंतरिक्ष में विदेशी उपग्रह की संदिग्ध हरकत, भारत सतर्क

**नई दिल्ली।** भारत अब अंतरिक्ष में मौजूद अपने उपग्रहों को बाहरी खतरों से बचाने के लिए एक नई योजना पर काम कर रहा है। इस योजना का मकसद उन संभावित हमलों को रोकना है, जो दुश्मन देशों के उपग्रहों से आ सकते हैं। यह कदम इसलिए तेजी से उठाया जा रहा है, क्योंकि हाल ही में एक विदेशी उपग्रह भारत के एक उपग्रह के बेहद करीब आ गया था।

# POK एक दिन बोलेगा 'मैं भारत हूं', ऑपरेशन सिंदूर फिर शुरू होगा

## पीओके बिना हमला किए वापस मिलेगा: राजनाथ सिंह

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मोरक्को में भारतीय समुदाय से की बातचीत
■ हमारी सेना ने 100 किमी अंदर जाकर पाक ठिकाने तबाह किए

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत को बिना किसी लड़ाई या हमले के अपने आप मिल जाएगा। पीओके के लोग खुद आजादी की मांग कर रहे हैं और एक दिन वे कहेंगे कि मैं भी भारत हूं।

राजनाथ सिंह ने यह बात मोरक्को में भारतीय समुदाय से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने याद दिलाया कि पांच साल पहले कश्मीर में सेना के एक कार्यक्रम में भी उन्होंने यही बात कही थी। यह बयान उस समय आया है जब विपक्ष केंद्र सरकार पर आरोप लगा रहा है कि हमने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पीओके को कब्जाने का मौका गंवा दिया गया। उस समय भारतीय वायुसेना ने कई पाकिस्तानी फाइटर जेट गिराए थे, लेकिन सरकार ने सीजफायर मान लिया। दरअसल, राजनाथ सिंह दो दिन के दौरे पर मोरक्को पहुंचे हैं। यहां उन्होंने टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के नए व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफार्म 8/8 मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का उद्घाटन किया। यह अफ्रीका में किसी भारतीय रक्षा कंपनी का पहला संयंत्र है। राजनाथ सिंह ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के अगले ही दिन सीडीएस, तीनों सेनाध्यक्षों और रक्षा सचिव के साथ बैठक में उन्होंने पूछा था कि अगर सरकार आदेश दे, तो क्या सेना तैयार है। सिंह ने बताया उन्होंने बिना एक पल गंवाए कहा कि बिल्कुल तैयार हैं। इसके बाद पीएम मोदी ने हमें पूरी छूट दी और आपने नतीजा देखा कि सीमा पर नहीं, बल्कि 100 किमी अंदर जाकर आतंकी ठिकाने -शेष पृष्ठ दो पर

# मानहानि को अपराध की श्रेणी से बाहर किया जाए: सुप्रीम कोर्ट

## जेएनयू की पूर्व प्रोफेसर को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मीडिया संस्थान के खिलाफ गलत रिपोर्टिंग का किया था केस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि अब समय आ गया है कि मानहानि को अपराध की श्रेणी से बाहर किया जाए। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच पूर्व जेएनयू प्रोफेसर अमिता सिंह की ओर से 2016 में एक मीडिया संस्थान के खिलाफ दाखिल मानहानि मामले की सुनवाई कर रही थी।

मीडिया संस्थान की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि प्रोफेसर अमिता सिंह ने एक डॉजियर (दस्तावेज) तैयार किया था, जिसमें जेएनयू को अश्लील गतिविधियों और आतंकवाद का अड्डा बताया गया। अमिता सिंह का आरोप है कि रिपोर्टर और संपादक ने बिना सत्यता जांचे यह खबर प्रकाशित की, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा। सुनवाई के दौरान जस्टिस सुंदरेश के आदेश पर वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट से सहमति -शेष पृष्ठ दो पर

### दिल्ली दंगे मामले में दिल्ली पुलिस को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली में 2020 में हुए दंगों के आरोपियों में शामिल जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्रों शरजील इमाम, उमर खालिद और अन्य की ज़मानत याचिकाओं पर सोमवार को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, एएम सिंघवी और अन्य की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद नोटिस जारी किया। उन छात्रों को दंगों में एक बड़ी साजिश रचने के आरोप में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था। खालिद और अन्य 2020 से दंगों के सिलसिले में जेल में हैं। पुलिस के मुताबिक, दंगों में 53 लोग मारे गए थे और 700 से ज्यादा घायल हुए थे। अधिवक्ता सिंघवी ने अदालत से अंतरिम ज़मानत याचिका पर भी नोटिस जारी करने का अनुरोध किया।

# पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के साथ न्याय करे मोदी सरकार: राहुल

■ कहा: केंद्र की तरफ से व्यापक राहत पैकेज दिया जाए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि राज्य के लिए केंद्र की तरफ से व्यापक राहत पैकेज दिया जाना चाहिए।

श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि पंजाब को बाढ़ की वजह से लगभग 20,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। ऐसे में प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 1600 करोड़ रुपये का प्रारंभिक राहत पैकेज पंजाब के लोगों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि लाखों घर उजड़ गए हैं और चार लाख एकड़ से ज्यादा भूमि पर फ़सल बाढ़ के कारण बर्बाद हो गई है। किसानों को पशुधन की बड़ी हानि हुई है और बड़ी संख्या में किसानों के जानवर बह गए हैं।

# डुसू इलेक्शन की ईवीएम व पेपर ट्रेल्स प्रिजर्व होंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश, एनएसयूआई ने चुनाव में गड़बड़ी का लगाया था आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली यूनिवर्सिटी स्टूडेंट यूनियन (डुसू) इलेक्शन में इस्तेमाल किए गए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) और इससे जुड़े पेपर ट्रेल्स को प्रिजर्व यानी संरक्षित करने का आदेश दिया है।

वोटिंग के दौरान ईवीएम में छेड़छाड़ के आरोपों के आधार पर दायर की गई याचिका पर हाईकोर्ट ने सुनवाई की। पूर्व डुसू अध्यक्ष रौनक खत्री और इस साल अध्यक्ष पद की उम्मीदवार रही एनएसयूआई की जोस्लिन नंदिता चौधरी ने ये याचिका दायर की थी। उनका आरोप है कि 18 सितम्बर, 2025 को हुए मतदान में ईवीएम से छेड़छाड़ की गई थी। इसलिए चुनाव को रद्द कर ज्यूडिशियल मॉनिटरिंग में दोबारा चुनाव कराए जाएं। कोर्ट ने कहा कि रिट याचिका इस प्रेयर के साथ दायर की गई है कि अध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान की प्रक्रिया को रद्द किया जाए, क्योंकि ईवीएम में छेड़छाड़ हुई है। याचिका के अनुसार, कई कॉलेजों में मतदान के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। खासकर आरोप यह है कि ईवीएम पर बैलेट डिस्प्ले में एबीवीपी के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के नाम के सामने नीली स्याही से निशान लगे हुए थे।

### युवक ने की कॉकपिट का दरवाजा खोलने की कोशिश, हिरासत में

**वाराणसी।** बेंगलूर से वाराणसी आ रहे एयर इंडिया के विमान का हवा में कॉकपिट का दरवाजा खोलने की कोशिश करने वाले युवक को वाराणसी एयरपोर्ट में हिरासत में ले लिया गया है। पायलट को इस बात की जानकारी होते ही एयर ट्रैफिक कंट्रोल को इस बात की जानकारी दी। एटीसी ने एयरपोर्ट प्रशासन को इसकी सूचना दी। विमान के एयरपोर्ट पर लैंड होते युवक को सीआईएसएफ ने हिरासत में ले लिया। स्थानीय पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गई है। बताया जा रहा है कि एयर इंडिया की फ्लाइट (आईएक्स -1086) में सवार युवक टॉयलेट का दरवाजा समझ कर खोलने का प्रयास कर रहा था। फूलपुर थाना प्रभारी ने बताया कि युवक के साथ आठ लोग थे। कुल नौ लोगों से पूछताछ चल रही है। सभी लोग बेंगलूर से काशी दर्शन पूजन करने आए है।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 9953305014

# मोदी ने देशवासियों से मेड इन इंडिया उत्पाद खरीदने को कहा

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ प्रधानमंत्री ने देशवासियों को लिखा खुला पत्र, दुकानदारों से की मेड इन इंडिया उत्पाद बेचने की अपील

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव पर देशवासियों को खुला पत्र लिखा है। पीएम मोदी ने लोगों को लिखे पत्र में कहा कि इस वर्ष त्योहारों में हमें एक और उपहार मिल रहा है।

22 सितम्बर से अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू होने के साथ ही पूरे देश में जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हो गई है। इन रिफॉर्म्स से किसान, महिला, युवा, गरीब, मध्यम वर्ग, व्यापारी, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग, सभी को फायदा होगा। पीएम मोदी ने कहा कि नए जीएसटी रिफॉर्म्स की विशेषता यह है कि अब मुख्य रूप से सिर्फ दो ही दरें रहेंगी। रोज़मर्रा की जरूरी चीजें जैसे खाना, दवाइयां, साबुन, टूथपेस्ट और कई अन्य सामान अब जीरो टैक्स- यानी 5 फीसदी की दर से ही मिलेंगे। बाकी सामानों पर टैक्स दरें भी कम हुई हैं। घर और परिवार से जुड़ी ज्यादातर चीजें और सेवाएं अब 5 फीसदी टैक्स दर से ही उपलब्ध होंगी। यानी इंश्योरेंस से लेकर घर के सामान तक सब सस्ता हुआ है। आने वाले समय में और आसान होता जाएगा। नए इंश्योरेंस प्लान भी अब जीएसटी को छोड़कर ही दिए जाएंगे। उन्होंने लिखा कि मुझे ये देखकर अच्छा लगा कि कई -शेष पृष्ठ दो पर

### मोदी बोले- कांग्रेस ने नॉर्थईस्ट को नजरअंदाज किया

**ईटानगर, त्रिपुरा।** पीएम अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा के दौरे पर हैं। उन्होंने अरुणाचल के ईटानगर में 5,100 करोड़ रुपये के नए प्रोजेक्ट्स की नींव रखी। उन्होंने कहा कि अरुणाचल को कांग्रेस ने नजरअंदाज किया। हमारा पूरा नॉर्थ ईस्ट छूट गया। जब मुझे सेवा का अवसर दिया, तो मैंने कांग्रेसी सोच से देश को मुक्ति दिलाई। हमारी प्रेरणा इसी राज्य में वोटों और सीटों की संख्या नहीं, नेशन फर्स्ट की भावना है। पीएम ने कहा कि जिनको कभी किसी ने नहीं पूछा उनको मोदी पूजता है। इसलिए जिस नॉर्थ ईस्ट को कांग्रेस ने भुला दिया था वो 2014 के बाद विकास की प्राथमिकता बन गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### छुट्टी के बाद मुख्य सचिव शशि प्रकाश ने संभाला कार्यभार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल ने सवा महीने की छुट्टी के बाद नवरात्र के पहले दिन कार्यभार संभाल लिया है। आज वह अपने कार्यालय में बैठे और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। दरअसल स्वास्थ्य कारणों के चलते वह छुटी पर चल रहे थे। एसपी गोयल की छुटी के दौरान उनके सारे पद कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार को सौंप दिए गए थे। गौरतलब है कि आईएएस अधिकारी शशि प्रकाश गोयल ने 31 जुलाई को उत्तर प्रदेश के नए मुख्य सचिव का पदभार ग्रहण किया था। 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी गोयल इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव और नागरिक उड्डयन, संपदा एवं प्रोटोकॉल विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव के रूप में कार्यरत थे। वह उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त स्थानिक आयुक्त भी थे। गोयल ने मनोज कुमार सिंह का स्थान लिया था, जो 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हुए थे।

### मीट बिक्री पर रोक की मांग पर सियासी पारा चढ़ा

**लखनऊ।** आज से शुरू हुए शारदीय नवरात्र के दौरान मीट बिक्री पर रोक लगाने की मांग ने राजनीतिक पारा बढ़ा दिया है। अब इस मामले पर असदुद्दीन ओवैसी के पार्टी नेता सैयद असीम वकार ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। साथ ही भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। एआईएमआईएम नेता सैयद असीम वकार ने तंज कसते हुए कहा कि लीगल का गोश्त बिकेगा और इल्लीगल का नहीं बिकेगा। यह सरकार सिर्फ हिन्दू-मुस्लिम करके देश को बांटना चाहती हैं।

# जीएसटी सुधार पर योगी ने व्यापारियों व ग्राहकों से किया संवाद

**गोरखपुर, वार्ता**

नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म यानी अगली पीढ़ी के लिए जीएसटी सुधार सोमवार से लागू हो गए, जिसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश सरकार द्वारा पूर्व में तय जीएसटी रिफॉर्म जागरूकता अभियान के पहले चरण की शुरुआत खुद व्यापारियों और ग्राहकों के बीच जनसंपर्क करके की।

मुख्यमंत्री ने सोमवार पूर्वाह्न पदयात्रा कर झूलेलाल मंदिर से गोरखनाथ मंदिर मार्ग तक कारोबारी प्रतिष्ठानों में जाकर कारोबारियों और वहां मिले ग्राहकों से बात की और जीएसटी सुधारों पर उनकी प्रतिक्रिया जानी। उन्होंने कारोबा. रियों से आग्रह किया मोदी सरकार से उपहार स्वरूप घटी



जीएसटी का लाभ ग्राहकों को अवश्य दें और साथ ही स्वदेशी उत्पादों को बघवा देने के लिए प्रतिष्ठानों पर गर्व से कहो यह स्वदेशी है का पोस्टर भी लगाएं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में जीएसटी परिषद ने तीन सितम्बर की बैठक में कर सुधारों का निर्णय लिया था। ये निर्णय सोमवार से प्रभावी हो गए। इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गत दिनों एक समीक्षा बैठक में 22 सितम्बर से 29 सितम्बर तक 'जीएसटी रिफॉर्म जागरूकता अभियान' का पहला चरण शुरू करने का निर्णय लिया था। इसका शुभारंभ सोमवार को उन्होंने खुद पदयात्रा, जनसंपर्क और संवाद से किया। 'जीएसटी रिफॉर्म जागरूकता अभियान' के तहत मुख्यमंत्री ने झूलेलाल मंदिर से गोरखनाथ मंदिर मार्ग तक पदयात्रा की और मार्ग पर स्थित कई दुकानों में जाकर व्यापारियों और ग्राहकों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जीएसटी की घटी दरों को लेकर उनसे संवाद किया। उन्हें जीएसटी की घटी दरों से संबंधित एक स्टीकर और गुलाब का फूल दिया।

### जीएसटी की नई दर लागू होने के बाद वैष्णव पहुंचे व्यापारियों के बीच

**नई दिल्ली।** देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरें लागू होने के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के आर के पुरम सेक्टर आठ की मार्केट में पहुंचे और व्यापारियों से संवाद किया। वैष्णव ने व्यापारियों से बातचीत के दौरान जीएसटी में नए सुधार को लेकर सरकार की मंशा और नीयत को उनके सामने रखा। उन्होंने जनता के साथ-साथ व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए इन सुधारों को ऐतिहासिक बताया और कहा कि ए सुधार 140 करोड़ से अधिक भारतीयों को राहत देंगे, खपत बढ़ाएंगे और अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करेंगे।

# यूपी में 10 गुना बढ़ी नगर आयुक्त की पॉवर

## मेयर भी मंजूर कर सकेंगे पांच करोड़ के प्रोजेक्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने शहरों के विकास को गति देने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसमें नगर निगमों में कमिश्नर को 1 करोड़ और मेयर को 5 करोड़ रुपये तक के वित्तीय ताकत दी है।

इस फैसले से नगरायुक्त और मेयर बड़े प्रोजेक्ट भी अपने स्तर पर स्वीकृत कर सकेंगे। इससे बड़े प्रोजेक्ट के लिए शासन से मंजूरी की जरूरत नहीं रहेगी। इसमें निगम कमिश्नर अपने स्तर पर जहां एक करोड़ के प्रोजेक्ट पास कर सकते हैं, वहीं मेयर के पास अब 5 करोड़ रुपये तक की वित्तीय पॉवर होगी। अभी तक नगरायुक्त के पास महज 10 लाख रुपये तक की पॉवर थी, जबकि मेयर 15 लाख तक के प्रोजेक्ट ही मंजूर कर पाते थे।विभिन्न शहरों की लोकल लेबल पर जरूरतों और सरकार से अप्रूवल में देरी की वजह से होने वाली परेशानियों की वजह वित्तीय पॉवर में संशोधन का प्रस्ताव काफी पहले ही आ गया था। हालांकि अब सरकार ने इस प्रस्ताव के गुण-दोष की विवेचना के बाद मंजूरी दे दी है। सरकार के इस फैसले से नगरायुक्त और मेयर की वित्तीय पॉवर दस गुना से भी ज्यादा बढ़ जाएगी। इससे शहर में विकास के बड़े प्रोजेक्ट को भी स्थानीय स्तर पर मंजूर किया जा सकेगा। बड़ी बात यह कि इस तरह के प्रोजेक्ट के लिए स्थानीय निकाय को शासन की मंजूरी का इंतजार नहीं करना होगा। अधिकारियों के मुताबिक इस एक फैसले से सरकार ने कई शिकार किए हैं। इसमें एक तरफ मेयर की वित्तीय पॉवर बढ़ाकर उन्हें खुश किया है। इससे शहर के विकास में तेजी आएगी। इसी के साथ मैन्यूअल टेंडर में होने वाली धांधली पर भी अंकुश लगाने की कोशिश की है।

# मोदी देश-विदेश में लाखों लोगों के लिए प्रेरणा: राधाकृष्णन

**नई दिल्ली, वार्ता**

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोगों की भावनाओं की गहरी समझ है, उसी के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन करते है, जिससे देश-विदेश में लाखों लोगों के लिए वह प्रेरणा हैं।

श्री राधाकृष्णन ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषणों पर आधारित संकलित पुस्तकों, 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' का विमोचन किया। प्रधानमंत्री के दूसरे कार्यकाल के चौथे और पांचवें वर्ष के चुनिंदा भाषणों वाली ये पुस्तकें कई मायनों में सुशासन के प्रति उनके दृष्टिकोण और दृष्टिकोण को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि मोदी देश-विदेश में लाखों लोगों के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछले ग्यारह वर्षों में निरंतर



जनहितैषी कार्य करके देश के अंतिम छोर पर रहने वाले लोगों को भी सीधे लाभ पहुंचाने का काम किया किया। उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। मोदी जनता के लिए सच्चे मन से काम करते हैं और बदले में कुछ भी अपेक्षा नहीं करते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाए जाने के बावजूद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हमेशा मोदी को अपना अच्छा मित्र बताया है। प्रधानमंत्री मोदी रूसी राष्ट्रपति पुतिन के भी घनिष्ठ मित्र हैं। इसी प्रकार अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में मतभेदों के बावजूद चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के मोदी के साथ अच्छे संबंध हैं।

## आदेश: वाहनों पर नहीं लिख सकेंगे जाति के स्लोगन व नारे

# यूपी में जातीय रैलियों पर लगा प्रतिबंध

**लखनऊ, वार्ता**

इलाहाबाद हाईकोर्ट की सख्ती के बाद उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने एफआईआर से लेकर चार्जशीट तक में से जाति का कालम हटा दिया है। इसी के साथ सरकार ने जातीय रैलियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। सरकार के इस फैसले के तहत अब प्रदेश में कहीं भी न तो सार्वजनिक तौर पर जाति का उल्लेख होगा और न ही कानूनी या सरकारी दस्तावेजों में ही जातियों का जिक्र किया जाएगा। इस संबंध में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव ने सभी पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के लिए गाइडलाइन जारी कर दी है।

पिछले दिनों इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार को कठोर दिशा निर्देश दिए थे। इसके बाद उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव ने भी

▪ **एफआईआर में भी जाति का जिक्र नहीं हो सकेगा होगा माता-पिता का नाम**

अपने आदेश में इसे जाति आधारित राजनीति और सामा. जिक भेदभाव पर रोक लगाने के लिए अहम कदम बताया है। कार्यवाहक मुख्य सचिव दीपक कुमार ने अपने आदेश में साफ तौर पर कहा है कि अब प्रदेश में कहीं कोई जातीय रैलियां नहीं होंगी। इसी के साथ सरकारी दस्तावेजों में से भी जाति का कालम हटाने को कहा है। अभी तक एफआईआर, गिरफ्तारी मेमो समेत पुलिस के अन्य दस्तावेजों में शिकायतकर्ता या आरोपियों की जाति का उल्लेख अनिवार्य रूप से किया जाता था।

इसी प्रकार प्रशासनिक दस्तावेजों में भी जाति का उल्लेख करने की परंपरा रही है। अब मुख्य सचिव के आदेश के बाद इनमें से किसी भी दस्तावेज में न तो जाति का उल्लेख होगा और न ही कहीं सार्वजिनक स्थान पर जाति को लेकर चर्चा होगी। इसी क्रम में जातीय रैलियां पर भी रोक लगाई गई है। सरक. ारी दस्तावेजों में पहचान के तौर पर जाति का जिक्र होता था, लेकिन अब जाति के स्थान पर संबंधित के माता-पिता का नाम लिखा जाएगा।

### जातिवाद का खेल खुल कर खेलने के लिए लाया गया आदेश : सपा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कार्यवाहक मुख्य सचिव द्वारा राज्य में जातिगत गत भेदभाव समाप्त करने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर जाति के उल्लेख करने पर रोक लगाने के दिए गए आदेश का समा. जवादी पार्टी ने विरोध किया है। पार्टी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट किया, जब जातिवाद करते हुए ये भाजपा सरकार और इसके जिम्मेदार जनता द्वारा पकड़े गए, जब इन भाजपाइयों का अपना जातिवाद खुल गया, जब पीडीए ने इन भाजपाई जातिवादियों से नियुक्तियों और व्यवस्था में व्याप्त इनका स्वजातिवाद पूछ लिया तो पीडीए से घबरा कर ये नियम ले आए हैं, इस नियम के पीछे भी इन भाजपाइयों की मंशा जातिवाद का खेल और खुलकर खेलने की है, पीडीए रुकेगा नहीं, बल्कि पीडीए इन भाजपाइयों से सवाल पूछता रहेगा।

### अखिलेश ने उठाए पांच सवाल

**लखनऊ।** अखिलेश ने इस कदम को दिखावा करार देते हुए कई सवाल उठाए हैं। उन्होंने सोमवार को अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा कि क्या यह फैसला 5000 साल पुरानी जातिगत मानसिकता को खत्म कर पाएगा? अखिलेश यादव ने अपने पोस्ट में पांच प्रमुख सवाल उठाए। उन्होंने पूछा- और 5000 सालों से मन में बसे जातिगत भेदभाव को दूर करने के लिए क्या किया जाएगा? वस्त्र, वेशभूषा और प्रतीक चिन्हों से जाति-प्रदर्शन को मिटाने के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे? किसी से मिलने पर नाम से पहले जाति पूछने की मानसिकता को खत्म करने के लिए क्या उपाय होंगे? किसी का घर धुलवाने जैसे जातिगत भेदभाव को समाप्त करने और झूठे आरोप लगाकर बदनाम करने की साजिशों को रो. कने के लिए क्या योजना है?

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 82626.23
निफ्टी 25327.05

सोना रु. 111330
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 128000
प्रति किलो




# लगातार दूसरे दिन लुढ़के शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिका द्वारा एच-1बी वीजा के शुल्क में बढ़ोतरी से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में शुरुआती कारोबार में बिकवाली हावी रही और आईटी तथा टेक कंपनियों में बड़ी गिरावट देखी गई। इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टीसीएस के शेयरों में दो से ढाई प्रतिशत के बीच गिरावट चल रही थी।

बीएससी का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 475.16 अंक की गिरावट के साथ 82,151.07 अंक पर खुला। हालांकि बाद में इसकी गिरावट कुछ कम हुई और खबर लिखे जाते समय यह पिछले कारोबारी दिवस की तुलना में 154. 95 अंक (0.15 प्रतिशत) नीचे 82,471. 28 अंक पर था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 सूचकांक भी 88. 95 अंक की गिरावट में 25,238.10 अंक पर खुला और खबर लिखे जाते समय 31. 30 अंक यानी 0.12 प्रतिशत गिरकर 25,296 अंक पर था। आईटी के अलावा



फार्मा, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद सेक्टरों में गिरावट देखी गई। वहीं बैंकिंग, ऑटो, धातु और एफएमसीजी सेक्टरों के शेयरों में लिवाली का जोर रहा। आईटी कंपनियों के अलावा एलएंडटी और एयरटेल भी गिरावट में रहने वाली प्रमुख कंपनियों थे। वहीं, अल्ट्राटेक सीमेंट, अडानी पोर्ट्स, ट्रेंट और इंटरनल के शेयरों में तेजी थी। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने 21 सितम्बर से एच1बी वीजा के लिए 1,00,000 डॉलर का शुल्क लगा दिया है। हालांकि बाद में यह स्पष्टीकरण दिया गया कि यह शुल्क पुराने बीमाधारकों पर लागू नहीं होगा और सिर्फ नए वीजा के लिए आवेदन करते समय चुकाना पड़ेगा।

### जीएसटी 2-0 से आसान होगा जीवनयापन: फिक्की

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योग परिसंघ (फिक्की) ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत सोमवार से लागू अगली पीढ़ी के सुधारों का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे आम लोगों का जीवनयापन आसान होगा। फिक्की के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने एक बयान में कहा, षफिक्की आज से जीएसटी 2-0 के लागू होने का स्वागत करता है। संशोधित ढांचा एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों) के लिए अनुपालन संबंधी बोझ को कम करेगा, 'मेक इन इंडिया' उत्पादों की लागत प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करेगा और जीवन को आसान बनाएगा। उल्लेखनीय है कि देश में सोमवार से जीएसटी के हालिया सुधार लागू हो गए हैं। इसके तहत स्लैब की संख्या चार से घटाकर दो कर दी गई है। आम लोगों के इस्तेमाल की अधिकतर चीजों पर कर की दर शून्य या पांच प्रतिशत कर दी गई है।

### चांदी के बाद अब सोने ने तोड़े सभी रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** एमसीएक्स में अचानक सोने की रफ्तार तेज हो गई। सुबह चांदी में भी तेजी देखी गई थी। उस समय सोने में भी बढ़ोतरी हो रही थी, हालांकि ये इतनी ज्यादा नहीं थी। लेकिन अब सोने की रफ्तार चांदी तेज हो गई। सोने ने सोमवार दोपहर 12 बजे के आसपास एक नया रिकॉर्ड बनाया है। आईबीजेए में सोमवार को 24 कैरेट सोने का भाव 109775 रुपये दर्ज किया गया है।। इसमें 1209 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी है। सोने ने अब तक 110202 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंचकर लो रिकॉर्ड और 109847 रुपये पहुंचकर हाई रिकॉर्ड बनाया है। दोपहर 1 बजे 1 किलो चांदी की कीमत 132,457 रुपये दर्ज की गई है। इसमें 2619 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी देखी जा रही है। चांदी ने अब तक 130658 रुपये प्रति किलो पहुंचकर लो रिकॉर्ड और 132665 रुपये पहुंचकर हाई रिकॉर्ड बनाया है।

# चावल-गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़, दालों में आया उबाल

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिस बाजारों में सोमवार को चावल के दाम बढ़ गए। गेहूं में भी तेजी रही। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया, जबकि चीनी और दालों में तेजी रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसम्बर वायदा 17 रिंगिट की बढ़त में 4,442 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50.17 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिस बाजारों में चावल की औसत कीमत 130 रुपए बढ़कर 3,875.45 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं भी सात रुपए महंगा हुआ और 2,870.42 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत 3,325.15 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सूरजमुखी तेल 95 रुपए और वनस्पति 267 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। अन्य तेलों में गिरावट रही। सरसों तेल औसतन पांच रुपए और मूंगफली तेल 41 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। पाम ऑयल 70 रुपए और सोया तेल 50 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। दाल-दलहनों



में आज तेजी का रुख रहा। तुअर दाल की औसत कीमत 185 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। उड़द दाल में 58 रुपए और मूंग दाल में 168 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी दर्ज की गई। मसूर दाल 184 रुपए और चना दाल 131 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 104 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी 18 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7956. 51 रुपए, मसूर काली 8185.87 रुपए, मूंग दाल 10145.57 रुपए, उड़द दाल 10460.99 रुपए, अरहर दाल 10589.67 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2870.42 रुपए और चावल 3875.45 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4316.01 रुपए और गुड़ 5018.68 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**पीओके एक...** तबाह किए गए। जैश-ए-मोहम्मद का एक बड़ा आतंकी कह रहा था कि मसूद अजहर के परिवार को भारत ने तबाह कर दिया। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने आतंकियों को उनके धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि उनके कर्म (अपराध) देखकर मार गिराया। उन्होंने कहा कि आतंकवादी हमारे लोगों को धर्म पूछकर मारते हैं, लेकिन भारत ने उनका धर्म नहीं देखा, सिर्फ उनके बुरे काम देखकर जवाब दिया है। राजनाथ सिंह ने मोरक्को की राजधानी रबात में भारतीय समुदाय से मुलाकात और चर्चा की। राजनाथ सिंह मोरक्को के रक्षा मंत्री अब्देलतीफ लाउदिई के साथ बैठक करेंगे। इसमें दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग पर एक समझौता (एमओयू) होने की संभावना है। इस समझौते के तहत प्रशिक्षण, रक्षा उद्योग और नौसेना के सहयोग को बढ़ाया जाएगा। भारतीय नौसेना के जहाज पहले भी अक्सर मोरक्को के कासाब्लांका बंदरगाह जाते रहे हैं। भारत ने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इसके तहत भारत ने बहावलपुर, मुरीदके, मुजफ्फराबाद सहित पाकिस्तान के 7 शहरों में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया था, जिनमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए।

**मानहानि को...** जताते हुए कहा कि राहुल गांधी का मामला भी इसी तरह विचाराधीन है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने प्रोफेसर अमिता सिंह को नोटिस भेजा। 2017 में दिल्ली की एक मेट्रोपॉलिटन अदालत ने मीडिया संस्थान के एडिटर और डिप्टी एडिटर को मानहानि मामले में समन भेजा था। 2023 में दिल्ली हाईकोर्ट ने यह समन रद्द कर दिया। लेकिन 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का फैसला पलटते हुए केस को दोबारा मजिस्ट्रेट कोर्ट में भेज दिया। इसके बाद मई 2025 में हाईकोर्ट ने फिर से समन को सही ठहराया। इसके खिलाफ मीडिया संस्थान और डिप्टी एडिटर ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। याचिका में कहा गया, अब नया कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएसएस) लागू है। इसके सेक्शन 223 के अनुसार केस की सुनवाई शुरुआती स्तर पर ही होनी चाहिए। हालांकि हाईकोर्ट का मानना है कि चूंकि शिकायत 2016 की है, इसलिए नया कानून लागू नहीं होगा। दरअसल, भारत उन कुछ लोकतांत्रिक देशों में शामिल है जहां मानहानि को अब भी आपराधिक अपराध माना जाता है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 356 इसके लिए सजा का प्रावधान करती है। पहले यही प्रावधान आईपीसी की धारा 499 में था, जिसकी संवैधानिक वैधता को सुप्रीम कोर्ट ने 2016 में सही ठहराया था। 2016 में सुब्रमण्यम स्वामी बनाम भारत सरकार मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि आपराधिक मानहानि कानून बोलने की आज़ादी पर एक जरूरी रोक है और यह लोगों के जीवन और सम्मान की रक्षा करता है।

**मोदी ने...** दुकानदार और व्यापारियों ने अपने यहां 'पहले और अब' के बोर्ड लगाए हैं, जिसमें लोगों को दिखाया जा रहा है कि कोई सामान कितना सस्ता हो गया है। हमारी जीएसटी यात्रा 2017 में शुरू हुई थी। तब सरकार ने अनेक वस्तुओं के टैक्सों को खत्म कर कारोबारियों को बहुत राहत मिली थी। अब ये नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफार्म्स हमें और आगे ले जा रहे हैं। इसमें सिस्टम को और सरल बनाया गया है। इससे हमारे दुकानदार साथियों, लघु उद्योगों की सहूलियत और बढ़ेगी। पीएम मोदी ने कहा कि नागरिक देवो भव हमारा मंत्र है। पिछले 11 वर्षों में हमारे प्रयासों से 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। देश में एक बड़ा मिडिल क्लास तैयार हुआ है। अब इसे और सशक्त बनाना हमारा संकल्प है।

हमारे मध्यम वर्ग की मेहनत को मजबूती देने के लिए 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक की आयकर में छूट दी जा चुकी है। अब जीएसटी रिफॉर्म्स से भी मध्यम वर्ग को सीधे लाभ मिल रहा है। नए जीएसटी रिफॉर्म्स को लागू करने से देशवासियों को सालाना लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये बचेंगे। उन्होंने लिखा, देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के हमारे संकल्प को सिद्ध करने के लिए आत्मनिर्भरता का रास्ता बहुत महत्वपूर्ण है। अभी जो नए जीएसटी रिफॉर्म्स आए हैं, उनसे आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी तेज गति मिलेगी। आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक है कि हम स्वदेशी को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। जब भी आप अपने देश के कारीगरों, श्रमिकों और इंडस्ट्री के बनाए सामान को खरीदते हैं, तो आप कई परिवारों की रोजी-रोटी में मदद करते हैं और देश के युवाओं के लिए रोजगार पैदा करते हैं। पीएम मोदी लोगों से अपील करते हुए लिखा कि मैं अपने दुकानदारों और व्यापारियों से भी अपील करता हूं कि वे स्वदेशी सामान ही बेचें। आइए गर्व से कहें, ये स्वदेशी है। आपके घर की बचत बढ़े, आपके सपने पूरे हों, आप अपने पसंद की चीजों को और त्योहारों की खुशी को बढ़ाएं...इसी यही कामना है। एक बार फिर, मैं आपको नवरात्रि के साथ ही 'जीएसटी बचत उत्सव' की शुभकामनाएं देता हूं।

### जीएसटी सुधारों का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाना सरकार के लिए चुनौती

**लखनऊ।** केंद्र सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती कर बड़ी राहत दी है। जीएसटी स्लैब को सरल बनाया है और कई वस्तुओं पर कर कम किया है, लेकिन अधिकारियों की मानें, तो राज्य स्तर पर इसे लागू करना मुश्किल साबित हो सकता है, क्योंकि खुदरा विक्रेताओं और ग्राहकों के बीच कुछ चीजों को लेकर विवाद की भी आशंका बनी हुई है।

उत्तर प्रदेश के अधिकारियों की मानें, तो इसको लागू करने में कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।अधिकारियों की मानें, तो वो यह सुनिश्चित करने की तैयारी कर रहे हैं कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती वास्तव में उपभोक्ताओं तक पहुंचे, क्योंकि नई दरें सोमवार से पूरे देश में लागू हो रही हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# खो-खो में बादशाहपुर व कोठी ने मारी बाजी

## जेएस हिन्दू इंटर कालेज में हुई प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** खो-खो 17 वर्षीय बालक वर्ग का फाइनल कोठी खिदमतपुर जबकि 19 का बादशाहपुर ने जीता।

माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा जेएस हिन्दू इंटर कालेज में सीनियर व सब जूनियर बालक वर्ग खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 14 वर्ष में कोठी खिदमतपुर ने जीत हासिल की। इसके बाद 17 वर्षीय बालक का फाइनल मैच कोठी व बादशाहपुर के बीच हुआ। जिसमें कोठी खिदमतपुर ने बाजी मारी। अंडर 19 बालक वर्ग का फाइनल बादशाहपुर व कोठी खिदमतपुर के बीच हुआ। जिसमें बादशाहपुर ने जीत हासिल की। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवेश कुमार यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाएं सामने आती हैं। समय समय पर इनका आयोजन विद्यालयों द्वारा कराया जाना जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्र में छिपी प्रतिभाएं बड़े स्तर पर निखरकर देश ही नहीं बल्कि दूसरे देशों में भी नाम रौशन करती हैं। इस मौके पर प्रधानाचार्य डा. जीपी सिंह, विजय सिंह, सुरेन्द्र सिंह, राजवीर सिंह, मुनेन्द्र सिंह, वीर सिंह, शिवकुमार, शूरवीर त्यागी, लो. केश कुमार, राजवीर सिंह, ओवेस जाहिर, मनजीत सिंह आदि मौजूद रहे।



## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** चौपला पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी से उसे फर्स्ट एड के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार बिजौरा गांव निवासी इसरार बाइक से गजरौला आया था। चौपला के पास उसे एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां से गुजर रहे लोगों ने इसकी सूचना 108 एंबुलेंस को दी, जिसके माध्यम से घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्साधीक्षक डॉ.योगेंद्र सिंह ने फर्स्ट एड के बाद उसे हॉयर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने तहरीर मिलने पर कार्रवाई की बात कही।

# छेड़छाड़ के आरोपी व दोस्त हिरासत में

## मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** युवती को गांव से बाहर बुलाकर छेड़छाड़ करने वाले शहर निवासी युवक व उसके दोस्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में किसान का परिवार रहता है। उनकी बेटी शहर के मोहल्ला पचदरा के रहने वाले नजर रजा नकवी से फोन पर बातचीत करती थी। आरोप है कि 18 सितंबर को दोस्त अंसार के साथ गांव पहुंचे नजर रजा नकवी ने मुलाकात के बहाने से युवती को घर से गांव के बाहर बुला लिया। उसके साथ छेड़छाड़ की, युवती ने जब इस हरकत का विरोध किया तो नजर नकवी ने जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों से बचकर किसी तरह घर पहुंची युवती ने परिजनों को आपबीती सुना दी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी नजर रजा नकवी व उसके दोस्त अंसार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# पहले नवरात्र को किया मां शैलपुत्री का गुणगान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पहले नवरात्र पर माता के भक्तों द्वारा मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई। सुबह से ही देवी मंडपों में भक्तों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। माता के जयकारों की गूंज दूर तक सुनाई दे रही थी। सारा वातावरण भक्ति से ओतप्रोत दिखाई दिया।

सोमवार से नवरात्र के पवित्र माह की शुरूआत हो गई। माता के भक्तों द्वारा घरों में कलश स्थापना की। इसी के साथ मां शैलपुत्री का गुणगान शुरू हो गया। हर तरफ माता के जयकारों की गूंज सुनाई दे रही थी। नगर के प्रसिद्ध श्रीवासुदेव तीर्थ पर भक्तों की भारी भीड़ दिखाई दी। वह उनके दर्शन के लिये ललियत थे। श्रद्धालुओं में मान्यता है कि उनकी पूजा कराने से घर में खुशहाली के साथ सुख समृद्धि का आवागमन होता है। इतना ही नहीं मानसिक तनाव भी दूर हो जाता है। नगर के अधिकांश मंदिरों पर पूजा के लिये श्रद्धालु मौजूद नजर आ रहे थे। हर तरफ भक्ति की ब्यार उड़ रही थी। पहला नवरात्र पर खासकर नवयुवतियों द्वारा व्रत रखे गये तथा देर सांय कुटटे के आटे से बनी पकौड़ी का सेवन किया। मौहल्ला चौक स्थित यादव मंदिर, कालाकुआं स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर, कोट स्थित रियासत वाले मंदिर, गंगा मंदिर आदि पर भक्तों की सुबह से भीड़ जुटी रहीं। आज से शुरू हुआ भक्ति का यह आगमन पूरे नौ दिन तक बरकरार रहेगा।

## शैलपुत्री की पूजा को मन्दिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा विधि विधान से की गई। नगर में मां चामुंडा मंदिर के साथ-साथ विभिन्न मंदिरों में भक्तों ने मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की। इस दौरान चामुंडा मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिरों पर पुलिस बल को तैनात किया गया था।

सोमवार से शारदीय नवरात्र शुरू हो गये हैं। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन श्रद्धालुओं ने चामुंडा मंदिर पहुंचकर माता के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की। चामुंडा मंदिर के पुजारी सोमनाथ शर्मा ने बताया कि माता का यह रूप सती, पार्वती, दुर्गा और उमा जैसे अनेक नामों से प्रसिद्ध है। पूर्व जन्म में इनके पिता राजा दक्ष थे। राजा दक्ष ने प्रजेश होने पर यज्ञ किया। परंतु दामाद शिव को नहीं बुलाया।माता सती की कथा है प्रचलित सती भगवान शंकर की स्वीकृति के बिना पिता के यहां चली गई। यज्ञ स्थल पर अपना तिरस्कार एवं शिव का आसन न देखकर कुपित सती यज्ञाग्नि में कूद पड़ीं। उधर, शिव की समाधि भंग हुई तो उन्होंने वीरभद्र नामक गण को यज्ञ स्थल पर भेजा। वीरभद्र ने यज्ञ शाला का विध्वंस किया और सती के जलते शरीर को लेकर चल पड़ा। धरती पर सती के अंग जिस जिस स्थान पर गिरे, वहां शक्ति पीठ स्थापित हो गए। सती का अगला जन्म शैलराज की पुत्री पार्वती के रूप में हुआ। पर्वतराज की पुत्री होने के कारण माता के इस प्रथम स्वरुप का नाम शैलपुत्री पड़ा। कस्बा उझारी, ढबारसी, सैद नंगली, आदमपुर और रहरा आदि क्षेत्रों में मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टि से माता के मंदिरों के आसपास पुलिस पिकेट को तैनात किया गया।

# पहले नवरात्र पर मन्दिरों में रही भक्तों की भीड़

## मां शैलपुत्री का किया गुणगान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन नगर में आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्राचीन नवदुर्गा मंदिर महादेव पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह चार बजे से ही मंदिर परिसर भक्तों से खचाखच भर गया और माता रानी के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। पंडित हरिओम त्रिवेदी ने बताया शारदीय नवरात्र शक्ति उपासना का सबसे बड़ा पर्व है। माता रानी के दरबार में जो श्रद्धालु नतमस्तक होते हैं, उनकी मनो. कामनाएँ पूर्ण होती हैं। आज प्रथम दिन माता नवदुर्गा का भव्य श्रृंगार कर विशेष पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही नगरवासियों ने बड़ी आस्था के साथ दर्शन किए। हमारी यही कामना है कि मां दुर्गा सबके जीवन में सुख-समृद्धि, शांति और स्वास्थ्य प्रदान करें। नवरात्र केवल पूजा का ही नहीं, बल्कि आत्मिक शुद्धि और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने का भी अवसर है। मंदिर समिति की देखरेख में पंडित हरिओम त्रिवेदी द्वारा मां दुर्गा का भव्य श्रृंगार किया गया। माता के अलौकिक स्वरूप ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। भक्तगण माता के दरबार में दीप जलाकर नतमस्तक हुए और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। श्रृंगार के उपरांत वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विशेष आरती सम्पन्न हुई। इसके बाद भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद ग्रहण करने के लिए सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। मंदिर परिसर में सुबह से लेकर देर शाम तक भक्ति गीतों और भजन संध्या का आयोजन हुआ। ढोल-नगाड़ों और शंखध्वनि से वातावरण भक्तिमय बना रहा। नगरवासियों ने इसे नवरात्र की शुभ शुरुआत मानते हुए बड़ी संख्या में भागीदारी की। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से परिवार की खुशहाली, नगर की प्रगति और देश-प्रदेश में सुख-शांति की मंगल कामना की

# डिवाइडर से टकराकर पलटी एम्बूलेंस, छह घायल

## डिडौली में हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** निजी एंबुलेंस डिडौली में फ्लाईओवर पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में एंबुलेंस चालक सहित छह लोग घायल हो गए। घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एंबुलेंस दिल्ली से मुरादाबाद जा रही थी।

हादसा रविवार रात डिडौली में फ्लाईओवर पर हुआ। मुरादाबाद के मोहल्ला जयंतीपुर निवासी अजय कुमार निजी एंबुलेंस चालक है। रात वह मुरादाबाद से एक मरीज लेकर दिल्ली जा रहा था। एंबुलेंस में मयंक, अर्पित, निखिल, विनीत और प्रयास सिंह निवासी लाइनपार मुरादाबाद सवार थे। पुलिस के मुताबिक डिडौली में फ्लाईओवर पर एंबुलेंस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद हाईवे पर पलट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस को सीधा कराकर घायलों को उपचार के लिए जोया सीएचसी में भर्ती कराया

## टेबलेट मिलते ही खिले चेहरे



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** सोमवार को अमर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरित किए गए। टैबलेट प्रकार छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस दौरान उनसे मोबाइल व टैबलेट का प्रयोग ज्ञानार्जन के लिए करने की अपील की गई। प्रबंधक अशोक सैनी ने छात्र-छात्राओं से कहा कि टैबलेट से रील नहीं बनानी है, पढ़ना है और आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंधक अशोक सैनी और प्राचार्य डॉ. अशोक कटारिया ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। महाविद्यालय प्रबंधक अशोक सैनी ने कहा प्रदेश सरकार की टेबलेट वितरण योजना छात्रों के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अशोक कटारिया, निसार अहमद, राजाराम, चन्द्रमोहन, अवनीश, योगेश त्यागी, समरपाल सैनी, विजयपाल सैनी, निशिन सैनी मौजूद रहे।

# न्यायालय में बुनियादी सुविधाएं दिलाई जाएं

## जिला बार ने कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिला न्यायालय परिसर में बुनियादी सुविधाओं की कमी से वकील और वादकारी परेशान हैं। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सलीम खान और अन्य पदाधिकारी सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

अध्यक्ष सलीम खान ने कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देश पर अधिवक्ताओं की शिकायतों के लिए एक कमेटी बनाई गई है। अगस्त में हुई बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) मौजूद थे। लेकिन, सितंबर की बैठक में भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। बताया कि लॉयर्स कैंपस में सड़कें और नालियां नहीं हैं। बरसात में पानी जमा हो जाता है। जलभराव से मच्छरों की संख्या बढ़ जाती है। वकील और वादकारी परेशान होते है। उन्होंने नगर पालिका परिषद को निर्देश जारी



कर सड़क और नालियों के निर्माण की मांग की। ज्ञापन देने वालों में सतीश कुमार त्यागी, इरशाद बेग अय्यूबी, प्रमोद कुमार शर्मा, जगद. ीश सिंह राणा, नदीम अहमद, इमरान खान, विजय सिंह ठाकुर, प्रदीप कुमार गिल, अतुल कुमार सक्सैना आदि मौजूद रहे।

# कार ने बाइक को रौंदा पिता-पुत्र घायल

## डिडौली के समीप मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने बाइक को रौंद दिया। हवा में उछलकर दूर जाकर गिरने से पिता-पुत्र गंभीर घायल हो गए। जिला अस्पताल से चिकित्सकों ने पिता की हालत गंभीर देख देखते हुए मेडिकल कॉलेज मेरठ रेफर कर दिया। मामले में कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव कटाई निवासी वेगराज सिंह रविवार को पितृ अमावस्या पर स्नान के लिए बेटे धर्मेंद्र के साथ बृजघाट गए थे। दोपहर में करीब दो बजे दोनों बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। डिडौली से गुजरते समय पीछे से आ रही तेज रफ्तार ने बाइक में टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पर पीछे बैठे वेगराज के साथ धमेंद्र हवा में उछलकर सड़क पर दूर जाकर गिरे। हादसे न दोनों गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद गंभीर घायल वेगराज सिंह को मेरठ रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही। वहीं, दूसरा हादसा रजबपुर थाना क्षेत्र में हुआ। क्षेत्र के गांव कूबी निवासी जॉनी रविवार को अमरोहा से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वह खालाकपुर पहुंचे अचानक एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।हादसे में जॉनी गंभीर घायल हो गए सूचना मिलते ही पपसरा चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे। तुरंत एंबुलेंस से घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे में पुलिस स्तर पर फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## घर के बाहर खड़ी बाइक में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** रविवार रात एक घर के बाहर खड़ी बाइक में अचानक आग लग गई। इस घटना में बाइक पूरी तरह जलकर राख हो गई। नगर के मोहल्ला होली वाला निवासी गगन शर्मा के बेटे अमन शर्मा रात लगभग साढे़ग्यारह बजे अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी करके अंदर गये थे। तभी अचानक बाइक में भयंकर आग लग गई। आग की लपटें देखकर अमन शर्मा ने शोर मचाना शुरू कर दिया। जिसके बाद आस-पास के लोग इकट्ठा हो गये। घटना की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी गई। लेकिन जब तक टीम मौके पर पहुंचती, तब तक बाइक पूरी तरह जल चुकी थी। इस घटना से रात में पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस हादसे में अमन शर्मा को काफी नुकसान हुआ है।

# मुकुट पूजा से रामलीला का शुभारंभ

## शोभायात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझारी।** न्यू बाल संघ रामलीला कमेटी के तत्वावधान में रामलीला महोत्सव-2025 का शुभारंभ सोमवार को भव्य मुकुट पूजा से हुआ। अग्रवाल धर्मशाला से निकली शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों-भाटोवाला कुआं, सुनारो बाली गली, आजाद चौक, टीपू चौक होती हुई अग्रवाल धर्मशाला पर संपन्न हुई। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूलमालाओं से बारात का स्वागत किया। शोभायात्रा का उद्घाटन हसनपुर के जनप्रिय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ओर हसनपुर ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालु डीजे की धुनों पर



झूमते-गाते नजर आए। महाराजा अग्रसेन और हनुमान जी की आकर्षक झांकी इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रही। न्यू बाल संघ रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राहुल अग्रवाल ने बताया कि उझारी में रामलीला का इतिहास 50 वर्ष से भी अधिक पुराना है और 1978 से निरंतर रामलीला मंचन हो रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि सोमवार 22 सितम्बर से भव्य रामलीला मंचन की शुरूआत होगी जिसका उद्घाटन भाजपा नेता और जिला पंचायत सदस्य कुंवरपाल खड़गवंशी जी करेंगे, रामलीला 2 अक्टूबर को समाप्त होगी, 25 सितंबर को भव्य रामबारत निकाली जाएगी जिसका उद्घाटन हसनपुर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी जी करेंगे। इस अवसर पर अग्रवाल धर्मशाला के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल सहित रामल. ीला के संरक्षक नवीन कुमार, प्रबंधक आकाश अग्रवाल, सचिव जितेन्द्र जिंदल, सचिव सचिन कुमार एवं रामलीला के अनेक सदस्य राघव अग्रवाल, प्रिंस जिंदल,विवेक कुमार, तुषार सिंघल हर्षित अग्रवाल, प्रिंस जिंदल, ऋतिक अग्रवाल, रोहित, प्रियांशु, यश, निखिल शर्मा,नवनीत अग्रवाल अरविंद अग्रवाल , उपस्थित रहे। भव्य शोभा यात्रा ने नगर को धार्मिक उत्साह से सराबोर कर दिया

# अब थानों में सहायक हेड मोहर्रिर भी तैनात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** एसपी अमित कुमार आनंद ने सभी थानों में हेड मोहर्रिर के साथ सहायक भी तैनात कर दिए हैं। अब हेड मोहर्रिर के छुट्टी जाने के बाद कार्य प्रभावित नहीं होगा। अधिकांश पुलिसकर्मियों को संबंधित थानों में ही तैनाती दी है। गजरौला में तैनात अनिल कुमार को सहायक हेड मोहर्रिर बनाया है। वहीं धीरज कुमार को डिडौली, सुरेंद्र सिंह कसाना को मंडी धनौरा, मंडी धनौरा में तैनात गंभीर सिंह को अमरोहा नगर में हेड मोहर्रिर की तैनाती दी है। सतेंद्र सिंह को सैदनगली में तैनात शिवकुमार को नौगांवा सादात, कृष्णपाल सिंह को रजबपुर, गजरौला थाने में तैनात पुष्पेंद्र सिंह को बछरायूं सहायक हेड मोहर्रिर बनाया है। जबकि गजरौला में तैनात पुष्पेंद्र सिंह को बछरायूं में सहायक हेड मोहर्रिर बनाया है। नौगांवा सादात में तैनात बृजपाल सिंह को आदमपुर थाने भेजा है। हसनपुर में तैनात प्रमोद कुमार को रहरा थाने का हेड मोहर्रिर बनाया है। वहीं डिडौली में तैनात भारत सिंह को हसनपुर में सहायक हेड मोहर्रिर के पद पर तैनात किया है। पुलिस लाइन से आलोक कुमार को अमरोहा नगर सहायक हेड मोहर्रिर बनाया है। डिडौली कोतवाली में तैनात हिदायत अली को अमरोहा देहात में सहायक हेड मोहर्रिर बनाकर भेजा है। इसके अलावा अजय सिंह पाल को रहरा थाने में तैनाती दी है। अमरोहा नगर में तैनात देवेंद्र कुमार को साइबर क्राइम थाना हेड मोहर्रिर बनाया है। पुलिस लाइन में तैनात ललित शर्मा को सैदनगली सहायक हेड मोहर्रिर बनाया है तो वहीं राहुल राणा को रजबपुर में हेड मोहर्रिर की तनाती दी है। पुलिस लाइन में तैनात मोहित कुमार को पेशी क्षेत्राधिकार लाइन बनाया है। आदमपुर थाने में तैनात मोहित पंवार को रजबपुर थाना भेजा है। पुलिस लाइन से विजेंद्र पाल को गोपनीय कार्यालय भेजा गया है तो वहीं हसनपुर में तैनात संजय राणा को हेड मोहर्रिर सदर माल खाना बनाया है। रजबपुर थाने में तैनात जहीरुल इस्लाम त्यागी को सहायक हेड मोहर्रिर सदर बनाया गया है।

# जिला क्षय रोग अधिकारी से मांगा स्पष्टीकरण

## डीएम ने ली स्वास्थ्य विभाग की बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बैठक से अनुपस्थित रहने पर डीएम निधि गुप्ता वत्स ने जिला क्षय रोग अधिकारी का स्पष्टीकरण मांगा है। कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ली। जिसमें उन्होने मंडी धनौरा व जोया ब्लाक में कम प्रसव होने पर नाराजगी जाहिर करते अधिकारियों को निर्देश दिये कि वह आशा व एएनएम को इसके लिए प्रेरित करें। जबकि खराब कार्य करने वालों को हटाया जाये। उन्होंने बैठक से अनुपस्थित रहने पर जिला क्षय रोग अधिकारी डा. विशाल त्रिवेदी का स्पष्टीकरण मांगा है। इसके अलावा वृद्धों के लिए चलायी जा रही योजनाओं के प्रचार प्रसार पर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुवाएं सुधारने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। जिसमें सभी अधिकारी अपना पूर्ण सहयोग दें। बैठक में सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह, सीएमएस डा. एके भंडारी भी मौजूद रहे।

## मायके में आई महिला को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** मायके में आयी दिव्यांग महिला को घर में घुसकर कुछ लोगों ने मारपीट करके घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने महिला सहित चार आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। सुनैना पत्नी हरिओम यादव नाईपुरा में अपनी सगी माँ सूरजा देवी के घर आयी हुई थी। 21/09/2025 प्रदीप यादव पुत्र राजपाल यादव निवासी ग्राम आगापुर थाना सिविल लाइन रामपुर, शिवम पुत्र यादराम ग्राम सकरपुर रामपुर, अभिषेक और रामप्यारी ने सुनैना के पीहर आकर मारपीट की, बीच बचाव को आई माँ सूरजो के साथ भी मारपीट की। प्रार्थनी और परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# तालाब से अवैध कब्जा हटाने को पैमाइश की

## ग्रामीणों ने डीएम से की थी शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ढवारसी।** जिलाधिकारी के आदेश पर हसनपुर राजस्व विभाग ने तालाब की भूमि से कब्जा हटवाने के लिए भूमि की पैमाइश की है। एक सप्ताह पूर्व ढबारसी निवासी आधा दर्जन लोगों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर अबैध कब्जा हटवाने की मांग की थी।मुख्य बस स्टैंड पर तालाब की भूमि है जिसमें गांव की आबादी का पानी एकत्रित होता है।लेकिन गांव के समाजवादी पार्टी के एक पदाधिकारी सहित आधा दर्जन लोगों ने तालाब की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का निर्माण कर लिया है।

गांव निवासी कमर जावेद पुत्र रईस ने शिकायत की थी कि मुख्य बस स्टैंड पर तालाब की भूमि गाटा संख्या 417 स्थित है तथा राजस्व भूअभिलेखों में लगभग छः वीघा जमीन तालाब व ग्राम पंचायत की दर्ज है।लेकिन दबंग लोगों की नजर उक्त भूमि पर पड़ गई। समाजवादी पार्टी व अन्य पार्टियों से जुड़े लोगों ने संगठित होकर अबैध रूप से कब्जा कर लिया है। जिसकी शिकायत पूर्व में भी की जा चुकी है इसके बाद राजस्व विभाग की टीम ने पैमाइश कर अवैध घोषित करते हुए धारा 67 की कार्रवाई भूमाफियाओं पर की गई थी लेकिन अभी तक तालाब को अवैध कब्जे से कब्जा मुक्त नहीं कराया गया जिससे गांव वासियों को गांव की जल निकासी को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिलाधिकारी ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए एस डी एम हसनपुर को कार्रवाई करने के आदेश दिए थे।एस डी एम हसनपुर पुष्कर नाथ चौधरी ने कानूनगो के नेतृत्व में एक पांच सदस्यों की टीम गठित कर पैमाइश करने के आदेश दिए। सोमवार को राजस्व विभाग की टीम भूमि की पैमाइश की। लेखपाल जितेन्द्र सिंह का कहना है कि तालाब की भूमि की पैमाइश हो गई है।एस डी एम हसनपुर को रिपोर्ट प्रेषित की जा रही है।

# गुर्जरों पर जुल्म ढहा रही भाजपा सरकार

## अखिल भारतीय गुर्जर महासभा ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मेरठ में गुर्जरों पर हुए अत्याचार के विरोध में अखिल भारतीय गुर्जर महासभा ने कलक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की।

पूर्व प्रदेश महासचिव ओमकार कटारिया के नेतृत्व में अखिल भारतीय गुर्जर महासभा से जुड़े कार्यकर्ता कलक्ट्रेट पहुंचे तथा प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। जिसमें श्री कटारिया ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते कहा कि यह गुर्जर विरोधी है। मेरठ के दादरी में गुर्जर महापंचायत के दौरान समाज के नौजवानों पर बर्बर लाठीचार्ज किया गया। जिससे साफ होता है कि यह सरकार समाज विरोधी है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा समाज के अधिकारों को कुचला जा रहा है। जिसे कभी सहन नहीं किया जायेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में



विक्रम सिंह पंवार, कुलदीप, नितेश पंवार, मुन्ना सिंह, अंकित कटारिया, कौशेन्द्र गुर्जर, मंगल सिंह, बब्लू गुर्जर, चन्द्रपाल सिंह, जयपाल सिंह, ओमपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# एक रुपया कम देने पर पम्प पर हंगामा

## सेल्समैन को भी पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** मामूली एक रुपये की लेन-देन को लेकर रविवार की रात पेट्रोल पंप पर जमकर हंगामा हुआ। मोटरसाइकिल सवार युवकों ने 151 रुपये का पेट्रोल डलवाया, लेकिन केवल 150 रुपये का ऑनलाइन भुगतान किया। घटना थाना क्षेत्र के आजमपुर स्थित जीएम किसान सेवा केंद्र पेट्रोल पंप की है। यहां गांव वसी मुस्तकम निवासी विकास सेल्समैन के रूप में तैनात है। विकास ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि देर रात चार युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए और 151 रुपये का पेट्रोल डलवाया। लेकिन उन्होंने 150 रुपये का ही ऑनलाइन भुगतान किया। विकास के विरोध करने पर युवक भड़क गए और उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। विवाद इतना बढ़ा कि उन्होंने सेल्समैन को धक्का देकर मारपीट शुरू कर दी। हंगामा सुनकर पंप पर मौजूद अन्य वाहन चालक मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर किसी तरह विकास को छुड़ाया। इस दौरान आरोपित युवक उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** विकासखंड के ग्राम कैसरा में सोमवार को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित संकुल स्तरीय संघ (सीएलएफ) का वार्षिक अधिवेशन बड़े ही उत्साह के साथ संपन्न हुआ। अधिवेशन का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी नरेंद्र कुमार पाल ने फीता काटकर किया। बैठक में वित्तीय वर्ष का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया गया और सीएलएफ में चल रही गतिविधियों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। बीडीओ नरेंद्र गंगवार के कहा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है। सीएलएफ बैठकों का उद्देश्य केवल कागजी कार्यवाही नहीं, बल्कि गांव की बहनों को आर्थिक, सामाजिक और नेतृत्व स्तर पर आगे बढ़ाना है। इस मौके पर ब्लॉक मिशन प्रबंधक मोहित संधू, सविता देवी, कुसुम देवी सहित समूह, ग्राम संगठन और सीएलएफ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## वन विभाग ने किया मन्दिर में पौधारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** सोमवार को मनौटा गांव के शिव मंदिर परिसर में वन विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा के अवसर पर एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 17 सितंबर से 12 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान का हिस्सा था। घ्इस कार्यक्रम में मुख्य पुजारी हरदास मनोज और सहायक पुजारी मोहनदास की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य पुजारी हरदास मनोज द्वारा रुद्राक्ष का पौधा लगाकर की गई। इसके बाद आदर्श जूनियर हाई स्कूल के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस दौरान कार्यक्रम में सुमित राठी, राजवीर सिंह यादव, अतुल कुमार, अशफाक हुसैन, अंकित कुमार आदि मौजूद थे।

# अहिंसा के पुजारी थे महाराजा अग्रसेन

## प्रथम यज्ञ का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** अग्रवाल सभा पंजीकृत द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती की पूर्व संध्या पर महाराजा अग्रसेन चौक पर स्थित सूर्यकुल भूषण श्री रामचंद्र जी के वंशज श्री श्री 1008 महाराजाधिराज अग्रसेन की प्रतिमा के सम्मुख महाराजा अग्रसेन एवं लक्ष्मी के प्रथम यज्ञ का आयोजन बड़ी धूमधाम के साथ किया गया। अग्रवाल सभा के संयोजक एडवोकेट गिरीश कुमार अग्रवाल द्वारा बताया गया कि महाराजा अग्रसेन जी का उद्देश्य समाजवाद को लाना था। उनके राज्य में जो भी व्यक्ति बाहर से आकर उनके राज्य में बसना चाहता था उसे राज्य का प्रत्येक व्यक्ति एक ईंट और 1 रुपया देता था। जिससे उसे व्यक्ति के पास इतना पैसा हो जाता था कि वह अपना आराम से मकान भी बना सके।और अपना व्यापार भी चला सके। महाराजा अग्रसेन ने क्षत्रीय देव धर्म को त्याग कर अहिंसा का रास्ता अपनाते हुए वैश्य धर्म को अपनाया। क्योंकि वह अहिंसा के पुजारी थे उनके राज्य में ना कोई छोटा था और ना कोई बड़ा था। सबको एक समान ही राजा का न्याय एवं मान




सम्मान मिलता था।आज के दौर में भी महाराजा अग्रसेन के शासन को याद किया जाता है। यज्ञ के उपरांत प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी किया गया। यज्ञ के मुख्य यजमान आदेश कुमार अग्रवाल, श्रीमती संगीता अग्रवाल, अजय अग्रवाल, श्रीमती सोनिया अग्रवाल, अग्रवाल सभा पंजीकृत के अध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रवाल, रविंद्र जिंदल, आदेश अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, संजय गर्ग, लवकेश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल सर्राफ मौजूद थे।

# युवाओं को कौशल विकास से जोड़ें: कपिल

## कल्कि धाम जाते किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कौशल विकास एवं व्यावसायिक शिक्षा विभाग के राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल सोमवार को संभल के कल्कि धाम जा रहे थे। जहां युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शिखर अग्रवाल के नेतृत्व में उनका हसनपुर के ब्लॉक तिराहे पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-मालाएं और एक प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंत्री अग्रवाल ने युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के अवसरों पर जोर दिया। जो सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। इस सम्मान समारोह में विभिन्न सामाजिक और व्यापारी संगठनों के प्रमुख सदस्यों ने भाग लिया। अंकुर अग्रवाल, मुकेश गोयल और व्यापारी नेता मुकेश अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। इन सभी नेताओं ने मंत्री के इस दौरे का स्वागत किया और जिले के विकास में उनके सहयोग की उम्मीद जताई। युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष शिखर अग्रवाल ने कहा कि मंत्री का यह दौरा जिले के युवाओं में नया उत्साह पैदा करेगा। इस अवसर पर पौरुष अग्रवाल, तरुण अग्रवाल, प्रियांश गर्ग, अक्षय अग्रवाल, यशु अग्रवाल, श्रेय अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल और राहुल मित्तल सहित कई अन्य कार्यकर्ता और नेता उपस्थित रहे।

# सहकारी समितियों से किसानों को जोड़ें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** उत्तर प्रदेश में प्रादेशिक आह्वान के तहत सभी सहकारी समितियों में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों को सहकारी समितियों से जोड़ना है। ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ मिल सके।

अभियान के सह-जिला प्रभारी कृष्ण कुमार शर्मा ने हाल ही में भदौरा, उझारी, कंडऔवा और जयतोली की सहकारी समितियों का दौरा किया। उन्होंने वहां के पदाधिकारियों से मिलकर नए सदस्यों के पंजीकरण की प्रगति की जानकारी ली और निर्धारित लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने की अपील की। शर्मा ने बताया कि जो किसान सम्मान निधि का लाभ ले रहे हैं। उन्हें विशेष रूप से इस अभियान का हिस्सा बनाया जा रहा है। नये सदस्यों को समिति से खाद बीज और कीटनाशक जैसी आवश्यक चीजें बिना किसी परेशानी के उपलब्ध कराई जायेगी। इसके अलावा, उन्हें अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ भी प्राथमिकता के आधार पर मिलेगा। यह अभियान इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि कई समितियों का पुनर्गठन और नई समितियों का निर्माण हो रहा है। ऐसे में सदस्यों की संख्या में कमी आ सकती है। जिसकी भरपाई नये सदस्यों को जोड़कर की जायेगी। इस मौके पर चंद्रप्रकाश शर्मा, विवेक कुमार त्यागी, कृष्णौतर शर्मा और अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## विधायक ने किया रक्तदान शिविर का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से महात्मा गांधी जयंती 02 अक्तूबर तक आयोजित होने वाले 'सेवा पखवाड़ा' के अन्तर्गत सोमवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें रोगियों का स्वास्थय परीक्षण करते हुए उन्हें दवाईयों का वितरण भी किया गया, साथ ही एक रक्तदान शिविर भी आयोजित हुआ। शिविर का शुभारंभ धनौरा विधानसभा के विधायक राजीव तरारा ने किया। विधायक ने कहा कि 15 दिवस तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत सेवा, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान जैसे कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने रक्तदान करने वाले महिला पुरूषों की प्रशंसा की। इस अवसर पर चिकित्साधीक्षक डॉ.योगेन्द्र सिंह, डॉ.पल्लवी गंगवार, डॉ.अजीत सिंह, बीपीएम मनोज कुमार, जितेन्द्र कुमार समेत सीएचसी कर्मचारी मौजूद रहे।

# घर के बाहर सो रहे किसान पर जानलेवा हमला

## पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के गांव पहाड़पुर इनायत में शनिवार रात एक किसान पर जानलेवा हमला कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, किसान नैन सिंह घर के बाहर चारपाई पर सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में नैन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन व ग्रामीण उन्हें लहूलुहान हालत में मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में दहशत फैल गई। घायल के पुत्र सीताराम ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल हमलावरों का सुराग नहीं लग पाया है।

# रामलीला हमारी सांस्कृतिक धरोहर

## बुध बाजार में रामलीला मंचन का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के रेलवे स्टेशन बुध बाजार पर आयोजित रामलीला का फीता काटकर शुभारंभ हो गया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख पति काविन्द्र सिंह और युवा भाजपा नेता विपिन सागर ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख पति काविन्द्र सिंह ने कहा कि रामलीला हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। रामलीला से हमें बुराई पर अच्छाई की विजय का ज्ञान मिलता है। युवा भाजपा नेता विपिन सागर ने कहा कि रामलीला के माध्यम से हमें श्री राम के आदर्शों को समझने का अवसर मिलता है। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष मनोज गर्ग ने अतिथियों का



मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर सोनू कश्यप, योगेश चौधरी, डॉ.एलसी गहलौत, बबलू रस्तोगी, नवीन गर्ग, प्रीतम सिंह चौहान, हरवंश सिंह, अजय गर्ग, रिंकू वर्मा, देवांशु रस्तौगी, पंडित हरि गोपाल तिवारी, प्रदीप वर्मा आदि मौजूद रहे। भगवान श्री राम के जयकारे गूंजते रहे।

## मासूम की मौत का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** गांव रसूलपुर में रविवार देर शाम हुए सड़क हादसे में पांच वर्षीय मासूम माहिर की मौत के बाद गांव में गम का माहौल है। हादसे में घायल पिता दानिश का इलाज चल रहा है, जबकि पत्नी सोनी और पुत्री बरीला की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। हादसे को लेकर मृतक माहिर के चाचा सुभान ने तहरीर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मोटरसाइकिल ठेली चालक कासिम पुत्र बाबू निवासी कासवान, कोतवाली बिजनौर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। ठेली को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## जर्जर रास्ते के निर्माण की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** नगर के बाशिंदों मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर जर्जर सड़क को बनवाये जाने की मांग की है। सोमवार को नगर के वार्ड नंबर 21 सम्भल रोड पश्चिम के निवासियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेज कर कहा कि पिछले 15 वर्ष से उनकी गली जर्जर हालत में है। बरसात का पानी या खड़ा हो जाता है। यहां से निकलना दुश्वार हो जाता है। प्रधानमंत्री जी की योजना स्वस्थ भारत अभियान के तहत पालिका द्वारा नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। शिकायत करने के बाद भी रास्ते को नहीं बनवाया जा रहा है। बाशिंदो ने मुख्यमंत्री से गली का टेंडर करवा कर इसे जल्द बनवाये जाने की मांग की है। पत्र पर बाबा फरीद, सोहेल, एजाज, अजीम खान, शानू, अतीक अहमद, रोमन, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद आमिर आदि के हस्ताक्षर थे।

## नारद मोह के मंचन से रामलीला शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली श्री आदर्श रामलीला समिति के तत्वावधान में पतेई खालसा में रामलीला का मंचन शुरू हो गया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष कंचन सिंह जाटव व अखिल भारतीय कल्याण परिषद प्रदेश उपाध्यक्ष एवं क्षत्रिय विकास मंच जिलाध्यक्ष अमरोहा ठाकुर कुलबंत सिंह ने फीता काटकर पहले दिन नारद मोह रामलीला का मंचन शुरू करायाद्यमंचन में नारद मुनि की तपस्या भंग करने के लिए इन्द्रदेव कामदेव संग अप्सराओं को भेजते हैंद्यइस मे कामदेव भी तमाम कोशिशों के बावजूद उनकी तपस्या भंग करने में असफल हो जाते हैंद्यरामलीला मंचन देख दर्शक भावविभोर हो गये। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष शिवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान, संरक्षक चेतेन्द्र सिंह, संयोजक बिजेंद्र सिंह चौहान, विजय सैनी, योगेन्द्र गुप्ता, मनोज गुप्ता, सुभाष चौहान, सतीश गुप्ता,हर्ष प्रताप,करन सिंह, विजय वर्मा,निर्दोष चौहान,वीर सिंह कष्यप,देशराज सिंह, रोहित आदि मौजूद रहे।

# रेलवे लाइन पर ओवरब्रिज को लेकर जेई ने लिया जायजा

## किसानों ने लगाया रास्ता बंद करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** गजरौला के दोनों औद्योगिक क्षेत्र की साइटों के बीच पुल का निर्माण शीघ्र ही शुरू हो जाएगा। सोमवार को यूपीसीडा के जेई धर्मेंद्र कुशवाह व सेतु निगम के एई मोहम्मद रजा मौके ने पहुंचकर जायजा लिया और नक्शा आदि देखकर पुल के कार्यक्षेत्र का अवलोकन किया, वहीं दूसरी ओर तिगरिया भूड़ के किसानों ने भी पहुंचकर रास्ते की मांग की। कहा कि यहां पर रास्ता डेढ़ सौ साल पुराना है, मगर उसके बाद भी विभाग रास्ता बंद कराना चाहता है। बताते हैं कि किसानों और जेई के बीच नोंकझोंक की स्थिति भी बन गई, बाद में जेई द्वारा तहरीर दिए जाने की बात भी सामने आई। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। किसानों का कहना है कि यहां पर रास्ता अब का नहीं बल्कि डेढ़ सौ वर्ष पुराना है। यूपीसीडा



उसे बंद करना चाहता है, जबकि पुराना नक्शा भी दिखाया गया है, लेकिन फिर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही।

## टूटे नाले में फंसा ट्रक, लगा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** नाला टूटने के कारण नाले में फंसा ट्रक कस्बे में लगा जाम। देर शाम डिडौली कस्बे रास्ते पर ट्रक फंस गया जिससे कई घंटे जाम लगा रहा जिससे राहगिरो को परेशानियों का सामना करना पड़ा। डिडौली ग्राम प्रधान से कई बार शिकायत करने पर भी नाले का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है।

## युवती ने चिकित्सक को लगाया लाखों का चूना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** युवती ने चिकित्सक को प्रेम जाल में फंसाकर लाखो रूपये ऐठ लिये। दोनों पक्षों में फैसला हो गया है।

मामला क्षेत्र के एक बीयूएमएस चिकित्सक से जुड़ा है। उसके पास किसी अंजान नम्बर से कॉल आया। काफी देर बात होने के बाद दोनों में दोस्ती हो गयी। इस बीच चिकित्सक युवती की मीठी मीठी बातों में आ गया। तभी युवती ने चाल चलते उससे पैसों की डिमांड कर दी। न देने पर बलात्कार का मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी। जिससे चिकित्सक घबरा गया तथा अमरोहा-जोया रोड स्थित पुलिस चौकी पर दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया गया है। मामले को लेकर नगर व क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। जबकि कुछ लोग बता रहे हैं कि इससे पूर्व भी इस तरह की और घटनाएं हो चुकी हैं।

**राधाकृष्ण पब्लिक स्कूल, अमरोहा ( उ.प्र. )**

**सूचना**

विद्यालय की पंजीकृत समिति राधाकृष्ण पब्लिक स्कूल, अमरोहा (उ.प्र.) की साधारण समिति के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि सोसायटी राधाकृष्ण पब्लिक स्कूल, अरामेहा का वार्षिक अधिवेशन (साधारण सभा) दिनॉक 30 सितम्बर 2025 दिन मंगलवार को विद्यालय भवन के सभागार, कैलसा जनपद अमरोहा (उत्तर प्रदेश) में अपरान्ह 03-00 बजे आयोजित की जायेगी। अतः साधारण समिति के समस्त सदस्यों से निवेदन है कि इसमें उपस्थित होकर प्रतिभाग करें। इसका एजेण्डा डॉक / ईमेल द्वारा सम्बन्धितों को प्रेषित कर दिया गया है।

अंजलि टण्डन
प्रबंधक
राधाकृष्णा पब्लिक स्कूल
अमरोहा (उ.प्र.)

दिनांक- 23.9.2025
स्थान- (अमरोहा) उ.प्र.

**घनश्यामदास टण्डन सरस्वती विद्या मन्दिर कैलसा ( अमरोहा ) उ.प्र.**

**सूचना**

विद्यालय की पंजीकृत समिति घनश्याम दास टण्डन सरस्वती विद्या मन्दिर, कैलसा, जनपद अमरोहा (उत्तर प्रदेश) की साधारण समिति के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की साधारण सभा दिनॉक 30/09/2025 दिन मंगलवार को विद्यालय भवन के सभागार, कैलसा जनपद अमरोहा (उत्तर प्रदेश) में प्रातः 10-00 बजे आयोजित की जायेगी। अतः साधारण समिति के समस्त सदस्य इसमें उपस्थित होकर प्रतिभाग करें। इसका एजेण्डा डॉक / ईमेल द्वारा सम्बन्धितों को प्रेषित कर दिया गया है।

अंजलि टण्डन
प्रबंधक
घनश्याम दास टण्डन सरस्वती विद्या मन्दिर
कैलसा, जनपद अमरोहा (उ.प्र.)

दिनांक- 23.9.2025
स्थान- कैलसा (अमरोहा) उ.प्र.

## अधिवक्ताओं पर फर्जी मुकदमे हटाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** वाराणसी में अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा किये गये हमले के विरोध में जिला न्यायालय में वकीलों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नवनीत गोला एडवोकेट ने कहा कि वाराणसी में पुलिस द्वारा की गयी कार्रवाई अधिवक्ताओं की गरिमा को कहीं न कहीं ठेस पहुंचाती है। उन्होने स्पष्ट कहा कि इस मामले में वकीलों के खिलाफ फर्जी मुदकमे दर्ज कराये गये हैं जिन्हें हटाया जाये। जबकि दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गयी। यदि ऐसा न हुआ तो अधिवक्ता समाज इसके विरोध में आंदोलन की राह पकड़ लेगा।

# मिट्टी लेने गई किशोरी समेत दो महिलाएं मिट्टी की ढांग में दबी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** दीपावली पर घर की लिपाई करने को खेतिहर इलाके में मिट्टी लेने गई दो महिलाएं एवं एक किशोरी मिट्टी की ढांग गिरने से दब गई। चीखपुकार सुनकर पहुंचे किसानों ने बमुश्किल तीनों को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया है। सभी की हालत में सुधार है। घटना रविवार की शाम करीब छः बजे थाना क्षेत्र के गांव घनसौली के खेतिहर इलाके की है। गांव निवासी एक ही परिवार की शीतल उम्र 16 वर्ष एवं लक्ष्मी पत्नी चिरौंजी लाल,मंजू पत्नी बृजेश गांव के जंगल में मिट्टी लेने गई थीं। तभी मिट्टी खोदते समय अचानक मिट्टी की ढांग उनके ऊपर गिर गई। जिसके बाद तीनों महिलाएं उसमें दब गई। शोर सुनकर पड़ोस में मौजूद किसानों की भीड़ मौके पर पहुंच गई। सभी ने मिट्टी हटाकर सभी को घायल अवस्था में बाहर निकालकर एंबुलेंस से अस्पताल भेज दिया। इलाज के दौरान सभी की हालत में सुधार बताया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार ने बताया,थाने पर कोई सूचना नहीं दी गई है। जानकारी के मुताबिक सभी ठीक हैं।

# युवक ने राशन डीलर पर घटतौली का लगाया आरोप

## एसडीएम को सौंपा शिकायती पत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** सोमवार को बिसौली तहसील क्षेत्र के गांव रहड़िया के रहने वाले एक युवक ने राशन डीलर पर राशन कम देने का आरोप लगाते हुए एसडीएम से की शिकायत हम आपको बता दें कि जनपद बदायूं के बिसौली तहसील क्षेत्र के रहड़िया गांव के रहने वाले एक युवक ने तहसीलदार बिसौली को एक शिकायती पत्र दिया है और आरोप लगाया है कि जब वह राशन डीलर के पास राशन लेने गया तो राशन डीलर ने राशन कम दिया वहीं काम राशन देने पर जब पीड़ित ने विरोध किया तो आरोप है कि राशन डीलर ने मारपीट की हैं वहीं पीड़ित ने सोमवार को तहसीलदार बिसौली से शिकायत कर राशन डीलर के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# कबाड़ बाजार में धमाका

## ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से चार लोग झुलसे

### जिला अस्पताल में भर्ती



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** छोटी सराय स्थिति कवाड़ बाजार में सिलेंडर से कवाड़ काटते समय हादसा हो गया। जिसमें कवाड़ की दुकान में अचानक धमका हो गया। हादसे में तीन लोग झुलस गए। सभी लोगों का जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां इलाज चल रहा है।एक की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सूत्रों ने बताया कि यह लोग ऑक्सीजन सिलेंडर से कवाड़ काटने का काम कर रहे थे। कवाड़ काटते समय ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से आग लगी स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। सदर कोतवाली क्षेत्र के छोटी सराय में अब्दुल हाफिज, मेहरबान, सफी अली आग लगने से झुलस गए। जिनको जिला अस्पताल भर्ती कराया गया जहां इलाज चल रहा है। एक की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। कबाड़ बाजार में करीबी बीस से अधिक दुकान है हादसे के बाद कोई दुक. ानदार आग कैसे लगी बताने को तैयार नहीं है स्थानीय लोग प्लास्टिक में आग लगने की बात कह रहे हैं।एसएचओ कोतवाली ने बताया कि सिलेंडर से यह लोग काम कर रहे थे। गैस लीक होने की वजह से लोग झुलस गए है।

# गुस्साए ग्रामीणों ने तहसील परिसर में किया धरना प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** सोमवार को मानकपुर गांव के ग्रामीणों ने ठियाबंदी नहीं होने पर तहसील परिसर में किया धरना, एसडीएम ने ठियाबंदी के अधिकारियों को दिए निर्देश हम आपको बता दें कि जनपद बदायूं की तहसील बिसौली क्षेत्र के गांव मानकपुर के ग्रामीणों ने सोमवार को स्कूली बच्चों के साथ तहसील परिसर में धरना दिया है वहीं ग्रामीणों ने बताया कि बगरेन कस्बा में जमीन खरीदी थी वही ग्रामीणों का आरोप है कि उच्च अधिकारियों के निर्देश के बावजूद भी तहसील स्तरीय अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा जमीन की ठियाबंदी नहीं की जा रही है वही जिसको लेकर स्कूली बच्चों के साथ ग्रामीणों ने तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया वहीं सूचना मिलते ही मौके पर एसडीएम और तहसीलदार पहुंचे वहीं एसडीएम ने तत्काल अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौके पर जाएं और की ठियाबंदी करें वहीं थाना वजीरगंज पुलिस को भी सुरक्षा व्यवस्था संभालने के लिए भी निर्देशित किया है इसके बाद ग्रामीणों ने धरना खत्म किया गया।


## विज्ञापन के लिए संपर्क करें

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Emil mkkhan741@gmail-com


# जमीनी विवाद को लेकर भाजपा बूथ अध्यक्ष ने छत पर से किया पथराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** जमीनी विवाद को लेकर भाजपा बूथ अध्यक्ष व उसके बेटों ने छत पर चढ़कर जमकर पत्थर किया जिसको लेकर पीड़ित के स्वजनों ने छिपकर जान बचाई जयवीर सिंह पुत्र धर्म सिंह ग्राम सादपुर का आरोप है, धूप सिंह, नेम सिंह, बालक राम, भोजराज, पुत्र नाथू सिंह, देवेंद्र, मुनेंद्र, पुत्र धूप सिंह, सुभाष, व रोहित, पुत्र कुमार पाल यदि लोग दबंग प्रवृत्ति के लोग हैं, उन लोगों ने मिलकर रास्ते पर निर्माण करा कर रास्ते को बंद करना चाहते हैं, पीड़ित का आरोप है जबकि जमीनी विवाद से संबंधित मामला न्यायालय में चल रहा है,जिसकी अवे. हलना करते हुए दबंग लोग दबंगई के बल पर निर्माण करना चाहते हैं।जिसका विरोध करने पर उन्होंने आज सुबह मकान की छतों पर चढ़कर पथराव कर दिया जिसकी वीडियो भी जमकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिसको लेकर पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह बहादुर ने बताया पूरे मामले की जांच की जा रही है ।उसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी दोषियों को किसी भी हाल में बक्सा नहीं जाएगा।



भाजपा बूथ अध्यक्ष के बेटे छत पर से पथराव करते हुए

# जायंट्स ग्रुप स्टार्स मानसिक मंदित संवासियों की सेवा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** जायंट्स ग्रुप बिसौली स्टार्स ने सेवा समर्पण सप्ताह के अंतर्गत नगर के मानसिक मंदित आश्रय गृह पहुंचकर राशन तथा स्वच्छता किट भेंट की। ग्रुप के सदस्यों ने मानसिक मंदित बच्चों के लिए जलेबी, साबुन, टूथपेस्ट, टूथब्रश, हेयर ऑयल, बिस्किट, नमकीन, टीशर्ट तथा आश्रय गृह के लिए आटा, चावल, आलू आदि भेंट किए। इस अवसर पर आश्रय गृह के संचालक धर्मवीर ने ग्रुप का आभार व्यक्त किया। ग्रुप के अध्यक्ष साहू सावेंद्र ने कहा कि सेवा समर्पण सप्ताह के अंतर्गत मानसिक मंदित बच्चों के चेहरों पर खुशी लाना सच्ची सेवा है। इस अवसर पर यूनिट डायरेक्टर अनुपम वार्ष्णेय, संरक्षक प्रवीण अग्रवाल नादान, अध्यक्ष साहू सावेंद्र, सचिव हर्ष रस्तोगी, नितिन गुप्ता, रवींद्र मोहन अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, जितेंद्र वार्ष्णेय, निशांत गोयल, मोहित वार्ष्णेय, विकास गुप्ता, विपुल वार्ष्णेय, दीपक वार्ष्णेय, शशांक भिल्ला आदि उपस्थित रहे।

# जिला प्रभारी मंत्री को संघ ने चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इस्लामनगर।** नगर में आयोजित हो रही श्री रामलीला का शुभारंभ करने आयी प्रदेश की स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री एवं बदायूं जिला की प्रभारी मंत्री गुलाबी देवी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने नगर की समस्याओं का लिखित ज्ञापन देकर अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन वीरेंद्र कुमार लीडर ने की। संचालन जनता इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मास्टर अतुल कुमार गुप्ता ने किया। रामलीला मंच पर बोलते हुए स्वतंत्र प्रभार माध्यमिक राज्य मंत्री गुलाम देवी ने संबोधित करते हुए कहा, जिसने मां-बाप के हृदय में चोट पहुंचाई। वह व्यक्ति कभी सुखी नहीं रह सकता। अर्थात् समाज के साथ मित्रवत व्यवहार करना चाहिए। दुष्टता से व्यक्ति पतन की ओर जाता है। इसीलिए प्रत्येक व्यक्ति को संस्कृति, सभ्यता, सद्गुणों को धारण करना चाहिए। जिससे जियो और जीने की अमृत धारा प्रवा. हत होती रहे। वही देशभक्त है जो समाज का हित चाहता है। सर्वे भवंतु सुखना ही सुख का सार है।

# प्रदर्शनी के प्रति बड़ा रुझान

## सैकड़ों ने देख कर जाना प्रधानमंत्री का व्यक्तित्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** प्रधानमंत्री जी भारत सरकार के व्यक्तित्व व कृतित्व तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन गत दिनों केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा द्वारा बदायूं क्लब बदायूं में किया गया था, प्रदर्शनी के प्रति आमजन में रुझान बड़ा है। सोमवार को विभिन्न विद्यालयों के अध्यापकों, छात्रों व जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य गणमान्य लोगों ने प्रदर्शनी का अवलो. कन कर उसे सराहा। सोमवार को 400 से अधिक लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। ज्ञात हो कि मा0 प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व व कृतित्व तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी बदायूं क्लब बदायूं में गत 17 सितंबर से संचालित है जो कि आगामी 02 अक्टूबर 2025 तक आमजन के अवलोकनार्थ खुली रहेगी। प्रदर्शनी का अवलोकन प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक किया जा सकता है। सोमवार को जिला विद्यालय निरीक्षक, एसके इंटर कॉलेज के अध्यापक व छात्र तथा हाफिज सिद्दीक इस्लामियां इंटर कॉलेज के अध्यापक व छात्र सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व व कृतित्व को जाना वहीं दूसरी ओर केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी व लाभार्थीपरक योजनाओं की जानक. ारी भी ली। जनपदवासी एक बार इस प्रदर्शनी का अवलोकन कर लाभ ले। प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व व कृतित्व को जाने तथा केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जाने तथा अन्य लोगों को भी प्रदर्शनी के अवलोकन के लिए प्रेरित करें। युवा पीढ़ी इस ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी का अवलोकन कर लाभान्वित हो।

# फार्माकोविजिलेंस सप्ताह: छठे दिन ग्राम शेखूपुर में सामुदायिक सेवा विस्तार कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूँ द्वारा मनाए जा रहे राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह के छठे दिन ग्राम शेखूपुर स्थित कन्या जूनियर हाई स्कूल में सामुदायिक सेवा विस्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम प्रधान कुँवर सेन एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या हुमा इशा सिद्दीकी की सहमति से संपन्न हुआ।इस अवसर पर सप्ताह 2025 की थीम ¶Your Safety] Just a ब्सपबा Away% Report to PvPI, पर आधारित एक विशेष नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इसमें विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को दवाओं के संभावित दुष्प्रभावों की पहचान और उन्हें रिपोर्ट करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई।एमबीबीएस 2023 बैच के छात्रों ने सक्रिय रूप से नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन फार्माकोलॉजी विभाग द्वारा किया गया, जिसमें विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि सिंह (एएमसी कोऑर्डिनेटर), प्रोफेसर डॉ. बेंकट नारायण, डॉ. अमित कुमार (सहायक आचार्य), डॉ. लालेन्द्र यादव (सहायक आचार्य), डॉ. रूवीना (जूनियर रेजिडेंट) एवं डॉ. नुदरत (जूनियर रेजिडेंट) उपस्थित रहे।अपने संबोधन में डॉ. रश्मि सिंह ने दवाओं के दुष्प्रभावों पर सतर्क निगरानी रखने और उन्हें समय पर रिपोर्ट करने के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. अमित कुमार ने छात्रों को रिपोर्टिंग प्रक्रिया और उसके प्रभावों से अवगत कराया। डॉ. नितेश पति तिवारी ने छात्राओं को मोबाइल के माध्यम से टोल-फ्री नंबर 1800-180-3024 पर दुष्प्रभावों की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया। वहीं डॉ. रूवीना एवं डॉ. नुदरत ने विद्यार्थियों को जागरूक करने हेतु जानकारीपूर्ण पैम्फलेट वितरित किए।“ फार्माकोविजिलेंस सप्ताह के अंतर्गत ग्रामीण समुदाय तक पहुँच बनाकर दवा सुरक्षा के महत्व को समझाना हमारे संस्थान की सामाजिक जिम्मेदारी है। ग्राम स्तर पर इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम न केवल लोगों को सही जानकारी प्रदान करते हैं, बल्कि सुरक्षित स्वास्थ्य प्रणाली की नींव को और मजबूत करते हैं। मेडिकल कॉलेज बदायूँ सदैव जन-जन तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य शिक्षा पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है।कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को दवा सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना तथा फार्माकोविजिलेंस के महत्व को जन-जन तक पहुँचाना था, जो सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ।

# 27 सितम्बर को होगा विशेष तथा नेशनल लोक अदालतों का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिव कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के माध्यम से प्राप्त निर्देशानुसार सम्पूर्ण भारतवर्ष में ऋण वसूली न्यायाधीकरण, (डी0आर0टी0) के समक्ष लम्बित वादों के निस्तारण हेतु 27 सितम्बर, 10 अक्टूबर तथा 14 नवम्बर 2025 को विशेष लोक अदालतों तथा नेशनल लोक अदालतों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि ऋण वसूली से सम्बन्धित विवादों के हितधारकों (बैंकिग प्रतिष्ठान) से समन्वय स्थापित किया गया जिसमें जनपद के समस्त बैंकिंग प्रतिष्ठानों को निर्देशित किया गया कि अपने स्तर से उका विशेष लोक अदालतों तथा नेशनल लोक अदालतों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने हेतु कहा गया है जिससे 27 सितम्बर, 10 अक्टूबर तथा 14 नवम्बर 2025 को आयोजित होने वाली आगामी विशेष लोक अदालतों तथा नेशनल लोक अदालतों में ऋण वसूली से सम्बन्धित वादों का निस्तारण अधिक से अधिक संख्या में किया जा सके। इसी क्रम में उन्होंने आम जनमानस व वादकारियों से अपील की है कि अपने ऋण वसूली से सम्बन्धत मामलों के सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण हेतु अधिक जानकारी के लिए सम्बन्धित बैंक शाखा के माध्यम से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं एवं विशेष लोक अदालतों तथा नेशनल लोक अदालतों को सफल बनाये जाने हेतु अपना सहयोग प्रदान कर लाभान्वित होवें।

# डीएम ने एक दिन का वेतन काटने के दिए निर्देश

## औचक निरीक्षण में 131 चिकित्सक-कर्मचारी अनुपस्थित

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा 31 अगस्त को वीडियो कान्फेंसिंग में दिये गये । निर्देशों के अनुपालन में 03 सितम्बर 2025 को प्रातः 09 बजे जिला चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय एवं समस्त सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण विभिन्न मजिस्ट्रेट व अधिकारियों के द्वारा करवाया गया। निरीक्षण में कुल 131 चिकित्सक व कर्मचारी अनुपस्थित मिले। सभी अनुपस्थित का एक दिन का वेतन व मानदेय काटते हुए सितम्बर 2025 का वेतन आहरित कराने हेतु निर्देशित किया गया है। डीएम ने बताया कि 03 सितम्बर को कराए गए निरीक्षण में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सी0एचसी0) जगत में 4, इस्लामनगर में 8, कादरचौक में 4, बिनावर में 2, बिसौली में 02, बिल्सी में 10, आसफपुर में 02, सहसवान में 06, दहगवां में 22, वजीरगंज में 05, ककराला में 04, सैदपुर में 05, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कर्मचारी अनुपस्थित मिले।


**सूचना / विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्तिथ ग्राम पंचायत पाठकपुर ब्लाक आसफपुर परगना इस्लामनगर तहसील बिसोली जिला बदायूं में वृक्षारोपण हेतु सिनूवल आवंटन हेतु बैठक/एजेंडा दिनांक 23.09.2025 को व कार्यवाही बैठक दिनांक 30.09.2025 को होगी।

ग्राम प्रधान
श्रीमति सीमा यादव
ग्राम पंचायत पाठकपुर ब्लाक आसफपुर
परगना इस्लामनगर तहसील बिसोली जिला बदायूं।

**सूचना / विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्तिथ ग्राम पंचायत धनियावली ब्लाक आसफपुर परगना इस्लामनगर तहसील बिसोली जिला बदायूं में वृक्षारोपण हेतु सिनूवल आवंटन हेतु बैठक / एजेंडा दिनांक 23.09.2025 को व कार्यवाही बैठक दिनांक 30.09.2025 को होगी।

ग्राम प्रधान
श्री भूरे खां
ग्राम पंचायत धनियावली ब्लाक आसफपुर
परगना इस्लामनगर तहसील बिसोली जिला बदायूं।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, पीलीभीत।

पत्रांक: 130/न0पा0परि0पी0/2025 दिनांक: 22/09/2025

**ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद पीलीभीत द्वारा रा0वि0/पालिका निधि के अन्तर्गत निम्न विवरण अनुसार ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा प्रपत्र उ0प्र0 की ई प्रोक्योरमेंट की वेबसाइट http:etender.up.nic.in में उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| Bid Publishing Date | 23/09/2025 |
| Bid Download and upload Date | 23/09/2025 |
| Last Date & time of bid submission | 30/09/2025 |
| Date & time of tecnical bid opening | 30/09/2025 |

1- निविदा खुलने की तिथि में यदि अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी। तकनीकि बिड खुलने के बाद फाइनेन्शियल बिड खोली जायेगी। नियम एवं शर्ते पालिका के निर्माण विभाग में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

2- निविदा मूल्य नगर पालिका परिषद पीलीभीत के ऐक्सेस बैंक खाता सं0 628010100006255 आई0एफ0एस0सी0 कोड UTIB0000628 NEFT/RTGS द्वारा जमा करने के उपरान्त रसीद की स्कैन कापी एवं जमानत धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 के रूप में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद पीलीभीत के नाम बन्धक कराकर निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है। जमानत धनराशि NEFT/RTGS के माध्यम से भी उपरोक्त बैंक खाते में जमा की जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
पीलीभीत।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
पीलीभीत।


# भाजपा सरकार ने नवरात्रि पर दिया किसानों, मजदूरों, व्यापारियों व गरीबों को अच्छा तोहफा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** सोमवार को प्रेस वार्ता करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश विश्वकर्मा ने कहा कि भाजपा ने प्रदेश के लोगों को नवरात्रि पर किसानों मजदूरों व्यापारियों गरीबों को नवरात्रि के अवसर पर एक अच्छा तोहफा देने का कार्य किया है। इसी से पता लगता है कि भाजपा में सबका साथ सबका विकास है। भाजपा सभी लोगों को एक साथ मिलाकर चलने का काम कर रही है। इस मौके पर राकेश विश्वकर्मा ने कहा कि उन्नाव में फिर से देश की अखंडता एकता को खतरे की घंटी बजाने का काम किया गया। उन्नाव में सर्तन से जुड़ा के नारे लगाकर एक बार फिर देश की एकता को तोड़ने का काम आ सामाजिक तत्वों ने किया है। समय रहते इस्लामी मानसिकता रखने वाले सामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार को जिहादियों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई अमल में लानी चाहिए।

नवरात्रि के त्यौहार पर आम लोगों को बड़ा तोहफा मिला है। देश में आज से GST की नई दरें लागू हुई है, तो अब आम लोगों को राहत मिलेगी। समान सस्ते मिलेंगे।

# धान की फसल में गंधी कीट रोक थाम को एडवाइजरी जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी मनोज रावत ने किसानों को धान की फसल में लगने वाले गन्धी वग एंव आभासी कंडुआ से बचाव की एडवाइजरी जारी की है। जनपद में धान की फसल लगभग 153240 हैक्टेयर क्षेत्रफल में बोई गयी है, जो इस समय फसल लगभग 70 से 75 दिन की हो गयी है। अगेती फसलों में धान की बालियों भी निकल रही है। धान की इस अवस्था में गन्धी वग एंव आभासी कंडुआ प्रमुख कीट/रोग लगता है। गन्धी वग-धान में फूल व बाली निकलने/दुग्धावस्था में एक कीट लगता है और धान के फूल व दाने के दूध को चूस लेता है, जिससे दाने नहीं पड़ते अथवा दाने के वजन में कमी हो जाती है। इस कीट के शिशु व व्यस्क दूधियाँ अवस्था में दानों से रस चूसते है और एक एक दाना भूसा बन जाता है व छेद के स्थान पर काले धब्बे बन जाते है इस कीट के अधिक प्रकोप होने पर धान के खेत में बदबू आने लगती हैं। जिससे धान का उत्पादन प्रभावित होता है एवं धान के दाने पर काले धब्बे पड़ जाते है। जिससे धान का बाजार मूल्य भी कम हो जाता है यदि



यह गन्धी कीट धान की फूल निकलने की अवस्था में प्रति 100 पौधो पर 5 तथा दुग्धावस्था से लेकर दाना बनने की अवस्था तक प्रति 100 पौधों पर 10 कीट से अधिक दिख रहें है तो कीट के नियंत्रण हेतु विभिन्न उपाय अपनाये। कीट का प्रबंधन-इस कीट के नियंत्रण हेतु 20 किग्रा० मैलाथियान 5 प्रति० धूल प्रति हैक्टेयर को सुबह सूर्य निकलने से पूर्व एवं सूर्यास्त के समय धान की फसल पर भुरकाव करें या मैलाथियान 50 प्रति० ई.सी. को 200 मिली दवा को 150 से 200 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें अथवा नीम ऑयल 15 प्रति. को 2.50 से 3 लीटर दवा की मात्रा को प्रति हैक्टेयर छिड़काव करें।

# माहौल खराब करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा: डीएम

■ डीएम ने आगामी त्यौहारों को सकुशल और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पीस कमेटी की ली बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को दुर्गा पूजा, दशहरा, दीपावली आदि त्यौहारों पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के सम्बन्ध में पीस कमेटी की बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में आगामी त्यौहारों को लेकर क्षेत्रवार लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गयी, और सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए।

बैठक में डीएम ने विगत समस्त त्यौहारों व आयोजनों को सकुशल व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु समस्त बरेली वासियों की सराहना करते हुए कहा कि जनपद के विकास की जिम्मेदारी जनपद के प्रत्येक नागरिक की है, आप सब सद्भावना के सिपाही हैं इसी मुस्तैदी से कार्य करते रहें, और यदि कोई समस्या हो तो उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाएं, कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जीएसटी की दर कम करते हुए आपके त्यौहारों को उत्सव के साथ मनाने की सुविधा दी है, इसके साथ ही स्वदेशी अपनाने की भी अपील की गयी है। हम सभी को जाति, क्षेत्र, सम्प्रदाय वाद को छोड़कर राष्ट्रवाद को अपनाना चाहिए। हमारे देश की विकास की गति बहुत तेज है, पहले कहा जा रहा था कि 2030 तक हम विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बनेंगे, लेकिन हम 2025 में चौथी अर्थव्यवस्था बन गए हैं, और यथा शीघ्र तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि बरेली की शांति व्यवस्था को खराब करने की कोशिश करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा।

बैठक में पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक ने समस्त आयोजनों व त्यौहारों को सकुशल आयोजन हेतु सभी के सहयोग हेतु धन्यवाद देते हुए कहा कि जहां-जहां आयोजन होना है, रामलीला व दुर्गा पूजा के वहां आयोजकों के वालिंटियर अवश्य रखें, सीसीटीवी कैमरे भी लगवाएं। रामलीला मंचों की सुरक्षा का भी अवश्य ध्यान रखें, आयोजन स्थल पर पानी तथा रेत की व्यवस्था रखें। अश्लील व अशोभनीय कार्यक्रम नहीं होने चाहिए, अगर ऐसा कोई कार्यक्रम हुआ तो भविष्य में अनुमति नहीं दी जाएगी।

बैठक में नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. विश्राम सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, पुलिस अधीक्षक नार्थ, पुलिस अधीक्षक साउथ, पुलिस अधीक्षक यातायात सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पांच हजार की रिश्वत लेते नक्शानवीस राजीव मित्तल को रंगे हाथ पकड़ा

■ खेत की तूताबंदी करने को मांगी थी रिश्वत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बरेली।** भ्रष्टाचार निवारण संगठन बरेली टीम ने सोमवार को चकबंदी विभाग के नक्शानवीस (मान चित्रकार) को तहसील गेट से रंगे हाथ पांच हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। बाबू ने नक्शा दुरुस्त करने के लिए रिश्वत की मांग की थी। जिसकी शिकायत मिलने पर सोमवार को जाल बिछाकर ये कार्रवाई की गई।

दरअसल कैंट थाना क्षेत्र भरतौल के रहने वाले जितेंद्र बाबू ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन से शिकाय की थी कि उन्हें अपने खेत की नक्शा दुरुस्तीकरण (तूताबंदी) कराना था। उनकी मुलाकात चकबंदी विभाग के नक्शानवीस राजीव मित्तल से हुई। तूताबंदी करने के एवज में उन्होंने जितेंद्र बाबू से पांच हजार रुपये की रिश्वत मांगी। शिकायत मिलने के बाद भ्रष्टाचार निवारण संगठन बरेली की ट्रैप टीम के प्रभारी निरीक्षण प्रवीण सान्याल ने अपनी टीम के साथ सोमवार को जाल बिछाया और पांच हजार की रिश्वत लेते हुए नक्शानवीस राजीव को गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल आरोपी नक्शानवीस के खिलाफ कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज की जा रही थी।

## एक नजर

# स्वच्छता ही सेवा के तहत चला सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** स्वच्छता ही सेवा के तहत सोमवार को कस्बा के सरकारी स्कूलों में छात्र छात्राओं और अध्यापकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

सोमवार को स्वच्छता ही सेवा के तहत कस्बे के सरकारी स्कूलों में अध्यापकों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाकर अपने आस पास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने की अपील की गई।इसके अलावा थाना क्षेत्र में आने वाले सभी सरकारी स्कूलों में भी शिक्षकों और छात्र छात्राओं को स्वच्छता का संकल्प दिलाया गया।

# थाना क्षेत्र के नवोदय विद्यालय रफियाबाद में मॉडल यूथ ग्रामसभा का हुआ प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** जवाहर नवोदय विद्यालय रफियाबाद फतेहगंज पश्चिमी (बरेली) में 20 सितंबर को पंचायती राज मंत्रालय एवं शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में मॉडल यूथ ग्रामसभा प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रमोद सिंह रावत ने की। इसमें बरेली सहित आठ जिलों के नवोदय विद्यालयों के सामाजिक विज्ञान व इतिहास विषय के स्नातकोत्तर शिक्षकों ने भाग लिया। मास्टर ट्रेनर गुरविन्दर सिंह (एनआईआरडीपीआर हैदराबाद) और ईशांत शर्मा (पंचायती राज, उ.प्र.) ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षित शिक्षक आगामी 2 अक्टूबर 2025 को अपने-अपने क्षेत्र में मॉडल यूथ ग्रामसभा का आयोजन करेंगे।

# नायब तहसीलदार ने जनसेवा केंद्रों पर मारा छापा

■ जनसेवा केन्द्र पर फर्जी अभिलेख बनाए जाने की मिली थी शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे में जनसेवा केन्द्रों पर अवैध तरीके से अभिलेख बनाए जाने की शिकायत पर सोमवार को नायब तहसीलदार ने जनसेवा केन्द्रों पर छापामारी की। जनसेवा केन्द्र पर छापामारी की सूचना मिलते ही एक जनसेवा केन्द्र संचालक अपने जनसेवा केन्द्र में ताला जड़ खुद मौके से खिसक गया, जबकि एक जनसेवा केन्द्र से नायब तहसीलदार ने लैपटॉप और अभिलेख कब्जे में ले लिए।

पिछले कई दिनों से तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह को शिकायतें मिल रही थीं कि तहसील के गेट के पास संचालित हो रहे दो जनसेवा केन्द्र संचालक फर्जी मूल निवास, जाति प्रमण पत्र व आय प्रमाण पत्र जारी कर रहे हैं। जिसपर उन्होंने नायब तहसीलदार के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई के आदेश दिए। सोमवार को नायब तहसीलदार तहसील के गेट पर स्थित जनसेवा केन्द्रों पर छापामारी को पहुंचे ही थे कि एक जनसेवा केन्द्र संचालक अपने जनसेवा केन्द्र में ताला जड़ कर फरार हो गया। जबकि नायब तहसीलदार सत्यवीर सिंह से इस मामले में बात की गई तो उन्होंने बताया कि एक जनसेवा केन्द पर छापामारी की गई थी, और वहां मिला लैपटॉप और अभिलेख अपने कब्जे में ले लिए गए हैं, जिनकी जांच की जा रही है।

# नशेड़ी पति ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

■ नशेड़ी पति समेत छह ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र में एक महिला ने दहेजलोभी ससुरालियों से तंग आकर अपने पति समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि उसका पति और ससुराल वाले दहेज के लिए उसे परेशान करते थे, और एक लाख रुपये व मोटरसाइकिल की मांग करते थे।

हाल निवासी मोहल्ला नूरीनगर की हिरा ने बताया कि उसका निकाह 22 जुलाई 2021 को दानिश पुत्र शकील अहमद निवासी सुनहरी मस्जिद पास फरीदपुर कस्बा व थाना बहेड़ी के साथ हुआ था, जिसमें मेहर की रकम एक लाख 786 रुपये तय हुई थी। निकाह के बाद दोनों के संबंध अच्छे थे, और उनके सम्बन्ध से दो बच्चे एक लड़का इब्राहिम उम्र लगभग (2 वर्ष) और एक लड़की ऐजल फातिमा उम्र लगभग (1 वर्ष) पैदा हुए। महिला का आरोप है कि लड़के के जन्म के बाद से ही उसका पति उसके ऊपर अपने मायके से मोटरसाईकिल व नकद एक लाख रूपये लेकर आने का दबाव बनाने लगा। महिला का आरोप है कि उसके पति ने उसके साथ मारपीट की और उसे घर से निकालने की धमकी दी। जब उसने अपने मायके से रुपये दिलवाए, तब भी ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करते रहे। महिला का आरोप है कि उसके ससुर ने उसके बाल पकड़कर घसीटते हुए घर से निकाल दिया, और कहा कि जब तक तू मोटरसाइकिल और पैसे लेकर नहीं आयेगी, मेरे घर में नहीं रहेगी। महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि उसका पति नशेड़ी है और आये दिन बिना किसी बात पर उसके साथ मारपीट करता रहता है। आरोप है कि सास और ननदें भी उसके साथ मारपीट करती थीं, और उसे खाना नहीं देती थीं। जब महिला ने कानूनी कार्रवाई की बात कही, तो उसके ससुराल वालों ने उसे चोरी के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी।

महिला ने बताया कि उसने अपने मायके वालों को सारी बातें बताई, जिसके बाद उन्होंने एक लाख रुपये का इंतजाम किया और उसे दिए। महिला ने अपने पति और ससुर को रुपये दिए, लेकिन इसके बावजूद भी वे उसे प्रताड़ित करते रहे। महिला ने आरोप लगाया है कि उसका पति और ससुराल वाले उसे ताना कशी व गाली गलौज करते हैं, और उसे घर से निकालने की धमकी देते हैं। महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि उसके पति ने उसे कई बार मारा है और उसे जान से मारने की धमकी दी है।

आरोप है कि बीती 10 अगस्त 2025 को ससुराल वालों ने फिर से रुपये और मोटरसाइकिल की मांग की, जब उसने मना किया तो उसके साथ मारपीट कर दोनों बच्चों के साथ घर से निकाल दिया। अब महिला अपने मायके में रह रही है, और उसे अपनी जान का खतरा है। महिला ने पुलिस से गुहार लगाई है कि उसके पति और ससुराल वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, और उसकी जान और माल की सुरक्षा की जाए। पुलिस ने महिला की तहरीर पर पति दानिश पुत्र शकील अहमद, ससुर शकील अहमद पुत्र कल्लू मिस्त्री, सास शकरन पत्नी शकील अहमद, ननद रिफा पत्नी शवाब, कु० ननद मारूफा व उजेफा पुत्री शकील अहमद निवासीगण सुनहरी मस्जिद के पास फरीदपुर थाना व तहसील बहेड़ी जनपद बरेली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अखिल विश्व गायत्री परिवार ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की बरेली शाखा द्वारा आज माता भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी वर्ष के परिपेक्ष्य में गायत्री चेतना केंद्र मुंशीनगर बरेली पर रक्तदान का आयोजन किया गया। गायत्री परिवार बरेली के 28 कार्यकर्ता भाई बहिनों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

गायत्री परिवार नजीबाबाद जोन के प्रभारी डीपी सिंह जी, स्थानीय जोन समन्वयक सत्यदेव गंगवार जी, आशुतोष तिवारी,मुकेश सिंह,गोपाल गंगवार व जिला समन्वयक दिनेश पांडे ने मंगलाचरण के साथ रक्तदान का शुभारंभ किया। युवा समन्वयक संदीप चौधरी, शिवेंद्र भदोरिया,ललित मोहन गुप्ता,बी के तिवारी, कृष्ण मुरारी शर्मा,कमला गंगवार आदि गायत्री परिजनों ने सक्रिय सहयोग किया। रक्तदान के साथ ही श्राद्ध अमावस्या के अवसर पर आज चेतना केंद्र पर यज्ञ एवं तर्पण कार्यक्रम में भी बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी रही। शांतिकुंज हरिद्वार की संस्थापिका भगवती देवी शर्मा के शताब्दी वर्ष एवं अखंड दीपक के शताब्दी वर्ष पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य की साधना वर्ष के शताब्दी वर्ष के इस संगम की कड़ी में बड़े उत्साह के साथ लोगों ने बीते दिवस जप साधना का भी आयोजन किया। बरेली शहर व देहात में 25 से ज्यादा स्थानों पर गायत्री परिजनों ने जप साधना की।गायत्री परिवार के जिला समन्वयक दिनेश पांडे ने कार्यक्रम में भागीदारी करने वाले सभी भाई बहनों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।ऐसा ही सभी कार्यकर्ता भाई बहन शताब्दी वर्ष में चलने वाले कार्यक्रमों में अपना उत्साह और मनोबल बनाये रखें।

# आगामी 27 सितंबर तक जनपद बरेली में धारा-163 लागू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** अपर जिला मजिस्ट्रेट (नगर) सौरभ दुबे ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के पूर्व से जारी आदेश से विगत 31 जुलाई 2025 से 27 सितंबर 2025 तक जनपद बरेली में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 लागू है।

उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि जनपद में किसी भी सार्वजनिक स्थान पर जनसभा, शोभायात्रा, जलसा, उर्स, कथा, कीर्तन, जागरण आदि किसी भी प्रकार का कार्यक्रम पुलिस प्रशासन की बिना अनुमति के आयोजित न किए जाएं। किसी भी सार्वजनिक स्थान पर पाँच या उससे अधिक व्यक्ति एकत्रित नहीं होंगे, परन्तु यह प्रतिबन्ध सरकारी प्रतिष्ठानों पर सरकारी कार्य के निष्पादन हेतु एकत्र हुए सरकारी कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा।

कोई भी व्यक्ति ऐसा कोई लेख, पर्चा या पोस्टर नहीं छपवायेगा और न ही ऐसा भाषण देगा, जिससे किसी भी जन समुदाय में तनाव या शान्ति भंग होने की सम्भावना उत्पन्न हो या सामाजिक विद्वेष हो। कोई भी व्यक्ति किसी धार्मिक एवं ऐतिहासिक महापुरूष के विरूद्ध ऐसी कोई बात नहीं कहेगा या करेगा, जिससे किसी वर्ग के व्यक्तियों को ठेस पहुँचे। कोई भी व्यक्ति साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने, धार्मिक उन्माद फैलाने तथा भ्रमण कर एक दूसरे को भड़काने का कार्य नहीं करेंगे।

उक्त आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा-223 (पूर्व भा०द०सं० की धारा-188) के अन्तर्गत दण्डनीय होगा। संबंधित थाना प्रभारी द्वारा उल्लंघन पाये जाने पर सम्बन्धित व्यक्तियों के विरूद्ध वाद पंजीकृत कर प्रभावी कार्यवाही की जाएगी

# नवविवाहिता पर लगाया बदचलनी का आरोप ,रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** ग्राम जाफरपुर में नवविवाहिता पर बदचलनी का आरोप लगाते हुए मारपीटकर घर से निकाल दिया।

थाना शीशगढ़ के गांव जाफरपुर निवासी पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि एक वर्ष पूर्व उसकी शादी दुनका निवासी इमरान के साथ मुस्लिम रिति रिवाज से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति इमरान व सास,ससुर,ननद तथा ननदोई घरेलू बात पर प्रताड़ित करते हैं। साथ ही उक्त पीड़िता के ऊपर गलत इल्जाम लगाते हुए मारते पीटते हैं।

आरोप है कि उक्त लोगों ने 17 सितंबर रात्रि को बुरी तरह मारपीट करके घर से बाहर निकाल दिया। किसी तरह पीड़िता रात में ही अपनी रिश्तेदारी शीशगढ़ में चली आई।

दोबारा घर में वापस आने पर जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ता की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास ससुर देवर ननद सहित पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गन्ना सट्टा सर्वे प्रदर्शन मेले का सांसद ने किया उद्घाटन

■ किसानों ने गन्ना भुगतान की उठाई मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एक सप्ताह तक चलने वाले गन्ना सट्टा सर्वे प्रदर्शन मेले का सोमवार को सांसद छत्रपाल गंगवार ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान सांसद से गन्ना किसानों ने पिछले दो साल का बकाए गन्ना भुगतान कराए जाने की मांग की।

क्षेत्र की सहकारी गन्ना विकास समिति पर एक सप्ताह तक चलने वाले गन्ना सट्टा सर्वे प्रदर्शन/आपत्ती निस्तारण मेला का सोमवार को सांसद छत्रपाल गंगवार ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर सांसद ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वह किसी भी सूरत में घटतौली नहीं होने देंगे। उन्होंने गन्ना किसानों गन्ना सेंटरों पर होने वाली इस घटतौली को लेकर जागरूक रहने के साथ ही उन्हें इसकी सूचना देने का आवाहन किया। जब सांसद छत्रपाल गंगवार ने मेले में मौजूद गन्ना किसानों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी मांगी तो वरिष्ठ किसान नेता जमुना प्रसाद फौजी, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा ने पिछले दो सालों का गन्ना भुगतान अभी तक न किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए तत्काल ही गन्ना भुगतान कराए जाने की मांग की, जिसपर सांसद छत्रपाल गंगवार ने आला अधिकारियों से बात कर कार्यवाही का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लेखराज गंगवार, समिति के चेयरमैन निर्भय गंगवार, उपाध्यक्ष सर्वेश गंगवार, प्रधान लाल बहादुर गंगवार, रामप्रताप, गनेश गंगवार, छेदालाल गंगवार के साथ ही समिति की सचिव मेघा चतुर्वेदी ने भाग लिया। यह सट्टा प्रदर्शन मेला 29 सितम्बर तक चलेगा।

# आई लव मुहम्मद लिखे पोस्टर हटवाने पर भड़के आईएमसी नेता



■ इंस्पेक्टर से बोले- हाथ काट लूंगा.... वर्दी उतरवा दूंगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** आईएमसी नेता डॉ. नफीस का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह कह रहे हैं कि इंस्पेक्टर के हाथ काट लूंगा। यह वीडियो रविवार को बताया गया है, जब इंस्पेक्टर पुलिस टीम के साथ किला क्षेत्र में आई लव मुहम्मद लिखे पोस्टर हटवाने पहुंचे थे।

आई लव मुहम्मद लिखे बैनर पोस्टर हटवाने पर लोगों की पुलिस से तकरार हो गई। शहर के किला थाना क्षेत्र में रविवार को थाना प्रभारी सुभाष कुमार टीम के साथ पहुंचे थे। उन्होंने आई लव मुहम्मद लिखे पोस्टर हटाने की बात कही, जिसका मुस्लिम समाज के लोगों ने विरोध किया। पुलिस से तकरार के बाद मौलाना तौकीर रजा खान की पार्टी इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के नेता डॉ. नफीस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

वीडियो में डॉ. नफीस कह रहे हैं कि मैंने इंस्पेक्टर को कह दिया कि हाथ काट लूंगा... वर्दी उतरवा दूंगा। यह वीडियो के वायरल होने के बाद किला थाना पुलिस ने डॉ. नफीस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## इंस्टाग्राम पर भड़काऊ पोस्ट करने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** प्रेमनगर थाना क्षेत्र के सुर्खा चौधरी तालाब निवासी सलीम रजा ने प्रेमनगर थाने में रिपोर्ट कराई है कि उनके बेटे रिहान घोसी की इंस्टाग्राम आईडी पर श्यामपाल नाम के व्यक्ति ने आपत्तिजनक और भड़काऊ पोस्ट भेजी। इससे मुस्लिम समाज की आस्था को ठेस पहुंची है। आरोप है कि उसने 21 सितंबर को फोन कॉल कर गालियां दीं। आरोपी ने समाज में नफरत फैलाने की कोशिश की। सलीम रजा का कहना है कि श्यामपाल की हरकतें शहर का माहौल खराब करने और समाज में वैमनस्य फैलाने की कोशिश है। प्रेमनगर थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बाइक से कुत्तों के टकराने से महिला की हुई मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के गांव कुरतरा के पास सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई। अचानक सामने आए कुत्तों से बाइक का संतुलन बिगड़ गया और महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया।

गांव सोरहा निवासी लालदेवी (50) पत्नी डूंगर लाल रविवार को पड़ोसी रूपेंद्र की पत्नी को डिलीवरी कराने के लिए फतेहगंज पश्चिमी अस्पताल लेकर आई थीं। वहां ऑपरेशन से बेटे का जन्म हुआ। सोमवार सुबह रूपेंद्र अपनी ताई चेतनवती और लालदेवी को बाइक से घर छोड़ने जा रहा था। गांव कुरतरा के पास अचानक कुत्ते बाइक के सामने आ गए। ब्रेक लगाते ही लालदेवी सड़क पर गिर गईं और गंभीर रूप से घायल हो गईं।

उन्हें तत्काल बरेली के एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घर पर मौत की खबर पहुंचते ही परिजन व ग्रामीण गम में डूब गए। शोकाकुल माहौल में परिजनों ने लालदेवी का अंतिम संस्कार कर दिया।

# अवैध तमंचे के साथ पकड़े गए युवक को पुलिस ने भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

सोमवार को प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में उ.नि. शेखर खोखर ने कांस्टेबल विंकित सोलंकी, नागेन्द्रपाल, विशेष खोखर, विशु वालियान के साथ गश्त के दौरान अकबराबाद नहर के पास से अतीक अहमद पुत्र लईक अहमद निवासी मोहल्ला शेखूपुर कस्बा व थाना बेहड़ी को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से एक अदद तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किया।

# नगर पंचायत व नगर पालिकाओं में लगाए जाएं डस्टबिन: डीएम

■ स्थानीय निकाय की टाइड ग्रांट एवं अनटाइड ग्रांट की बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सोमवार को डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में स्थानीय निकाय की टाइड ग्रांट एवं अनटाइड ग्रांट की बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि नगर निगम, नगर पंचायतों व नगर पालिकाओं में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन हेतु जगह-जगह पर सूखा तथा गीला कूड़ा अलग-अलग एकत्रित करने हेतु डस्टबिन लगायी जायें, तथा लोगों को कूड़ा कूडेघ्दान में डालने के लिए प्रेरित भी किया जाए। उन्होंने समस्त ईओ को निर्देश दिये कि नालों के निर्माण पर अधिक से अधिक फोकस किया जाए, तथा नालों के निर्माण का लेवल भी उचित रखा जाए। बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि नगर निगम, नगर पंचायतों व नगर पालिकाओं में ओपन जिम बनवाया जाये, तथा सौन्द्रयीकरण का भी कार्य कराया जाए जो कि देखने में आकर्षक लगे। उन्होंने समस्त ईओ को निर्देश दिए कि नगर निगम व नगर पंचायत की जो भी संपत्ति हो उसे रजिस्टर से मिलान अवश्यक कर लें, तथा समस्त ईओ अपने-अपने कार्यालय में समय से अवश्य बैठें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन जगहों पर अवैध कब्जे की शिकायतें अधिक आ रही हैं उसे अति शीघ्र कब्जा मुक्त कराया जाए।

बैठक में समस्त ईओ को निर्देश दिए कि प्रस्ताव में वही कार्य रखे जाएं जो अति आवश्यक हों, और जो भी निर्माण कार्य कराए जाएं उनको बिना पीडब्लूडी की अनुमति के न कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर निकाय में जितना भी पैसा खर्च हुआ है उसकी एक सूची बनाकर प्रस्तुत की जाए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, समस्त ईओ सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

## हमें बताएं अपने इलाके की समस्या

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

## नवरात्रि के प्रथम दिन देवी मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़



**पीलीभीत।** शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन जनपद के सभी प्रमुख देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ देखने को मिली। प्रथम दिन माता के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा हुई। रविवार को बाजार में पूजा–अर्चना की सामग्री एवं व्रत के सामान की जमकर खरीदारी हुई। नवरात्र शुरू होने पर घरों और मंदिरों में मां के नौ स्वरूपों की पूजा–अर्चना शुरू हो गई।

पूजन के लिए हवन की सामग्री, धूप बत्ती, नारियल, माता की मूर्ति, कलश, गंगाजल, फूल, फल, – मिठाई, दीपक, कपूर, कलावा की र खरीदारी लोग कर रहे है। व्रत में खाने के लिए सिंघाड़े का आटा, कुट्टू का न आटा, बादाम, काजू, चौलाई के लड्डू न की अधिक मांग है। ग्राहकों की संख्या बढ़ने से दुकानदारों के चेहरे भी खिले व हुए नजर आए।

## व्यापारी सुरक्षा बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव के निर्देशन में सहायक पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट पीलीभीत, क्षेत्राधिकारी नगर, ईओ नगर पालिका, एसडीओ विद्युत विभाग, एआरटीओ पीलीभीत सहित जनपद के व्यापार मंडल के सम्मानित पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में व्यापारियों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, बिजली आपूर्ति तथा नगर क्षेत्र की स्वच्छता व अन्य समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा पुलिस एवं प्रशासन द्वारा बताया गया कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर व्यापारियों एवं ट्रांसपोर्टरों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करेंगे।

## श्री राजपूत करणी सेना की बैठक संगठन विस्तार पर हुई विस्तृत चर्चा

**बीसलपुर।** बिलसंडा ब्लॉक क्षेत्र के गांव सिमरौली में श्री राजपूत करणी सेना की प्रथम बैठक जिला अध्यक्ष ठाकुर रविंद्र सिंह के नेतृत्व संपन्न हुई। बैठक में संगठन की रणनीति और योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई और नए व्यक्तियों को संगठन में जोड़ने के बारे में कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई और अध्यक्ष ठाकुर रविंद्र सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ विचार–विमर्श किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संगठन को और गति देने के लिए अपने अपने विचार रखें और जिला अध्यक्ष ठाकुर रविंद्र सिंह ने अपने समाज के सभी लोगों के साथ न्याय की चर्चा की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट अनिल सिंह चौहान ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया और मीटिंग आयोजक रंजीत सिंह को समय–समय पर मीटिंग



की भूमिका निभाने के लिए सलाह दी। श्री राजपूत करणी सेना के पूरनपुर तहसील महामंत्री अमित ठाकुर (पत्रकार ) ने संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की और बताया समाज के युवा वर्ग को अपनें समाज के बारे में जानक. ारी लेने और अपने समाज के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर चलने की जरूरत है। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने और विस्तार करने के लिए अपने विचार और सुझाव दिए। जिला अध्यक्ष ठाकुर रविंद्र सिंह के नेतृत्व में संगठन आगे बढ़ने के लिए तैयार है।

## पीडीए पंचायत में भाजपा सरकार पर साधा निशाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पूरनपुर।** समाजवादी पार्टी द्वारा विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर के ग्राम सबलपुर मे समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार "राजू" ने ग्रामवासीयों एवं पीडीए पंचायत की अध्यक्षता करते हुए कहा कि "वर्तमान सरकार में संविधान के सिद्धांतों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। उन्होंने युवाओं और पीड़ित वर्गों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई। राजू ने कहा कि सरकार अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव कर रही है और उनकी समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है इस अवसर पर पूर्व विधायक अरशद खान ने कहा कि "समाजवादी पार्टी हमेशा से ही पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए लड़ती रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण इन वर्गों का जीवन और भी मुश्किल हो गया है पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव ने कहा कि "पीडीए पंचायत का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों को एकजुट करना और उनके अधिकारों के लिए लड़ना है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ही एकमात्र विकल्प है जो इन वर्गों के हितों की रक्षा कर सकती है।"इस पंचायत में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और समाजवादी पार्टी के नेताओं के साथ अपनी समस्याओं को साझा किया। पंचायत का आयोजन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर किया गया था जिसकी अध्यक्षता सपा नेता राजकुमार "राजू" ने एवं संचालन सपा नेता कल्याण सिंह सरोज ने किया।

## बदमाश के समर्थन में नारेबाजी पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** शनिवार को गाजियाबाद पुलिस मुठभेड़ में मारे गए कुख्यात अपराधी बलराम ठाकुर के समर्थन में उसका शव पैतृक निवास जहांगीराबाद पहुंचते ही नारेबाजी की गई। इस दौरान युवाओं ने कार की खिड़कियों से लटकर नारेबाजी की। नारेबाजी का वीडियो वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया है। हालांकि दैनिक शाह टाइम्स वायरल वीडियों की पुष्टि नंही करता है। वहीं वीडियो वायरल होने के बाद 25–30 अज्ञात के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया गया है। शनिवार को जहांगीराबाद के मोहल्ला रोगन ग्राम निवासी बलराम ठाकुर को गाजियाबाद पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया था। रविवार की देर रात करीब 10:30 बजे उसका शव पोस्टमार्टम के बाद जहांगीराबाद पहुंचा। शव पहुंचने के दौरान वहां भारी संख्या में भीड़ मौजूद रही। इस दौरान भीड़ ने बलराम ठाकुर जिंदाबाद और पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद की नारेबाजी की। बलराम ठाकुर का शव लेकर पहुंची एंबुलेंस के पीछे कुछ गाड़ियों की खिड़की में लटके युवाओं ने जमकर हुड़दंग किया और नारेबाजी की। बलराम ठाकुर के घर पर भी देर रात तक भारी भीड़ मौजूद रही। भीड़ देख पुलिस ने सोमवार की सुबह करीब 4:00 बजे ही उसका शव अंतिम संस्कार के लिए अनूपशहर गंगा घाट के लिए भेजा गया। सुबह करीब 8:30 बजे अनूपशहर के मस्तराम घाट पर बलराम ठाकुर का अंतिम संस्कार किया गया। वीडियो वायरल होने के बाद दिल्ली गेट चौकी प्रभारी वीरपाल सिंह ने 25–30 अज्ञात के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कराया है। एसपी देहात डॉ0 तेजवीर सिंह ने बताया कि 50 हजार के इनामी बदमाश बलराम को गाजियाबाद मुठभेड़ में मारा गया था। पोस्टमार्टम के बाद शव जहांगीराबाद लाया गया था। यहां नारेबा. जी का वीडियो वायरल हुआ है। जिसके आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की पहचान कर जेल भेजा जाएगा।

## डॉक्टर और कर्मचारियों की लगेगी हाजिरी

**बुलंदशहर।** कल्याण सिंह राजकीय मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल और महिला अस्पताल में तैनात डॉक्टर और कर्मचारियों को आने–जाने के समय हाजिरी लगानी होगी। लापरवाही बरतने वाले डॉक्टर और कर्मचारियों पर अंकुश लगाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। अब कल्याण सिंह राजकीय मेडिकल कॉलेज में संबद्ध होने के बाद जिला महिला और पुरुष अस्पताल में संयुक्त रूप से डॉक्टर–कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। इनमें कुछ डॉक्टर और कर्मचारी ऐसे हैं जो अपनी मनमर्जी से आते और जाते हैं। इससे अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं बिगड़ रही हैं। इसको लेकर मेडिकल कालेज प्राचार्य ने दिन में दो बार पंजिका में उपस्थिति दर्ज कराने का निर्देश दिया है।

## मथुरा में गौश पाक की याद में किया महफिल ए शमा उर्स का शानदार आयोजन



**मथुरा।** रविवार की रात्रि को राधे श्याम कालोनी में हजरत अब्दुल कादिर जिलानी की याद में मेहफिल ए शमा उर्स मुबारक का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। इस मौके पर अलीगढ़ के कव्वाल शमीम साबरी ने अपने दिल. कश और जानदार कलाम पेश कर समां बांध दिया। इस दौरान हजरत अब्दुल कादिर जिलानी की याद में चादरपा. शी की रश्म अदा कर फातिहा खानी के बाद कव्वाली का कार्यक्रम आयोजित किया गया। हाजी सूफी सईद हसन एवं सूफी मुकीम मियां ने वज्द में मोहब्बत और इश्कद्द का पैगाम दिया और लोगों से आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। मेहफिल ए शमा में कव्वालों ने अपने सूफियाना कलाम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध और भाव विभोर कर दिया। जिन्होंने श्रोताओं के दिलों में बसी हुई यादों को ताजा कर दिया। मेहफिल ए शमा में सूफी संगीत और कलाम की प्रस्तुति दी गई, जिसने श्रोताओं को अल्लाह की मोहब्बत में खो दिया। हाजी सूफी सईद हसन ने अपने बयान में मोहब्बत और भाईचारे का पैगाम दिया और लोगों से आपसी प्रेम और सौहार्द बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सच्ची मोहब्बत और प्रेम ही हमें एकजुट कर सकती है और हमें अपने दिलों में मोहब्बत और भाईचारे का दीया जलाना चाहिए। मेहफिल ए शमा का माहौल बड़ा ही आकर्षक और भावपूर्ण था। श्रोता कव्वालों के कलाम में खोए हुए थे। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी मौहम्मद यूनुस गाजी, हाजी सूफी सईद हसन, अबरार खान वारसी, सिन्धी पहलवान, जाबिर कुरैशी, साजिद अली एड, अकील आदि रहे।

## तेज धूप ने कराया गर्मी का अहसास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिले में मौसम बदलने के साथ ही गर्मी का लगातार असर बढ़ रहा है। तेज धूप से तपिश का अहसास हो रहा है। इसके साथ उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। सोमवार को सुबह से गर्मी में लोग पसीनों से तर–बतर हो गए। तापमान बढ़ोत्तरी के बाद न्यूनतम तापमान 25 और अधिकतम 35 डिग्री सेल्सियस पर रिकॉर्ड किया गया। गर्मी का असर लगातार बढ़ रहा है। सोमवार को सुबह से ही तेज धूप और उमस के चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दिन बढ़ने के साथ ही गर्मी का असर बढ़ता गया। गर्मी के चलते लोग पसीनों से भीगे रहे। तेज धूप के चलते लोगों को तपिश का अहसास हुआ। दोपहर के समय लोगों ने गर्मी से बचाव का प्रयास किया, लेकिन राहत नहीं मिल सकी। दिन भर गर्मी से लोग परेशान रहे। मौसम विभाग के मुताबिक तापमान में दो डिग्री तक की बढ़ोत्तरी दर्ज की जाएगी। फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं है। बताया जा रहा है कि मौसम साफ रहेगा।

## साइबर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** सोमवार को पुलिस ने साइबर ठगी के एक मामले में आरोपी लव कुमार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खातों में फ्रॉड की कुल राशि 8,06,188 रुपये पाई गई है। 5 अगस्त 2025 को लव कुमार ने प्रशांत वशिष्ठ के जन सेवा केंद्र से 30,000 रुपये की नकद राशि ली। 21 सितंबर 2025 को लव कुमार फिर उसी जन सेवा केंद्र पर 50,000 रुपये निकालने आया। इस बार प्रशांत वशिष्ठ ने उसे पहचान लिया और साथियों की मदद से साइबर क्राइम थाने ले गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पूछताछ में लव कुमार ने खुलासा किया कि उसके साथी पवन कुमार और कृष्णपाल साइबर फ्रॉड करते हैं। वे पैसे उसके खाते में डालते हैं। वह इन पैसों को जन सेवा केंद्र या अन्य माध्यमों से निकालकर, अपना कमीशन काटकर उन्हें दे देता है। पुलिस ने आरोपी से चार डेबिट कार्ड और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## महामहिम के आगमन की तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन

**मथुरा।** महामहिम राष्ट्रपति के आगमन की तैयारियों में प्रशासन जुटा हुआ है। महानगर के अंतापाड़ा क्षेत्र स्थित श्रीकुब्जा कृष्ण मंदिर, श्रीकृष्ण जन्मस्थान सहित जहां जहां महामहिम का आगमन होगा उन सभी स्थानों और मार्गों का सघन निरीक्षण कर तैयारियों को अंतिमरूप दिया जा रहा है। मंडलायुक्त शैलेन्द्र सिंह, डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय, जिलाधिकारी सीपी सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार सहित दूसरे आलाधिकारी लगातार तैयारियों का जायजा ले रहे हैं और अधीनस्थों को आवश्यक निर्देश दे रहे हैं। अधिकारियों ने संभावित कार्यक्रम के दृष्टिगत श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर का निरीक्षण किया। होली गेट क्षेत्र स्थित श्री कुब्जा कृष्ण मंदिर का भी निरीक्षण किया। इसी दृष्टिगत नगर आयुक्त जग प्रवेश ने सोमवार को महानगर के अंतापाड़ा क्षेत्र स्थित श्रीकुब्जा कृष्ण मंदिर के आसपास क्षेत्र एवं मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंदिर से जुड़े मार्ग एवं मंदिर क्षेत्र की व्यवस्थाओं का विस्तार से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश में कहा कि जलभराव की रोकथाम रोकने के लिए महाप्रबंधक जल मार्ग में किसी भी स्थान पर वॉटर लॉगिंग की स्थिति न उत्पन्न हो। इसके लिए कार्य योजना को अमली जामा पहनाये। अधिशासी अभियंता निर्माण को निर्देश दिए गए कि मार्ग पर इंटरलॉकिंग एवं आवश्यक पैचवर्क सहित सभी निर्माण संबंधी कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाए। उच्च कोटि की सफाई व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह महाप्रबंधक जल मोहम्मद अनवर ख्वाजा अधिशासी अभियंता निर्माण अमरेंद्र गौतम आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मथुरा में अलग–अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत

**मथुरा।** जनपद के चार अलग अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में चार व्यक्तियों की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों का पंचनामा भरकर शवों को पोस्टमार्टम गृह भेजा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना रिफाइनरी अंतर्गत गांव आजमपुर में रहने वाले 22 वर्षीय कैलाश पुत्र केशव सिंह की सदर बाजार क्षेत्र में हुई दुर्घटना में मौत हो गई तो वहीं कोसीकला क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में 49 वर्षीय जिले सिंह पुत्र भजन निवासी नाहर थोक नंदगांव बरसाना की मौत हो गयी। तीसरी घटना में थाना रिफाइनरी अंतर्गत गांव भाहई गोपी नगर रांची बांगर निवासी 18 वर्षीय पवन पुत्र जगवीर की सदर बाजार क्षेत्र में हुई सड़क दुघर्टना में मौत हो गई। वहीं थाना राया क्षेत्र में हुई सड़क दुघर्टना में गांव कोयल निवासी 55 वर्षीय गोपाल प्रसाद पुत्र भगवान सिंह की गांव में हुई दुर्घटना में मौत हो गई।

## त्योहार पर साफ सुथरे नजर आएंगे गांव

**मथुरा।** जिले का पंचायत राज विभाग जनपद की सभी 495 ग्राम पंचायतों में पांच से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान ग्राम पंचायतें आगामी त्योहारों के मौसम को देखते हुए उन्मुखीकरण, नाली सफाई, झाडियों की कटाई, जल जमाव को दूर करने के कार्य करेंगी। ताकि ग्राम पंचायतें स्वच्छ दिखाई दें। जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल ने बताया कि जनपद में वर्तमान में नवरात्र महोत्सव आज से प्रारंभ हो गया है। अक्टूबर माह में दशहरा, दीपावली, छठ पूजा के त्योहारों का आयोजन होगा। जिनको देखते हुए शासन ने सभी ब्लाकों के खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पांच से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाने का निर्देश दिये गये हैं। डीपीआरओ ने बताया कि जुलाई माह में चलाए गए अभियान में विभिन्न विकास खंडों के खराब प्रदर्शन को उजागर किया गया है। जिसमें विशेष रूप से झाड़ियों की कटाई, नालियों की सफाई और जलभराव रो. कने जैसे क्षेत्रों में, राज्य के औसत की तुलना में बहुत कम थी। डीपीआरओ ने अब अक्टूबर माह में दशहरा, दिपावली, छठ पूजा आदि के त्योहारों के दौरान ग्राम पंचायतों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। उन्होंने कहा है कि अभियान में 100 प्रतिशत फीडबैक प्राप्त न होने पर सफाई कर्मचारियों और संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की साथ ही कहा है कि गांवों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए ई रक्शा का उपयोग करके घर घर जाकर कचरा संग्रहण का कार्य किया जाएगा।

## अग्रसेन महाराज का भव्य पूजन कलश यात्रा ,हुई प्रतियोगिता

**कोसी कला।** महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के अवसर पर विभिन कार्यक्रम आयोजित किये गए श्री अग्रवाल सभा के तत्वावधान में प्रातः प्रभात फेरी निकाली गई एव अग्रसेन चौक पर झंडा रोहन किया गया घ्र समस्त अगरबन्धुओ ने महाराज का पूजन किया एव अग्रवाल महिला मण्डल ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कराई वही काली मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई सोमवार को महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के प्रथम दिन अग्रवाल सभा द्वारा सुबह प्रभात फेरी , सत्यनारायण कथा, झंडारोहण के बाद महाराज का नगर के समस्त अगरबन्धुओ ने महाराज का पूजन किया कार्यक्रम का शुभारंभ त्रिलोक चन्द शेरगड़िया गिरधारी लाल ने किया वही काली मंदिर से 501 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली गई जो नगर भृमण करते हुए चौक पर समापन हुई।

## पहासू में मिशन शक्ति केंद्र का शुभारंभ

शाह टाइम्स ब्यूरो

बुलंदशहर। पहासू थाने में सोमवार को महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वाबलंबन व सशक्तिकरण के लिए मिशन शक्ति केंद्र का शुभारंभ किया गया। पहासू थाने में बने विधायक अनिल शर्मा की पत्नी मूर्ति शर्मा तथा ब्लॉक प्रमुख दिवा रानी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शक्ति केंद्र का शुभारंभ किया। इस मौके पर महिलाओं और छात्राओं को मिशन शक्ति के बारे में जानकारी दी गई। मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी उपनिरीक पूनम चौधरी ने बताया कि किसी भी विषम परिस्थिति में महिला हेल्प लाइन 1090 पर काल कर तुरंत पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर थाना प्रभारी अशोक कुमार, ईओ नीतू सिंह, रुपाली सूर्यवंशी, चरनजीत कौर, शशि देवी आदि मौजूद रहे।

## चौंढेरा शक्तिपीठ में राज्यमंत्री ने पूजा

**बुलंदशहर।** सोमवार को प्रदेश के होमगार्ड राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजा. पति क्षेत्र के गांव चौंढेरा में मां चामुंडा देवी शक्तिपीठ मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने मां विचित्र देवी की विधि–विधान से पूजा अर्चना की। राज्यमंत्री का भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। शारदीय नवरात्र के अवसर पर गांव चौंढेरा में मेला का आयोजन होता है। दूर दराज से काफी लोग मां के दर्शनों के लिए आते हैं। नवरात्र के प्रथम दिन प्रदेश के होमगार्ड राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति परिवार के साथ गांव चौंढेरा स्थित मां चामुंडा देवी शक्तिपीठ मंदिर में पहुंचे, जहां उन्होंने मां विचित्र देवी की विधि–विधान से पूजा अर्चना की। उन्होंने देवी मां को नारियल, चुनरी, प्रसाद, घंटा आदि भेंट करके पूजा अर्चना की साथ ही हवन कुंड में आहुति देकर मंगल कामना की। उन्होंने मां के दरबार में विधि–विधान से पूजन कर देश व प्रदेश की खुशहाली, जन–जन की सुख–समृद्धि और समस्त संकटों के निवारण की प्रार्थना की।

## एक्सीडेंट में घायल वृद्ध की मौत

**कोसीकलां।** पांच दिन पूर्व नन्दगाँव रोड दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति कीउपचार के दौरान प्राइवेट हॉस्पीटल में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया गया कि कोसीकलां के नंदगांव रोड स्थित बिजली घर के पास 16 सितंबर की शाय करीब 7 बजे बाइक सवार जिले सिंह 52 वर्ष पुत्र भजन लाल निवासी नाहर सिंह थोक नंदगांव बरसाना अज्ञात वाहन द्वारा बाइक में टक्कर मार दिएजाने से घायल हो गए थे। जिनका उपचार मथुरा के न्यूरो सुपर स्पेशलिटी हॉस्पीटल में चल रहा था, जहां आज उनकीमौत हो गई।

## रेलवे ट्रैक पर अज्ञात शव मिला

**कोसीकलां।** आगरा दिल्ली रेलवे ट्रैक पर आज सुबह एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला है। जिसकी पहचान नहीं हो पायी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम गृह पर सुरक्षित रखवाकर पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। बताया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कोटवन के रत्नासागर होटल के पीछे आगरा दिल्ली रेलवे ट्रैक पर आज सुबह लगभग 7 बजे एक व्यक्ति का शव पड़ा होने की जानकारी कोटवन चौकी प्रभारी अरविंद पूनिया को मिली जिस पर चौकी प्रभारी टीम के साथ मोके पर पहुँचे पुलिस ने उसे कब्जे में लेकर जाँच पड़ताल की तो उक्त व्यक्ति बंगाल का प्रतीत हो रहा था लेकिन कोई पहचान नही हो पाई है।

## भारतीय ऑन्कोसर्जन द्वारा विकसित क्रांतिकारी माउथ– ओपनिंग डिवाइस को मिला पेटेंट: प्रो. डा. पवन

मथुरा। सीमित मुँह खोलने की समस्या से जूझ रहे मरीजों के लिए तैयार किया गया एक अभिनव चिकित्सा उपकरण ज्तपेब्ंतम को भारत में पेटेंट प्राप्त हुआ है। यह उपकरण 19 दिसंबर 2024 को पेटेंट संख्या 556611 के साथ आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त हुआ, जिसका आवेदन वर्ष 2021 में किया गया था।

ज्तपेब्ंतम माउथ ओपनिंग डिवाइस चार प्रकारों में उपलब्ध है दृ ब्रॉड, स्लीक, फुल माउथ और हाफ माउथ दृ जो मरीजों की अलग–अलग आवश्यकताओं के अनुसार उपयोग किए जा सकते हैं। ॅ्डश्व और ट्रिस्मस मरीजों के लिए वरदान यह उपकरण विशेष रूप से उन मरीजों के लिए बनाया गया है जो ट्रिस्मस (ज्तपेउने– एक ऐसी स्थिति है जिसमें जबड़े की मांसपेशियाँ अकड़ जाती हैं और मुँह पूरी तरह से नहीं खुल पाता),ओरल सबम्यूकोस फाइब्रोसिस हेड और नेक कैंसर या सर्जरी एवं रेडियोथेरेपी के बाद जटिलताओं से जूझते हैं। ओरल सबम्यूकोस फाइब्रोसिस दृ एक पूर्व–कैंसर अवस्था है, जो मुख्य रूप से तंबाकू, पान मसाला और सुपारी (अरेका नटध्बीटल नट) चबाने से होती है।

यह रोग धीरे–धीरे मुँह के अंदरूनी हिस्सों को कठोर बना देता है और मुँह खोलने की क्षमता कम कर देता है, जिससे बोलने, खाने और दाँतों की देखभाल में कठिनाई आती है। मरीजों को अक्सर आजीवन प्रबंधन की आवश्यकता होती है।

ऐसे मरीजों के लिए ज्तपेब्ंतम एक वरदान साबित हो रहा है, क्योंकि यह जबड़े की गतिशीलता में सुधार कर जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने का सस्ता और व्यावहा. रिक साधन प्रदान करता है। ज्तपेब्ंतम के पीछे की सोच इस उपकरण को प्रो. डॉ. पवन गुप्ता, सीनियर डायरेक्टर दृ सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली और ICanCare के संस्थापक ने विकसित किया। डॉ. गुप्ता ने कहा: "सीमित मुँह खोलने की समस्या मरीजों की रिकवरी और जीवन की गुणवत्ता को बुरी तरह प्रभावित करती है। एक सरल, सुरक्षित और किफायती उपकरण की आवश्यकता ने TrisCare के विकास को जन्म दिया।"

मुख्य विशेषताएँ और लाभ एर्गोनोमिक डिजाइन दृ सुरक्षित और आरामदायक उपयोग। व्यापक प्रभाव दृ OSMF, चोट, सर्जरी या रेडियोथेरेपी से प्रभावित मरीजों के लिए लाभकारी। बिल्ट–इन स्केल दृ मरीज की प्रगति की सटीक निगरानी। उच्च गुणवत्ता सामग्री दृ टिकाऊ पॉलीऑक्सिमेथीलीन ड) से निर्मित।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ज्वाला नगर रामलीला में अहिल्या उद्धार का हुआ सजीव मंचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** श्री आदर्श रामलीला कमेटी ज्वाला नगर में सोमवार रात अहिल्या उद्धार, गंगा दर्शन पुष्प वाटिका का अत्यंत मनमोहक मंचन राधिका कृष्ण कला मंडल वृंदावन मथुरा के कलाकारों द्वारा किया गया।

इसमें दिखाया गया कि ताड़का, मारीच और सुबाहु के वध के बाद श्रीराम, लक्ष्मण और ऋषि विश्वामित्र आगे बढ़ते हैं और अहिरौली पहुंचते हैं, जहां श्रीराम गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या को शाप से मुक्त करते हैं।

अहिल्या के उद्धार के बाद श्रीराम, लक्ष्मण और विश्वामित्र मुनि गंगा पार कर जनकपुर की ओर बढ़ते हैं। आगे बढ़ते हुए, वे जनक जी के उद्यान पहुंचते हैं। जनक जी श्रीराम और लक्ष्मण का बड़े सम्मान के साथ स्वागत करते हैं, उन्हें अपने महल में ले जाते हैं और उन्हें उच्च स्थान पर बिठाते हैं।

वहाँ श्रीराम जनकपुर देखने जाते हैं, जहाँ शहर के बच्चे उन्हें शहर की सुंदरता दिखाते हैं। शहर की शोभा देखने के दौरान, पूरे नागरिक श्रीराम को देखने के लिए भीड़ लगाते हैं। जब सुबह होती है, गुरु विश्वामित्र श्रीराम को पुष्प वाटिका से फूल तोड़ने के लिए भेजते हैं। वहाँ सीता और श्रीराम पहली बार एक दूसरे को देखते हैं।

पहली अमराई के बाद, सीता गौरा मंदिर जाती है, जहाँ गौरा सीता को उसके मन की सभी इच्छाएँ पूरी होने का आशीर्वाद देती है। दूसरी ओर, श्रीराम भी गुरु विश्वामित्र को फूल अर्पित करते हैं, जहाँ विश्वामित्र भी श्रीराम को पूजा के बाद उनकी सभी इच्छाएँ पूरी होने का आशीर्वाद देते हैं।

इस दृश्य को देखकर दर्शक रोमांचित हो जाते हैं। पूरे पंडाल से ष्जय सीयारामष का उद्घोष गूँजता है। पूरा क्षेत्र भक्तों से भर जाता।

इस अवसर पर सुरेश अग्रवाल, अवधेश शर्मा, डॉ तेजवीर यादव, त्रिभुवन पंडित, अनुज सक्सेना, आशु गुप्ता, डॉ अनिल सक्सेना, मोहित मल्होत्रा, चितरंजन श्रीवास्तव, सुभाष सक्सेना, संजू प्रजापति, संजू बाबा, नवनीत सक्सेना, अन्नु गंगवार, पीयूष कुमार, दिनेश कश्यप, पुनीत अग्रवाल, अरुण कीर्ति सक्सेना, संजीव दयाल सक्सेना, विक्की सक्सेना, अनुज यादव, राजेश नायक, रवि रामपुरी, सोनू शर्मा, राहुल शर्मा, मक्खन लाल सैनी, ओपी सक्सेना, अखिलेश बिसारिया आदि समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।



# झील क्लब ने न्यू स्टार क्लब को 2-1 के गोल के अंतर से हराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** नगर के मंसब अली स्पोर्टस स्टेडियम में चल रहे खान कप फुटबाल टूर्नामेंट के मैच में झील क्लब ने न्यू स्टार क्लब को 2-1 के गोल के अंतर से हराकर, सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।मैच शुरू होते ही दोनों टीमों ने ताबड़तोड़ आक्रमण करते हुए गोल करने के भरपूर प्रयास किए, लेकिन पहले हाफ का खेल गोल रहित बराबरी पर समाप्त हुआ। मैच के दूसरे हाफ के आठवें मिनट में झील क्लब के खिलाड़ी शोएब द्वारा पहला गोल किया गया। पलटवार करते हुए न्यू स्टार क्लब के खिलाड़ी शहजाद ने गोल कर मैच बराबरी पर ला दिया। दूसरे हाफ के अंतिम समय में झील क्लब के मोहम्मद जियाद ने गोल कर अपनी टीम को दो गोल की बढ़त दिलाने के साथ ही यह मैच 2-1 के गोल के अंतर से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। मैच के श्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार झील क्लब के खिलाड़ी मोहम्मद जियाद को मुख्य अतिथि मुहम्मद मकसूद द्वारा दिया गया। मैच रेफरी शाहबुद्दीन और लाइन मैन जुबैर आलम व जैद रहे। कमेंट्रेटर की भूमिका मुहम्मद सईद सागर, जहीर जिया और वसीम अकरम ने निभाई।

इस अवसर पर आयोजकों में मु० दाऊद, सगीर गुड्डू, शहाबुद्दीन, राहत अली, जुबैर आलम, ताहिर बफन ,महफूज मुन्ना, तस्लीम मिस्त्री, कारी रिजवान, जैद कुरैशी, अलकमा अमान और अनीस परवेज आदि मौजूद रहे।



# भावाधस ने नरपतनगर में किया भगवान वाल्मीकि शोभा यात्रा कमेटी का गठन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** सोमवार कस्बा नरपतनगर के मौ०पुराना बाजार वार्ड 01 वाल्मीकि बस्ती में भावाधस की बैठक में भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीप सिंह राही ने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी सनातन धर्म के पितामह क्यों भगवान वाल्मीकि जी ने ही इस प्रथ्वी पर सर्वप्रथम महाग्रंथ रामायण की रचना कर मानव जाति को प्रेम भाईचारा और आपसी सौहार्द की प्रेरणा दी इस मौके पर भगवान वाल्मीकि प्रकट उत्सव हर्षोल्लास से मनाने भगवान वाल्मीकि शोभा यात्रा का गठन किया जिसमें संजीव वाल्मीकि -अध्यक्ष, भूरा वाल्मीकि -सचिव, राजू वाल्मीकि -कोषाध्यक्ष, विनोद वाल्मीकि -प्रचारमंन्त्री, संजय वाल्मीकि -प्रभारी,रज्जन खलीफा,आदि बनाये गये बैठक में सोनू वाल्मीकि, प्रमोद,आशीष,सन्जू, सचिन, सतीश, राकेश, दिनेश, मुकेश, आदर्श,सरबू आदि लोग मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा की टीम ने 265 लीटर सॉस व 21 किलो कुट्टू आटा किया सीज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** आगामी नवरात्रि व दशहरा पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी जोगि. ंदर सिंह के निर्देश पर आम जन मानस को सुरक्षित खाद्य व पदार्थ उपलब्ध कराए जाने और मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य)।।/ अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा द्वारा विशेष अभियान चलाया गया।

इस विशेष छापामार अभियान में अजीतपुर, इण्डस्ट्रीयल एरिया स्थित बाला जी फूडस के लोकेश कुमार गुप्ता पुत्र प्रवीण कुमार से आटा, रेड सॉस, ग्रीन सॉस का 01-01 नमूना लिया गया एवं लगभग 265 लीटर सॉस सीज किया।

शंकरपुर स्थित शर्मा जनरल स्टोर के राजेन्द्र कुमार शर्मा से कुटू आटा के 02 नमूने लिये गये और लगभग 21 किग्रा. आटा सीज किया।



मिलक स्थित छत्रपाल किराना स्टोर से मूंगफली दाना और किशमिश का 01-01 नमूना लिया गया।

इस प्रकार विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 07 विधिक नमूनें संग्रहीत करके जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गये।

जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त मिलावट की प्रकृति के अनुरूप सुसंगत धाराओं में वाद योजित किये जायेगे। सचल दल में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण धर्मपाल सिंह, रामचन्द्र यादव, शाहबुद्दीन दोस्त, श्री राहुल शुक्ला उपस्थित रहे।

# सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने को लेकर पालिकाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय हिंदू जागृति संघ प्रदेश अध्यक्ष एवं श्री चित्रगुप्त पीठ की जिला प्रमुख के साथ प्रतिनिधि मण्डल नगर पालिका अध्यक्षा से मिलने पहुंचा। जिसका मुख्य उद्देश्य रामपुर में कुछ वार्डो की समस्यायों और कूड़ा उठाने वालो के और झाड़ू लगाने वालों की मनमानी एवं नलियों का चोक होना और त्योहारों के मद्दे नजर मंदिरों के आस-पास सफाई और चूना डालने आदि को लेकर एक शिकायतों से अवगत कराया और कार्यवाही हेतु एक ज्ञापन अध्यक्षा को सौंपा। नगर पालिका अध्यक्षा की और से पूर्ण सहयोग ओर आश्वासन दिया गया और जल्द समाधान करने का भरोसा दिलाया उनके इस व्यवहार कुशल नेतृत्व के लिए उनका आभार व्यक्त किया गया। प्रतिनिधि मंडल में कंचन सक्सेना, विशाल गुप्ता, गीता अरोड़ा, रेनू सक्सेना, संगीता अग्रवाल, वेद आहूजा आदि शामिल थे।

# ज्वालापुर हसनपुर उत्तरी के बीच नदी की पुलिया पर पीडब्ल्यूडी का कार्य शुरू, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** क्षेत्र के ज्वालापुर और हसनपुर उत्तरी के बीच स्थित नदी की पुलिया पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) का कार्य किया जारहा है विभाग द्वारा पुराने पुल के ऊपर ही नई सड़क डालने की तैयारी की जा रही है। इसको लेकर ग्रामीणों में प्रदर्शन कर किया।

ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया काफी जर्जर हो चुकी है, यह पुलिया लगभग पच्चीस साल पुरानी है और उस पर नई सड़क डालने से भविष्य में दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहेगी। उनका मानना है कि यहाँ पर नई पुलिया का निर्माण कराया जाये ताकि आने-जाने वाले राहगीरों और वाहनों को सुरक्षित मार्ग मिल सके।

इस दौरान गजेंद्र सिंह सैनी, मदन पाल, रामकिशोर, नरेश, सोमपाल, रविंद्र सिंह, सतेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, विक्की, रतनलाल, रिंकू दिवाकर, कृपाल सिंह, हरपाल सिंह, मान सिंह, राकेश और महेंद्र सिंह समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने विभाग से गुहार लगाई है कि , यहाँ नई और मजबूत पुलिया बनाई जाए जिससे लंबे समय तक लोगों को सुविधा मिल सके।



# एक नफर वारंटी को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 1वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई ।पुलिस अधीक्षक के आदेश पर रविवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार मलिक के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए बलविंदर सिंह पुत्र लुभाया राम निवासी ग्राम मेहंदी नगर केलाखेड़ा रोड स्वार को उसके मस्कन से गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0रामबाबू,का0नवाब,संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।



# रामपुर सांसद ने महाराष्ट्र में स्टैंडिंग कमेटी में उठाया पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन का मुद्दा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने मुंबई महाराष्ट्र में स्टैंडिंग कमेटी में पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन का मुद्दा उठाया।

सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी पर्यावरण वन और जलवायु स्टैंडिंग कमेटी को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल दुनिया में प्रदूषण की मात्रा बढ़ती चली जा रही है । खासकर शहरों में तेजी से बढ़ता हुआ यह प्रदूषण प्रकृति , मनुष्यों और जीव जंतुओं के लिए हानिकारक है । जितनी उन्नति विज्ञान और प्रौद्योगिकी ने की है , उतना ही उसका गहरा प्रभाव गहरा प्रकृति और पर्यावरण पर पड़ा है । आज हम कई विपदाओं का सामना कर रहे है , उसमे से एक प्रदूषण भी है । जब पृथ्वी के वातावरण में गंदगी फैलाने वाले पदार्थ और वस्तु पाए जाते है , जिसके कारण जल , हवा , मिटटी जैसे प्राकृतिक संसाधन प्रदूषित हो रहे है। शहरों को कई दशकों से उन्नत और शक्तिशाली बनाने के लिए वन , पेड़ इत्यादि धरल्ले से काटे जा रहे है क्यों कि उसकी जगह पर बड़ी इमारत , बिल्डिंग्स , शॉपिंग मॉल , फैक्ट्रीज बनाये गए है और अभी भी बनाये जा रहे है । इंसान तरक्की और कामयाबी पाने के लिए अपनी ही सुन्दर प्रकृति नुकसान पहुंचा रहा है यह जानकारी सांसद मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा एडवोकेट ने दी।



# धनुष यज्ञ से गूंज उठा रामलीला मैदान, भक्ति रस में डूबे दर्शक

- **नटखट कृष्ण से लेकर जयमाल तक मंच पर सजीव हुई लीलाओं ने बांधा समां**
- **भक्ति और मनोरंजन की त्रिवेणी: रामलीला महोत्सव बना आस्था का पर्व**
- **तालियों और जयघोष से गूंजा उत्सव पैलेस, अविस्मरणीय बना सातवां दिन**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्सव पैलेस रामलीला ग्राउंड सोमवार को श्रद्धा और संस्कृति के रंगों से सराबोर नजर आया। श्रीरामलीला महोत्सव के सातवें दिन का दृश्य इतना अद्भुत था कि हजारों की भीड़ देर रात तक पंडाल में डटी रही और भक्ति रस की धारा में गोते लगाती रही।

सुबह 9 बजे रासलीला और श्रीकृष्ण की निकुंज लीलाओं से दिन का शुभारंभ हुआ। मंच पर जब नटखट कृष्ण की बाल लीलाओं और उनकी प्रेममयी लीलाओं का जीवंत चित्रण हुआ तो पूरा पंडाल तालियों की गूंज से गूंज उठा। बच्चों की मासूम खिलखिलाहट और बुजुर्गों की भक्ति-नम आंखों ने इस आयोजन को और भी दिव्य बना दिया।



शाम ढलते ही ग्राउंड रंगीन रोशनियों से जगमगा उठा। भक्ति संगीत की धुनों ने वातावरण को और भी मनमो. हक बना दिया। रात 8:30 बजे वृंदावन से पधारे कलाकारों ने मंच संभाला और अपनी सजीव प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। धनुष यज्ञ, रावणख्रवाणासुर संवाद, धनुष भजन और जयमाल जैसे प्रसंग जब मंच पर साकार हुए तो हर कोई मंत्रमुग्ध रह गया। तालियों, शंखध्वनि और ष्जय श्रीरामष के नारों से पंडाल गूंज उठा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हरीश चंद्र अग्रवाल, प्रवेश कुमार अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल और भारत भूषण अग्रवाल उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने उन्हें पुष्पगुच्छ, शॉल और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया।

सातवें दिन की प्रस्तुतियों ने न केवल दर्शकों को भक्ति रस से सराबोर किया बल्कि आने वाले दिनों की झलक के प्रति उनकी उत्सुकता भी बढ़ा दी।

रामलीला महोत्सव की यह आध्यात्मिक और सांस्कृतिक यात्रा हर किसी के लिए अविस्मरणीय स्मृति बनती जा रही है। इस मौके पर अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र कुमार गर्ग, सह अध्यक्ष सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, सुभाष चन्द्र अग्रवाल ठेकेदार , ईश्वर सरन अग्रवाल, विनोद कुमार गुप्ता ठेकेदार, वेद प्रकाश वर्मा, अरविन्द कुमार अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, निर्भय कुमार गर्ग, कमलेश कुमार अग्रवाल (एड.), डॉ. अजय कुमार अग्रवाल, अरुण कुमार अग्रवाल, राम प्रताप सर्राफ, अनिल कुमार चौरसिया , राजीव सरन गर्ग, विनीत कुमार अग्रवाल, शान्ति शरण राठौड़, हरिओम गुप्ता, मनोज कुमार अग्रवाल, श्रीराम अग्रवाल, रविन्द्र कुमार मिश्रा, संजय अग्रवाल, डॉ. सुमित कुमार गोयल आदि मौजूद रहे।

# महिला ब्राह्मण सभा के तत्वावधन में हुआ मां का श्रंगार, भोग, आरती एवं संकीर्तन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक/रामपुर।** नगर के प्राचीन शिव मंदिर पर शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन महिला ब्राह्मण सभा के तत्वावधान में मां का श्रंगार ,भोग, आरती एवं संकीर्तन किया गयास सर्वप्रथम अध्यक्षा गीता शर्मा, पंडित रामकुमार शर्मा, डॉ विकास शुक्ला ,डॉ विवेक शुक्ला ने माता का पूजन किया। माता को चुनरी पहनाकर श्रंगार किया तत्पश्चात् आरती की गयी। पूजन वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ आचार्य पं. शिवचरण शर्मा द्वारा सम्पन्न किया हुआ।अन्य में प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में माताओं ने संकीर्तन किया। लोगों ने बड़े उत्साह के साथ नवरात्रि शुभारंभ में भाग लिया। इस अवसर डा.चन्द्रप्रकाश शर्मा,नवीन कुमार शर्मा,मुकेश कौशिक, कृशिव शर्मा, विपिन शर्मा ,नंदन प्रसाद, शर्मा, प्रिया शर्मा ,उषा शर्मा स्वांति शर्मा ,मानसी भार्गव, प्रगति शर्मा,नीलम मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# पंजाब मे बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए सामान से भरी पिकअप लेकर नगर के युवक हुए रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर पंचायत मसवासी से पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए 21 सितंबर रविवार की शाम को नगर के यूवको ने मिलकर पंजाब बाड़ पीड़ितो के लिए एक पीक अप समान जिसमे आटा चावल दाले टोर्च तिरपाल मच्छर दानी सहित खाने पीने का सामान लेकर रवाना हुए। पंजाब में बाढ़ से हुई बर्बादी को देखते हुए नगर के यूवक ओर ओलमाओ ने नगर मे लोगो का एहवान किया कि वह पंजाब मे बाड़ पीड़ितों की मदद को आगे आये इसके लिए एक युवको की टीम बनी ओर उन्होंनें आगे आकर पंजाब के लोगों की मदद करने का प्लान बनाया। उन्होंने कहा बाढ़ सिर्फ पानी का सैलाब नहीं होता यह इंसान की मेहनत उसका घर उसकी फसल और कई बार उसकी पूरी जिंदगी को भी बहा कर ले जाता है। पंजाब जिसको अनाज का गोदाम कहा जाता है। वहां के खेत पानी में डूब गए हैं किसान भाइयों की फैसले बर्बाद हो गई है और हजारों परिवार बे घर होकर खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है लेकिन ऐसे कठिन समय में हमें एक दूसरे का हाथ पकड़ना है यह सिर्फ पंजाब के लोगों का नहीं बल्कि हम सब का दर्द है जब कोई अपना मुश्किल में हो तो इंसानियत का फर्ज है कि हम मदद के लिए आगे बढ़े। पंजाब के लोगों की परेशानी को देखते हुए मसवासी की टीम एक पीअप समान भर कर पंजाब के लिए रविवार की शाम को रवाना हुई। टीम में शाहरूख अंसारी, सभासद इरशाद हुसैन, शाहनवाज अंसारी, अजीम सिद्दीकी, वसीम मंसूरी, सभासद महफूज आलम, युसुफ भाई, शाकिर हाफिज मुख्य रूप से शामिल रहे।



# शारदीय नवरात्री के पहले दिन माता दुर्गा रानी की पूजा के साथ महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** शारदीय नवरात्र के पहले दिन क्षेत्र के करीमपुर गांव में महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर मां दुर्गा रानी की पूजा की और विधि विधान रूप से मां दुर्गा रानी का जलाभिषेक किया।

सोमवार को शारदीय नवरात्र के पहले दिन क्षेत्र के करीमपुर की तमाम महिलाओं ने पूर्व प्रधान सुशील कुमार के नेतृत्व में शिव मंदिर से होकर मिलक नौखरीद घोसीपुरा होते हुए पट्टी कला के कोसी नदी मंदिर पहुंची और पूजा अर्चना की।

पूजा अर्चना के बाद तमाम महिलाएं सिरों पर कलश रखकर कोसी नदी पहुंची और वहां से जलाभिषेक के लिए जल लेकर निकल पड़ी सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा महिलाएं मंगल गीत और और शारदीय नवरात्र के गीत गाते हुए चल रही थी कलश यात्रा का कई जगह स्वागत हुआ।



कई जगह घूमते हुए कलश यात्रा गांव पहुंची और देवी स्थान पर कलशो से जलाभिषेक किया। और पूजा अर्चना कर मनौतिया मांगी। इस मौके पर मोनिका ममता राजेश्वरी प्रीति मीणा ज्योति राधिका चंद्रावती सरोज कोमल जयंती आदि महिलाएं शामिल रही।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।

इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी का गेट नं. 02 कपूर फोटो स्टेट वाली गली
रामपुर मो. नं.9720093014
shahtimesrmp@gmail.com

## नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम ARTI GATAK से बदलकर AARTI GHATAK कर लिया है भविष्य में मुझे AARTI GHATAK D/O SUKANTO KUMAR GHATAK निवासी मोहल्ला चक स्वार जनपद रामपुर के नाम से जाना व पहचाना जाए।

# नए युग की दहलीज पर खड़ा आज का भारतः आनंदी बेन पटेल

## सीसीएसयू के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने छात्र-छात्राओं को वितरित किए 245 पदक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रदेश की महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति विश्वविद्यालय/राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में सोमवार को चौ. चरण सिंह विवि के नेताजी सुभाष चन्द्र बोस प्रेक्षागृह में चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय का 37वां दीक्षांत समारोह भव्य रूप से मनाया गया। समारोह में कुल 245 पदक विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं को दिए गए। कुलपति द्वारा राज्यापाल/कुलाधिपति, मुख्य अतिथि, विशिष्ठ अतिथि तथा अति विशिष्ठ अतिथि को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर राष्ट्रगीत गाया गया। कार्यक्रम मे जनपद हापुड़ की 300 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किट प्रदान की गई। राज्यपाल ने प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों को पुस्तक भेंट की। राज्यपाल महोदया द्वारा विश्वविद्यालय विभिन्न भवनों का ऑनलाईन लोकार्पण एवं विवि की नीतियो का विमोचन किया गया।

राज्यपाल द्वारा 83587 उपाधियों को डिजी लॉकर में समावेशित किया गया। विश्वविद्यालय से सम्बद्ध 06 महाविद्यालयों को नैक द्वारा ए व ए प्लस ग्रेड प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। प्राथमिक विद्यालय मीरपुर की छात्रा कु. आयुषी द्वारा दहेज प्रथा, डाल्फिन स्कूल की छात्रा कु. अनुष्का शर्मा द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर उद्बोधन दिया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा पर्यावरण गीत एवं अभिनय की प्रस्तुति दी गई, सभी छात्राओं को राज्यपाल द्वारा उपहार दिये गये। गोद लिये गये गांव में आयोजित भाषण, चित्रकाल, कहानी-कथन आदि प्रतियोगिता में तीन विजेताओं अनुज, शगुन व अक्का को पुरस्कृत किया गया। दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुये राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि मेडल प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राएं बधाई के पात्र है। भारत आज प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में नित्य नये सोपान गढ़ रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि आज का भारत नये युग की दहलीज पर खडा है। नये भारत के सामने विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी भारत पर्यावरण संरक्षण से समृद्ध भारत, अपनी विरासत पर गर्व करता भारत, सभी क्षेत्रो में विश्व को नेतृत्व प्रदान करता भारत जैसे अनेक लक्ष्य है। यह केवल लक्ष्य नहीं है बल्कि करोडों भारतीय आकांक्षाएं है जो हमे नये भविष्य की ओर अग्रसर करती है। आज भारत हर क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। भारत अब अनुसरण करने वाला नहीं है बल्कि नेतृत्व करने वाला राष्ट्र बन चुका है।

मुख्य अतिथि अध्यक्ष अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद नई दिल्ली प्रो. टी.जी. सीताराम ने उपाधि प्राप्त छात्र-छात्राओं को शुभकामना देते हुये कहा कि आज का यह समारोह केवल व्यक्तिगत सफलता का ही नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का स्मरण करने का है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि अपनी शैक्षणिक उपलब्धियो के साथ-साथ आप सभी सामाजिक विषमताओ को दूर करने, आर्थिक उत्थान लाने और देश की प्रगति के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य करने हेतु स्वयं समर्पित रहे।

अति विशिष्ट अतिथि मंत्री उच्च शिक्षा विभाग उ.प्र. योगेन्द्र उपाध्याय ने क्रांति की धरा मेरठ को नमन करते हुये उपाधि प्राप्त छात्र-छात्राओं को बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है उसमें सब सहभागी बनें।

विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री उच्च शिक्षा विभाग उ.प्र. रजनी तिवारी ने उपाधि प्राप्त छात्र-छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत बदल रहा है, भारत आगे बढ़ रहा है, आपकी जिम्मेदारी है कि आप भी राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दें। कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने दीक्षांत समारोह के दौरान विवि की उपलब्धियों तथा भविष्य में चलाये जाने वाले कार्यकमों, परियोजनाओं एवं शिक्षा, शोध एवं प्रसार के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने राज्यपाल व मुख्य अतिथि के जीवन वृत्त पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर सांसद बागपत डा. राजकुमार सांगवान, विधायक सिवालखास गुलाम मौहम्मद, एमएलसी धर्मेन्द्र भारद्वाज, महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तौगी, कुलपति कृषि विवि प्रो. के.के. सिंह, मुख्य विकास अधिकारी हापुड़, समस्त कार्यकारी परिषद सदस्य, अन्य अधिकारीगण, विवि के समस्त संकायो के डीन/प्रोफेसर, गणमान्य व्यक्ति, उपाधि प्राप्त छात्र-छात्राएं, अभिभावकगण, प्राथमिक विद्यालय की छात्राएं, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि उपस्थित रही।

# सीसीएसयू बना भ्रष्टाचार का अड्डा!

## कुलपति संगीता शुक्ला पर छात्रों ने लगाया करोड़ों के गबन का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्व. विद्यालय मेरठ की अव्यवस्थाओं, भ्रष्टाचार और छात्रों की मूलभूत समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मेरठ कॉलेज से पैदल मार्च करते हुए बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर पहुंचे। छात्रों ने वहां पर सीओ सिविल लाइन को राज्यपाल/कुलाधिपति को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। छात्रों ने कहा कि विश्वविद्यालय में वित्तीय, शैक्षणिक और प्रशासनिक स्तर पर गम्भीर भ्रष्टाचार और अव्यवस्था व्याप्त है। छात्रों का भविष्य खतरे में है और यदि तत्काल कदम ना उठाए तो विश्वविद्यालय एक भ्रष्टाचार का तंत्र बन जाएगा।

### छात्रों की प्रमुख मांगे

छात्र संघ चुनाव की बहाली, कई वर्षों से बंद छात्र संघ चुनाव तुरंत बहाल किए जाएँ। ऑडिट रिपोर्ट की जाँच, वर्ष 2022-23 की ऑडिट रिपोर्ट में करोड़ों के घोटाले उजागर हुए हैं। वर्ष 2023-24 की ऑडिट रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए तथा पिछले वर्षों का ऑडिट दोबारा कराया जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो। मार्कशीट, डिग्री और माइग्रेशन में दलाली खत्म हो, छात्रों को दस्तावेज पाने के लिए महीनों भटकना पड़ता है और दलालों का शिकार होना पड़ता है। एक पारदर्शी ऑनलाइन व्यवस्था बनाई जाए जिससे सभी प्रमाणपत्र समय पर सीधे छात्रों को मिलें। इसी के साथ अन्य मांगे भी प्रमुख रहीं।

### संगीता शुक्ला के वित्तीय लेन-देन की हो जांच

प्रो. संगीता शुक्ला के कार्यकाल की जांच, उनके कार्यकाल में हुए सभी वित्तीय लेन-देन, बिना दिनांक हस्ताक्षर वाले दस्तावेजों और भ्रष्टाचार की विशेष समिति बनाकर जांच हो और दोषियों को जेल भेजा जाए।

### यह रहे मौजूद

इस पैदल मार्च व ज्ञापन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आदेश प्रधान एडवोकेट, विजित तालियान, आदित्य पवार, अनुज भड़ाना, आकाश भड़ाना, शशिकांत गौतम, शिरा जाट, रविन्द्र प्रधान, रोहित राणा, शुभम मलिक, प्रियव्रत राणा, मोहित केनापुर, भारतीय किसान यूनियन अंबेडकर के जिला अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

## दीक्षांत समारोह समाप्त होने के बाद छात्र नेता शान मोहम्मद को पुलिस ने छोड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** सीसीएस यूनिवर्सिटी में 37वें दीक्षांत समारोह से पहले ही छात्र नेता शान मोहम्मद को दो दिन पूर्व किठौर पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया था। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल थी। वहीं सभी छात्र नेताओं ने वीसी द्वारा घोटाले की पोल खोलने व छात्र संघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर एक साथ मिलकर विरोध प्रदर्शन का ऐलान कर रखा था। इसी को लेकर प्रशासन अलर्ट पर था। पुलिस ने छात्र नेताओं को चिन्हित किया था। सभी को 2023 की धारा 168 के अंतर्गत नोटिस दिया गया था। नोटिस मिलने के बाद छात्र नेता शान मोहम्मद को उसके आवास से हिरासत में लिया गया था। छात्र नेता शान मोहम्मद को पुलिस हिरासत से सोमवार 5 बजे छोड़ा गया। हिरासत से छूटने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर शान मोहम्मद ने कहा कि प्रशासन द्वारा इस तरह का व्यवहार लोकतंत्र की हत्या नहीं तो क्या।

# सलावा-कपसाड़ विवाद पर खुलकर सामने आए विधायक अतुल प्रधान

## अतुल बोले मुस्लिम-गुर्जर व सर्वसमाज को साथ लेकर बढूंगा आगे

**■ कहा नफरत की राजनीति का सरधना में होकर रहेगा खात्मा**



विधायक अतुल प्रधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरधना विधानसभा के सलावा-कपसाड़ प्रकरण केवल एक मामूली विवाद नहीं रहा, बल्कि अब यह राजनीतिक बहस का केंद्र बन गया है। क्षेत्र के विधायक अतुल प्रधान ने इस मुद्दे पर बड़ा और बेबाक बयान देते हुए न केवल नफरत फैलाने वाली राजनीति को बेनकाब किया, बल्कि सरकार को भी कटघरे में खड़ा कर दिया।

अतुल प्रधान ने एक बार फिर लाइव आकर मीडिया से कहा कि सरधना में सामाजिक सौहार्द को तोड़ने की साजिशें लगातार रची जा रही हैं। पहले मुस्लिम समाज को टारगेट किया गया और अब गुर्जर समाज को निशाना बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यह सब केवल राजनीतिक फायदा उठाने की को. शिश है। सरधना की जनता अब इन चालों को भली-भांति समझ चुकी है और जो भी समाज को बांटने की को. शिश करेगा, उसे जनता मुंहतोड़ जवाब देगी। हम मुस्लिम गुज्जर में सर्व समाज मिलकर सरधना से नफरत की राजनीति का पूरी तरह खत्म करके दिखाएंगे और संविधान के दायरे में नफरत फैलाने वालों को सबक सिखाएंगे।

### योगी सरकार पर करारा वार

विधायक अतुल प्रधान ने प्रदेश की योगी सरकार को घेरते हुए कहा कि सरकार को गुर्जर समाज की बढ़ती राजनीतिक चेतना और जागरूकता से डर लग रहा है। उनका कहना था यह सरकार गुर्जर और मुस्लिम समाज को कमजोर करने की रणनीति बना रही है, लेकिन यह भूल रही है कि सरधना की धरती पर नफरत का बीज कभी अंकुरित नहीं हो सकता। यहाँ भाईचारे की ताकत हर बार नरत को हराती रही है और आगे भी हराएगी उन्होंने कहा कि पहले सालवा औरत कपसद की घटना नरत की राजनीति को पूरी तरह बयां कर रही है इसके खिलाफ अब सर्व समाज को एकजुट होना होगा। अतुल प्रधान ने कहा कि पूरे प्रदेश में गुर्जर समाज अपनी राजनीतिक सामाजिक पहचान बनाने के लिए जागरूकता फैला रहा है जिससे योगी सरकार घबरा गई है और इसी को लेकर सरकार ने जातीय सम्मेलनों पर रोक लगाने का फरमान सुनाया है।

### सर्वसमाज को साथ लेकर चलूंगा

अतुल प्रधान ने संकल्प लेते हुए कहा मैं किसी एक समाज का नहीं बल्कि पूरे सरधना का विधायक हूँ। मैं मुस्लिम, गुर्जर, सैनी, उपाध्याय, जाट, यहाँ तक की ठाकुर समाज व सर्वसमाज के लिए काम कर रहा हूं और सब को साथ लेकर चलूँगा। जातीय और धार्मिक राजनीति करने वाले नेताओं को सरधना की जनता पहले भी सबक सिखा चुकी है और आगे भी सिखाएगी। सरधना की मिट्टी में नफरत के लिए कोई जगह नहीं है।

### समर्थकों ने बताया शांति और एकता का संदेश

विधायक के बयान के बाद क्षेत्र में नई सियासी बहस छिड़ गई है। समर्थकों ने कहा कि अतुल प्रधान का यह रुख शांति, भाईचारे और सर्वसमाज की एकता का प्रतीक है। लोगों का कहना है कि जिस मजबूती से उन्होंने मुस्लिम और गुर्जर समाज के सम्मान की बात की है, उसने क्षेत्र की राजनीति में नई ऊर्जा भर दी है।

# सलावा प्रकरणः आजाद समाज पार्टी का सरधना तहसील में प्रदर्शन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव सलावा में हुए ठाकुर व मुस्लिम समाज के बीच विवाद प्रकरण में सोमवार को तहसील में पहुंचकर आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। जिसमें आसपा ने प्रशासन पर एकतरफा कार्यवाही करने का आरोप व बिना कोर्ट इजाजत के बुल्डोजर की कार्यवाही पर सवाल उठाए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने निष्पक्ष कार्यवाही करने की मांग की है।

गौरतलब है कि गत मंगलवार को थाना क्षेत्र के गांव सलावा गांव में ठाकुर व मुस्लिम समाज के पक्ष के बीच कहासुनी के बाद विवाद हो गया था जिसके बाद गांव में हालात तनावपूर्ण हो गए थे। गांव में भारी पुलिस फोर्स बल की तैनाती की हुई है। इस मामले में ठाकुर समाज की तरफ से पुलिस ने मुकदमा कायम करते हुए मुस्लिम समाज के आठ लोगों को जेल भेज दिया था। ग्रामीणों की मांग पर प्रशासन ने आरोपियों के घर पर बुल्डोजर की कार्यवाही की थी, जिस पर कई दलों के नेताओं ने विरोध जताया था। सोमवार को आजाद पार्टी के जिलाध्यक्ष चरण सिंह, वरिष्ठ नेता शाहजेब रिजवी, शाहरूख उर्फ बंटी कुरैशी के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तहसील पहुंचकर प्रदर्शन किया जिसमें डीएम के नाम का ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपते हुए कई सूत्रीय मांग पूरी करने को सौपा। जिसमे मुस्लिम पक्ष की रिपोर्ट दर्ज होने, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद बुल्डोजर कार्यवाही होने पर सवाल के साथ कार्यवाही करने वाले अधिकारियों पर भी सवालिया निशान उठाएं गए।

आजाद समाज पार्टी की तरफ से शाहजेब रिजवी ने कहा कि यह कार्रवाई एकतरफा है जब दो पक्षों में झगड़ा हुआ तो करवाई दोनों तरफ क्यों नहीं हुई पुलिस की ऐसी कार्रवाई से ही समाज में नफरत का माहौल बनता है। शाहजेब सलावा की कार्रवाई को पहले ही एक तरफा बता चुके हैं। उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद सभी के नेता है और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान को मानने वाले कभी एकतरफा कार्रवाई की सहमति नहीं दे सकते। इस दौरान शाहरुख उर्फ बंटी ने भी भीड़ को संबोधित करते हुए इस कार्रवाई की निंदा की। इस दौरान ओमप्रकाश, ब्रजमोहन, श्रीचंद, मोनू तोमर, संजय बंसल, रामकिशोर, शेर मोहम्मद, इमरान ठाकुर सभासद, सदाम अंसारी, जफर कुंलजन, हकीम कलीम आदि मौजूद रहे।

## शाहजहांपुर में मनाया गया महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शाहजहांपुर कस्बे में सोमवार को महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर वैश्य सम्मेलन, सहभोज एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शाहजहांपुर के अलावा किठौर, हसनपुर, शोल्दा, महलवाला, नानपुर, ढाना, मवाना और मेरठ से बड़ी संख्या में वैश्य समाज के लोग पहुंचे। समाज के लोगों ने सामूहिक सहभोज कर महाराजा अग्रसेन को वंदन किया और समाज की एकजुटता का संदेश दिया। सम्मेलन में समाजहित से जुड़े कई विषयों पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि समय-समय पर इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए, जिससे आपसी भाईचारा और संगठन और मजबूत हो सके। भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर समाज के लोगों ने प्रसन्नता जताई।

# छेड़छाड़ के आरोपी शिक्षक को बर्खास्त करने की मांग

## पीड़ित छात्रा के परिजनों से मिले राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सिरोही, पुलिस पर तहरीर बदलवाने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** कुछ दिन पूर्व नगर के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक द्वारा छात्रा के साथ मारपीट व छेड़छाड़ के मामले में सोमवार को अखिल भारतीय हिंदू सुरक्षा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सिरोही मवाना पहुंचे। उन्होंने पीड़िता के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि आरोपी को बचाने के लिए पुलिस ने तहरीर बदलवाई और मात्र शांतिभंग में उसका चालान किया। उन्होंने कहा कि वह डीएम मेरठ से आरोपी को बर्खास्त करने की मांग करते हैं।

गौरतलब है कि नगर के प्रीतनगर स्थित प्राथमिक विद्यालय में एक शिक्षक ने छात्रा के साथ बुरी तरह मारपीट की थी। आरोप है कि शिक्षक बच्चों से अपने सिर की मालिश भी कराता है। पिछले साल भी इसी शिक्षक ने छात्रा के साथ छेड़छाड़ की थी। जिसमें वह जेल गया था, लेकिन उसके बाद से उसकी तैनाती उसी विद्यालय में रही। सोमवार को कार्यकर्ताओं के साथ अखिल भारतीय हिंदू सुरक्षा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सिरोही पीड़ित छात्रा के परिजनों से मिले। उन्होंने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि वह आरोपी शिक्षक को सजा दिलवाकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि अब बीएसए ने आरोपी को कहीं और अटैच कर दिया है। जबकि उसके खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई होनी चाहिए। वह डीएम मेरठ से मांग करते हैं कि आरोपी के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा हो और उसके खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाए। इस दौरान धर्मेंद्र मलिक, अशोक शर्मा, संदेश प्रधान, हर्षित अरोड़ा, विनोद शर्मा, प्रभात यादव, कुलदीप खटीक मौजूद रहे।

## मेरठ में वैश्य परिवार ने धूमधाम से मनाई महाराज अग्रसेन जयंती

**मेरठ।** बागपत रोड स्थित वैश्य परिवार द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाराज अग्रसेन जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भव्य हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें वैश्य समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में अमित गर्ग (मूर्ति) ने आहुति दी। मुख्य अतिथि के रूप में महानगर अध्यक्ष मुकेश सिंघल, सत्य प्रकाश अग्रवाल और बिजेंद्र प्रभुजी उपस्थित रहे। इस मौके पर संयोजक राजीव मित्तल, राधेश्याम गर्ग, अमित गोयल, सचिन गोयल, मनीष गोयल, पियूष गोयल, विशाल गुप्ता, पवन मित्तल, सर्वेश नंदन गर्ग, अजय गुप्ता और नटराज सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शोभित इंस्टीट्यूट में 'एचसीएल गुवी डे' का भव्य आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी) इन दिनों विश्वविद्यालय की 'कमिटमेंट टू नॉलेज एंड इनोवेशन' के उदेश्य को साकार करने हेतु कमिटमेंट वीक का आयोजन कर रहा है। इस सप्ताह के पहले दिन, 22 सितम्बर 2025 को, स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग एवं कम्प्यूटर क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 'एचसीएल गुवी डे' का सफल और ऐतिहासिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित स्पेशल सेशन का विषय 'जेनेरेटिव एआई' रहा। सत्र को इंडस्ट्री के अनुभवी और विशिष्ट विशेषज्ञों सारांश सक्सेना (जनरल मैनेजर ग्रोथ), डॉ. अमित अर्जुन वर्मा (हेड ऑफ डाटा साइंस), लोकेश और अमन ने संबो. धित किया। सभी वक्ताओं ने छात्रों को अत्यंत सरल, रोचक और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि किस प्रकार जेनेरेटिव एआई भविष्य की तकनीकी दुनिया को आकार दे रहा है। सारांश सक्सेना ने व्यापार और उद्योग में एआई के वास्तविक अनुप्रयोगों तथा बिजनेस ग्रोथ में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. अमित अर्जुन वर्मा ने जेनेरेटिव एआई की तकनीकी बारीकियों, डाटा साइंस में इसके उपयोग और नैतिक पहलुओं को विस्तार से समझाया। लोकेश ने भविष्य के रोजगार और स्किल रिक्वायरमेंट्स पर बात करते हुए बताया कि किस प्रकार एआई उद्योग की आवश्यकताओं को पूरी तरह बदल देगा। वहीं अमन ने विद्यार्थियों और शोधार्थियों को प्रोजेक्ट्स, स्टार्टअप्स और रिसर्च कार्यों में जेनेरेटिव एआई के प्रयोग से जुड़े अवसरों के बारे में प्रेरित किया। सेशन अत्यंत प्रभावशाली और ज्ञानवर्धक रहा। सभागार छात्रों से खचाखच भरा हुआ था और हर छात्र की आँखों में नई जानकारी प्राप्त करने का उत्साह स्पष्ट झलक रहा था। प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और अपने जिज्ञासापूर्ण प्रश्न प्रस्तुत किए। विशेषज्ञों ने धैर्यपूर्वक प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दिया और व्यावहारिक दृष्टिकोण साझा किया। छात्रों ने इस अनुभव को 'आई-ओपनिंग' बताते हुए कहा कि इस सत्र ने उन्हें एआई की वास्तविक क्षमताओं और संभावनाओं से रूबरू कराया।

वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) वी.के. त्यागी ने कहा कि विश्वविद्यालय का प्रयास है कि छात्रों को समय-समय पर नवीनतम तकनीकों से अवगत कराया जाए। गुवी डे जैसे आयोजन छात्रों के करियर निर्माण की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। प्रो. वाइस चांसलर डॉ. जयनंद ने अपने विचार रखते हुए कहा कि डिजिटल युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का गहन ज्ञान छात्रों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाता है। यह आयोजन भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप उन्हें तैयार करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस आयोजन में 500 से अधिक छात्रों ने सक्रिय भागीदारी की। विद्यार्थियों को न केवल विशेषज्ञों से संवाद करने का अवसर मिला बल्कि उन्हें गुडीज भी प्रदान किए गए, जिससे उनका उत्साह और बढ़ गया। छात्रों ने कहा कि यह आयोजन उनके लिए केवल एक शैक्षिक अनुभव नहीं था बल्कि उन्हें उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं, नए अवसरों और भविष्य की तकनीकी दिशा को समझने का अद्भुत मौका मिला। कार्यक्रम का समापन राजेश पांडे, असिस्टेंट प्रोफेसर स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग एवं फैकल्टी इंचार्ज कम्प्यूटर क्लब द्वारा किया गया। उन्होंने सभी अतिथियों, वक्ताओं और छात्रों का आभार व्यक्त किया और कहा कि गुवी डे केवल एक आयोजन नहीं बल्कि छात्रों के लिए सीखने, अनुभव प्राप्त करने और अपने करियर को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप ढालने का सुनहरा अवसर रहा है।

## परीक्षितगढ़ की रामलीला में अहिल्या उद्धार एवं खर दूषण वध की लीला का मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर में चल रही रामलीला के मंच पर अहिल्या उद्धार एवं खर दूषण वध की लीला का मंचन किया गया। भगवान श्री राम ने पत्थर की बनी अहिल्या को शाप मुक्त किया। वहीं आतताई खर दूषण का वध कर ऋषि मुनियों के यज्ञ की रक्षा भी की रामलीला कमेटी के महासचिव पं. श्याम दत्त शर्मा ने बताया कि सोमवार कि रात को धनुष तोड़ा जाएगा तथा मंगलवार को भगवान श्री राम की बारात नगर की गुड मंडी से मुख्य मार्ग से होती हुई रामलीला मैदान में संपन्न होगी। इस अवसर पर विकल नागर, महेश त्यागी, विद्या भूषण गर्ग, राम अवतार नागर, भरत अग्रवाल, महावीर गुप्ता, अभिषेक गर्ग, सुनील शर्मा भूरे, राम शर्मा, राहुल शर्मा, योगेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक प्रमोद अटवाल का भाजपा नेता मनिंदर विहान ने किया स्वागत




**दौराला।** पुरकाजी विधानसभा से भाजपा के पूर्व विधायक प्रमोद अटवाल की बिहार विधानसभा चुनाव में ड्यूटी लगी है। बिहार जाने के दौरान सिवाया टोल प्लाजा पर दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला ने टीम के साथ फूलमालाओ से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पूर्व विधायक ने भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से एमएसलसी चुनाव, पंचायत चुनाव और 2027 के लिए दिशा निर्देश करते हुए कहा कि बूथ स्थर से ही चुनाव के परिणाम के फैसले होते है। इस दौरान आदित्य गुप्ता, नीरज चौधरी, अंकित चौहान, दीपक चौहान, राजवीर चौहान, प्रशांत चौहान, अश्वनी चौधरी, चेतन शर्मा, अंकित विहान, शिवम शर्मा आदि मौजूद रहे।

# भारत की पाक पर लगातार 7वीं जीत

## अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने 59 गेंदों पर 105 रन जोड़े, सात गेंद के बाकी रहते हुए जीता मैच



**दुबई, वार्ता।** भारतीय फील्डर्स ने 20 ओवर में 5 कैच टपका दिए। भारत के प्रीमियम फास्ट बॉलर जसप्रीत बुमराह ने 4 ओवर में 45 रन दे दिए। भारत के स्पिनर्स का जादू भी नहीं चला। कुलदीप, वरुण और अक्षर ने मिलकर सिर्फ 1 विकेट लिया। एशिया कप सुपर-4 राउंड में भारत के खिलाफ पाकिस्तान की पारी में पाकिस्तान के लिए जो कुछ भी सही हो सकता था हुआ। इसके बावजूद नतीजा क्या रहा। भारत ने 6 विकेट से आसान जीत हासिल की। यह इंटरनेशनल क्रिकेट में टीम इंडिया की पाकिस्तान के ऊपर लगातार सातवीं जीत है। बालिंग और फील्डिंग में कुछ हद तक कमजोर प्रदर्शन के बावजूद भारत ने शानदार जीत की पटकथा कैसे लिख डाली। भारत ने टॉस जीता, सूर्या ने फिर सलमान से हाथ नहीं मिलाया दुबई की पिच पर टारगेट चेज करना फायदेमंद रहता है। इस मैच से पहले पिछले 5 साल में यहां टॉप-12 टीमों के बीच 19 टी-20 इंटरनेशनल खेले गए थे। इसमें 17 में टारगेट चेज करी टीम जीती थी। इस बार भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीता और टारगेट चेज करने का ही फैसला किया। सूर्या ने टॉस के बाद एक बार फिर पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया। पाकिस्तान के साथ ग्रुप स्टेज मुकाबले में भी उन्होंने यही किया था। इससे नाराज पाकिस्तानी टीम मैच रेफरी एंडी पाइक्राफ्ट को हटाने पर अड़ गई थी। आईसीसी ने न सिर्फ उनकी डिमांड खारिज की, बल्कि इस मैच के लिए भी एंडी पाइक्राफ्ट को ही मैच रेफरी बनाया गया। पावरप्ले में पाकिस्तान ने की दम दिखाने की कोशिश पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ ग्रुप स्टेज मैच में भी पहले बल्लेबाजी की थी। तब पाकिस्तानी टीम पावरप्ले के पहले 6 ओवर में 2 विकेट खोकर सिर्फ 42 रन बना पाई थी। इस बार पाकिस्तान ने बेहतर प्रदर्शन किया और 6 ओवर में 1 विकेट खोकर 55 रन बनाए। सईम अयूब की जगह ओपनिंग करने आए फखर जमान 15 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद दूसरे ओपनर साहिबजादा फरहान ने नंबर 3 पर खेलने आए सईम के साथ 72 रन की पार्टनरशिप कर डाली। मिडिल ओवर में धीमी पड़ी पाकिस्तान की पारी पावरप्ले में अच्छी शुरुआत के बाद पाकिस्तान की पारी मिडिल ओवर्स में धीमी पड़ गई। पहले 6 ओवर में करीब 9 की रन रेट से बैटिंग करने वाली टीम अगले 10 ओवर में सिर्फ 64 रन बना सकी। तीन विकेट भी गंवाए। 16 ओवर की समाप्ति तक पाकिस्तान का स्कोर 119/4 था। फहीम की बैटिंग ने दिया संघर्ष करने लायक स्कोर पाकिस्तान ने डेथ ओवर्स यानी आखिरी 24 गेंदों पर 52 रन बनाए और टीम 20 ओवर में 171 रन तक पहुंचने में कामयाब रही। इसमें फहीम अशरफ का योगदान अहम रहा। फहीम ने सिर्फ 8 गेंदों पर 20 रन बनाए। कप्तान सलमान अली आगा ने 13 गेंदों पर 17 रन बनाए। इस मैच में भारत के प्रमुख गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बिल्कुल लय में नहीं दिखे। उन्होंने अपने 4 ओवर में 45 रन खर्च कर दिए और उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला। वरुण ने 4 ओवर में रन तो 25 ही दिए, लेकिन विकेट का खाता वे भी नहीं खोल पाए। कुलदीप ने 1 विकेट जरूर लिया, लेकिन उन्होंने 31 रन खर्च कर दिए। अभिषेक और गिल के आगे बेबस पाकिस्तानी क्रिकेट एक्सपर्ट्स इस पिच पर 171 रन के स्कोर को चुनौतीपूर्ण बता रहे थे। लेकिन, भारतीय ओपनर्स अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने जिस आक्रामक तेवर से बल्लेबाजी की उससे बहुत जल्द यह पता चल गया कि पाकिस्तान की एक और हार तय है। इन दोनों ने पावरप्ले में ही 69 रन बटोर लिए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 59 गेंदों पर 105 रन की पार्टनरशिप की। पिछले तीन मैचों में सिर्फ 35 रन बना पाए शुभमन गिल इस बार अलग अंदाज में दिखे। उन्होंने 167 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 47 रन बनाए।

### सुल्तान जोहोर कप: भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को मलेशिया में होने वाले सुल्तान जोहोर कप के आगामी संस्करण में भाग लेने के लिए रोहित की अगुवाई में 18 सदस्यीय भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की। डिफेंडर रोहित को कप्तान बनाया गया है। टीम में गोलकीपर बिक्रमजीत सिंह और प्रिंसदीप सिंह, डिफेंडर रोहित, तलेम प्रियोबर्ता, अनमोल एक्का, आमिर अली, सुनील पी बी और रवनीत सिंह( मिडफील्डर अंकित पाल, थुनाओजम इंगलेम्बा लुवांग, अदरोहित एक्का, अराजित सिंह हुंदल, रोसन कुजूर और मनमीत सिंह शामिल हैं।

# भारत-पाक में अब प्रतिद्वंद्विता नहीं रही: सूर्या



● **मुझे लगता है कि पत्रकारों को प्रतिद्वंद्विता पर यह सवाल पूछना बंद कर देना चाहिए**

**दुबई, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इस धारणा को खारिज कर दिया है कि भारत बनाम पाकिस्तान मुकबला अब प्रतिद्वंद्विता है। सूर्यकुमार यादव ने रविवार रात पाकिस्तान को छह विकेट से हराने के बाद पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि मैं इस सवाल पर एक बात कहना चाहूंगा। मुझे लगता है कि आपको प्रतिद्वंद्विता पर यह सवाल पूछना बंद कर देना चाहिए। इससे पहले उन्हें याद दिलाया गया कि सवाल प्रतिद्वंद्विता के बारे में बिल्कुल नहीं था। स्तर और प्रतिद्वंद्विता एक जैसी ही है।

मेरे हिसाब से, अगर दो टीमें 15-20 मैच खेलती हैं और अगर आमने-सामने मुकाबला 7-7 या 8-7 का होता है, तो उसे प्रतिद्वंद्विता कहते हैं। लेकिन 13-0, 10-1--- मुझे नहीं पता कि आंकड़े क्या हैं। लेकिन अब यह प्रतिद्वंद्विता नहीं रही। लेकिन हां, मुझे लगता है कि हमने उनसे बेहतर क्रिकेट खेला। रिकॉर्ड के लिए, भारत ने दुबई में 2022 में एशिया कप में पाकिस्तान से मिली पिछली हार के बाद से अब तक लगातार सात मैचों में खसिर्फ पुरुष अंतर्राष्ट्रीय मैचों में, पाकिस्तान को हराया है। इस 'प्रतिद्वंद्वी' के बारे में उनकी राय पूछे जाने से पहले, सूर्यकुमार ने बताया कि उन्हें खेल का निर्णायक दौर पाक की पारी का आधा समय लगा जब पाकिस्तान ने दस ओवर में एक विकेट पर 91 रन बनाए थे, जो भारत के खिलाफ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में अब तक का उनका सर्वोच्च हाफटाइम स्कोर था। यही वह समय था जब सूर्यकुमार ने अपनी टीम को संभाला और अंपायरों ने ड्रिंक्स इंटरवल की घोषणा कर दी। इसके बाद, भारत ने अगले सात ओवरों में केवल 38 रन देकर पाक पर लगाम कसी। इस टूर्नामेंट में 10-17 ओवरों के बीच बल्लेबाज़ी करने वाली टीमों का यह सबसे कम स्कोर है। सूर्या ने कहा कि मेरे हिसाब से, पहली पारी के पहले ड्रिंक्स में टर्निंग पॉइंट आया। उसके बाद लोगों ने अपनी बॉडी लैंग्वेज बदल दी। आप हमेशा पावरप्ले के बाद खेल में बदलाव देखते हैं। लेकिन आज, दस ओवर के बाद खेल बदल गया, जब गेंदबाजो ने अपनी लाइन और लेंथ बदली, उस स्थिति में क्या ज़रूरी था, यह समझा और थोड़ी ज्यादा ऊर्जा दिखाई। स्पिनरों ने अच्छी गेंदबा. जी की। और मेरे हिसाब से, शिवम का स्पैल, आप कह सकते हैं कि यह एक टर्निंग पॉइंट था। सूर्या ने शिवम के बारे में कहा कि मुझे लगता है कि वह सभी अभ्यास सत्रों में अपनी गेंदबाजी पर बहुत मेहनत कर रहा है।

# चोटिल बवुमा पाक के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर



● **बवुमा को यह चोट इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे पर लगी थी, जिसे ठीक होने में छह से आठ हफ्ते लगेंगे**

**केपटाउन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट कप्तान टेम्बा बवुमा पिंडली में खिंचाव के कारण पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। बावुमा को यह चोट हाल ही में इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे पर लगी थी और उन्हें ठीक होने में छह से आठ हफ्ते का समय लग सकता है।

उनकी गैरमौजूदगी में एडन मारक्रम टीम की कप्तानी करेंगे। टीम में ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर की दो साल से अधिक समय के बाद वापसी हुई है। वह स्पिन विभाग में सेनुरन मुथुमसे और प्रेनेलन सुब्रायन के साथ शामिल होंगे। पहली पसंद के स्पिनर केशव महाराज इंग्लैंड में कमर में खिंचाव के बाद केवल दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध हैं। एक और बड़ी खबर यह है कि विकेटकीपर लक्वटन डी कॉक ने एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास वापस ले लिया है और पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय और टी-20 दोनों टीमों में वापसी की है। डी कॉक ने आखिरी बार पिछले साल जून में बारबाडोस में हुए टी-20 विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के लिए खेला था। पाकिस्तान दौरे के सफेद गेंद वाले चरण के लिए कॉर्बिन बॉश और डेवाल्ड ब्रेविस को छोड़कर अपने सभी ऑल-फॉर्मेट खिलाड़ियों को आराम देने का फैसला किया है। डेविड मिलर टी-20 टीम की कप्तानी करेंगे जबकि मैथ्यू ब्रीट्जके वनडे टीम की कमान संभालेंगे। दक्षिण अफ्रीका पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट से एक दिन पहले लवडहोक में अपने नए स्टेडियम का उद्घाटन करने के लिए नामीबिया में एक अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच भी खेलेगा और उस मैच के लिए उसकी एक अस्थायी टीम होगी। ऑलराउंडर डोनोवन फरेरा उस टीम की कप्तानी करेंगे, जिसमें डी कॉक, नंद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएत्जी, रीजा हेंड्रिक्स और लुआन-ड्रे प्रीटोरियस, और रिवाल्डो मूनसामी शामिल हैं, जिन्हें पहली बार टीम में शामिल किया गया है। पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय टीम में फेरेरिया को बर्गर, कोएत्जी और डी कॉक के साथ शामिल किया गया है, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर जॉर्ज लिंडे और ब्योर्न फोर्टुइन की वापसी हुई है। लेग स्पिनर नकाबा पीटर एक मजबूत स्पिन गेंदबाजी टीम का हिस्सा हैं। टेस्ट टीम में जून में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप गदा जीतने वाले मुख्य खिलाड़ी शामिल हैं। ब्रेविस, सुब्रायन और ज़ुबैर हम्जा इस ग्रुप में नए हैं, जबकि डेन पैटरसन या लुंगी एनगिडी, जो सफेद गेंद वाली टीम का हिस्सा हैं, के लिए कोई जगह नहीं है। कगिसो रबाडा, मार्को जेनसन और वियान मुल्डर तेज गेंदबाज टीम में हैं। दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुकरी कॉनराड ने कहा कि टेम्बा की पिंडली की चोट के कारण दुर्भाग्यवश वह छह से आठ हफ्तों तक मैदान से बाहर रहेंगे, लेकिन हमारा ध्यान उन्हें नवंबर में होने वाले भारत दौरे के लिए पूरी तरह तैयार होने का सर्वश्रेष्ठ मौका देने पर है। उन्होंने कहा हम टेम्बा के उपलब्ध न होने से निराश हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### उत्तराखंड क्रिकेट में गड़बड़ी के मामले में बीसीसीआई से जवाब तलब

**नैनीताल, वार्ता।** उच्च न्यायालय ने उत्तराखण्ड क्रिकेट एसोसिएशन (यूसीए) में व्याप्त अनियमितताओं के मामले में सुनवाई करते हुए सोमवार को भारतीय क्रिकेट की प्रमुख संस्था भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को आठ अक्टूबर तक जवाब दाखिल करने को कहा है। इस मामले से जुड़ी पांच याचिकाओं पर न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की पीठ में सुनवाई हुई। सोमवार को बीसीसीआई के प्रतिनिधि अदालत में पेश हुए और जवाब देने के लिए पीठ से समय की मांग की। पीठ ने आठ अक्टूबर तक की मोहलत दे दी। डॉ. बुद्धि चंद्र रमोला, धीरज भंडारी और संजय गुसाईं एवं अन्य की ओर से याचिका दायर कर कहा गया कि यूसीए में अनियमितताएं व्याप्त हैं। बीसीसीआई के धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। खाने के नाम पर लाखों की अनियमतता की गयी है। याचिकाकर्ताओं की ओर से 12 करोड़ के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया है।

### आयुष शेट्टी व एचएस प्रणय कोरिया ओपन में करेंगे भारत की अगुवाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** आयुष शेट्टी और एचएस प्रणय मंगलवार से दक्षिण कोरिया के सुवन में शुरू होने वाले कोरिया ओपन में भारत टीम की अगुवाई करेंगे। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय का हाल के वर्षों में अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा हैं। प्रणय के साथ पुरुष एकल में आयुष शेट्टी भी होंगे, जो जून में यूएस ओपन सुपर 300 में जीत के साथ इस सीजन में 2025 बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर पर खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। किरण जॉर्ज भी मुख्य ड्रॉ में हैं, जबकि थारुण मन्नेपल्ली और मीराबा लुवांग मैसनम को क्वालीफायर से भिड़ना होगा।

# श्याम लाल कॉलेज ने जीता बिट्स पिलानी हॉकी टूर्नामेंट का खिताब



**पिलानी, वार्ता।** दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्याम लाल कॉलेज ने फाइनल में श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स को 5-0 से हराकर बिट्स पिलानी हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया।

राजस्थान स्थित बिट्स पिलानी के मैदान पर खेले गए फाइनल मुकाबले में श्याम लाल कॉलेज की ओर से नंदकिशोर ने 2 और प्रत्यूष सिंह जग्गी, अभिषेक

● **फाइनल मुकाबले में नंद किशोर ने दो और प्रत्यूष, अभिषेक व हर्ष ने एक-एक गोल किए**

और हर्ष ने एक- एक गोल किए। इसी टूर्नामेंट में हार्ड लाइन मैच में हंसराज कॉलेज ने मेजबान बिट्स पिलानी को 6-5 से ट्राइब्रेकर में हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। निर्धारित समय में हंसराज कॉलेज और बिट्स पिलानी टीम के बीच मैच एक- एक गोल से बराबर रहा। हंसराज कॉलेज की तरफ से रविराज व बिट्स पिलानी की तरफ से अंकित ने एक-एक गोल किया। इसके बाद हुए ट्राइब्रेकर में हंसराज कॉलेज ने बिट्स पिलानी को 6-5 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। विजेता टीम श्याम लाल कॉलेज टीम को 25 हजार रूपये का तथा उपविजेता एससीओसी को दस हजार का ईनाम मिला।

### डिकॉक ने संन्यास का फैसला लिया वापस

**केप टाउन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक ने एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास लेने का अपना फैसले वापस ले लिया है और चयनकर्ताओं उन्हें पाकिस्तान दौरे के लिए एकदिवसीय और टी-20 टीमों में शामिल किया गया है। इसके साथ ही वह नामीबिया के साथ एकमात्र टी-20 मैच भी खेलेंगे। डी कॉक ने 2023 के एकदिवसीय विश्व कप के बाद 50 ओवर के क्रिकेट से संन्यास ले लिया था,और द. अफ्रीका के लिए उनका आखिरी सीमित ओवरों का मैच बारबाडोस में 2024 का टी-20 विश्व कप फाइनल था। हालांकि उन्होंने आधिकारिक तौर पर टी-20 से संन्यास नहीं लिया। इस बीच, वह हाल ही में समाप्त हुई सीपीएल सहित दुनिया भर की टी-20 लीगों में सक्रिय रहे हैं। वर्तमान मुख्य कोच ने डीकॉक के साथ चर्चा की है और कहा है कि उन्होंने फिर से राष्ट्रीय टीम के लिए प्रतिबद्धता जताई है।

# जीएडब्ल्यू को रोमांचक मुकाबले में हराकर टीकेआर ने जीता पांचवां सीपीएल खिताब

● **खेले गए फाइनल मुकाबले में सौरव नेत्रवलकर और अकील ने शानदार गेंदबाजी की**

**प्रोविडेंस, वार्ता।** सौरभ नेत्रवलकर (तीन विकेट) और अकील होसेन (दो विकेट/16 रन) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत ट्रिनबागो नाइट राइडर्स (टीकेआर) ने गयाना अमेजन वॉरियर्स को तीन विकेट से हराकर सीपीएल का खिताब अपने नाम किया।

यह टीकेआर का पांचवां सीपीएल खिताब है। खेले गए फाइनल मुकाबले में टीके आर ने सौरभ नेत्रवलकर और अकील होसेन के शानदार गेंदबाजी के दम पर गयाना अमेजन वॉरियर्स को 130 रनों पर रोक दिया। 131 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीकेआर के लिए टीकेआर के लिए एलेक्स हेल्स (26), कॉलिन मुनरो (23), सुनील नारायण ने (22), कोरेन पोलार्ड ने 21 रनों का योगदान दिया। होसेन ने बल्लेबाजी के दौरान लक्ष्य का पीछा करते हुए आखिरी क्षणों में सात गेंदों पर नाबाद 16 रनों की तेज पारी खेलकर ट्रिनबागो नाइट राइडर्स (टीकेआर) को पांचवां सीपीएल खिताब दिलाया। होसेन उस समय बल्लेबाजी करने उतरे जब टीकेआर का स्कोर सात विकेट पर 116 रन था और उसे 22 गेंदों में 15 रन चाहिए थे और उन्होंने गुडाकेश मोटी की गेंदों पर पहले छक्का और फिर चौका लगाकर नाटकीय अंदाज में जीत का जश्न मनाया। टीकेआर ने 18 ओवर में सात विकेट पर 133 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया।

### टी-20 सीरीज: आदिल आलम व संदीप जोरा नेपाल टीम में शामिल

**काठमांडु, वार्ता।** नेपाल ने इस महीने के आखिरी में यूएई में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली ऐतिहासिक तीन मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए ऑलराउंडर मोहम्मद आदिल आलम और मध्यक्रम बल्लेबाज संदीप जोरा को टीम में शामिल किया है। यह नेपाल की किसी पूर्णकालिक सदस्य के खिलाफ पहली द्विपक्षीय श्रृंखला होगी।

आलम ने आखिरी बार अगस्त 2022 में और जोरा ने जून 2024 में नेपाल के लिए खेला था। रोहित पौडेल टीम की अगुवाई करेंगे और दीपेंद्र सिंह ऐरी उनके उप-कप्तान होंगे। गेंदबाजी आक्रमण लेग स्पिनर संदीप लामिछाने पर केंद्रित होगा। बाएं हाथ के स्पिनर ललित राजबंशी, जो पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया में हुई टॉप एंड टी-20 श्रृंखला से चूक गए थे, की भी टीम में वापसी हुई है।

# किदांबी श्रीकांत, नंदी हैदराबाद पिकलबॉल लीग में शामिल हुए

● **श्रीकांत विश्व बैडमिंटन में भारत के उत्थान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है उनके नाम 12 से अधिक खिताब है**

**हैदराबाद, वार्ता।** भारत के बैडमिंटन स्टार और पूर्व पुरुष एकल विश्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत, नंदी चार्जर्स फ्रैंचाइजी में निवेशक और भागीदार के रूप में आधिकारिक तौर पर हैदराबाद पिकलबॉल लीग (एचपीएल) में शामिल हो गए हैं।

लीग अक्टूबर में हैदराबाद में अपनी शुरुआत करेगी। श्रीकांत विश्व बैडमिंटन में भारत के उत्थान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके नाम 12 से अधिक खिताब है। उनका अब नंदी चार्जर्स के साथ जुड़ना पिकलबॉल में भी उसी चैंपियन जैसी मानसिकता और प्रतिस्पर्धी भावना लाता है। किदांबी श्रीकांत ने कहा कि मैं हैदराबाद पिकलबॉल लीग का हिस्सा बनकर और नंदी चार्जर्स के साथ हाथ मिलाकर वाकई उत्साहित हूं। पिकलबॉल तेज-तर्रार, गतिशील है और इसमें भारत में प्रशंसकों से जुड़ने के लिए जरूरी हर चीज मौजूद है, यह देखने में आसान, रोमांचक और बेहद प्रतिस्पर्धी है। सबसे अधिक उत्साहित करने वाली बात यह है कि मुझे अपने खेल के अनुभव को एक नए क्षेत्र में लाने और इस लीग की प्रतिष्ठा बढ़ाने का मौका मिला है। इस सफर की शुरुआत में ही इसमें शामिल होना इसे और भी सार्थक बनाता है और मेरा मानना है कि नंदी चार्जर्स एक ऐसी टीम बनकर माहौल बना सकती है जो पूरे जोश और गर्व के साथ प्रतिस्पर्धा करती है। नंदी चार्जर्स के फ्रैंचाइजी मालिक ने कहा कि हमें नंदी चार्जर्स फैमिली में श्रीकांत का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है।

# पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय दल की ध्वजवाहक होगी प्रीति पाल

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की पैरा-एथलीट और पेरिस पैरालंपिक 2024 में दोहरा कांस्य पदक जीतने वाली प्रीति पाल को आगामी इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारतीय दल की आधिकारिक तौर पर ध्वजवाहक नियुक्त किया गया है। सेरेब्रल पाल्सी से जूझने से लेकर पैरा-एथलेटिक्स में देश के सबसे चमकते सितारों में से एक बनने तक का उनका सफर दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता का प्रतीक है। प्रीति ने अपनी अथक भावना और समर्पण से सभी बाधाओं को पार किया है। 100 मीटर में 14:21 सेकंड और 200 मीटर टी-35 स्प्रिंट श्रेणियों में 30:01 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ उन्होंने पेरिस में दो ऐतिहासिक कांस्य

● **पैरा एथलेटिक्स में देश के सबसे चमकते सितारों में से एक बनने का प्रीति का सफर दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता का प्रतीक है**

पदक जीते। 27 सितम्बर से पांच अक्टूबर तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस ऐतिहासिक आयोजन में देश के शीर्ष एथलीटों और वैश्विक सितारे प्रदर्शन करने उतरेंगे। अगली पीढ़ी के पैरा-एथलीटों के लिए प्रेरणास्रोत प्रीति ने कहा कि यह सफर कड़ी मेहनत और समर्पण का रहा है। जहां एक ओर विशेषज्ञ कोचिंग ने मुझे तकनीकी रूप से मार्गदर्शन दिया है, वहीं साई और टॉप्स का सहयोग मेरे लिए एक बड़ा बदलाव लेकर आया है, जिसने मुझे उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए आवश्यक




सुविधाए, उपकरण और वित्तीय सहायता प्रदान की है। मेरा दैनिक प्रशिक्षण गहन है और मैं अपने प्रदर्शन के हर पहलू को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करती हूं। यह क्षण न केवल मेरी यात्रा की पहचान है, बल्कि लचीलेपन और टीम वर्क का प्रमाण भी है। मेरा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना और भारत को और अधिक गौरव दिलाना है। मेरा हर कदम उन लोगों के लिए है जो मुझ पर विश्वास करते हैं और उन लोगों के लिए जो चुनौतियों के बावजूद सपने देखने का साहस रखते हैं।

### टीम को पिछली हारों पर ध्यान नहीं देकर, आगे बढ़ना होगा: उपेंद्र मलिक

**जयपुर, वार्ता।** यूपी योद्धा के सहायक कोच उपेंद्र मलिक ने कहा है कि टीम को पिछली हार पर ध्यान न देते हुए आगे बढ़ने की जरूरत हैं।

यूपी योद्धा सोमवार को जयपुर के एसएमएस इंडोर स्टेडियम में तमिल थलाइवाज से मुकाबला करेंगे। यूपी योद्धा का अब तक का अभियान मुश्किल रहा है, उन्होंने अपने छह मैचों में केवल चार अंक ही जुटाए हैं। वे लगातार चार मैच हारे हैं और अगर उन्हें अपना सीजन जारी रखना है तो उन पर जल्द से जल्द स्थिति बदलने का दबाव है। सहायक कोच उपेंद्र मलिक ने स्वीकार किया कि हालिया नतीजे टीम के लिए कठिन रहे हैं, लेकिन उन्होंने शि. विर के भीतर सकारात्मक माहौल बनाए रखने के महत्व पर बल दिया।

# पीएम का खुला पत्र

सोमवार को अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू होने के साथ ही पूरे देश में जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हो गई। रविवार को अपने राष्ट्र संबोधन के बाद पीएम मोदी ने सोमवार को इस संबंध में देशवासियों के नाम एक खुला पत्र भी जारी किया। जिसमें 22 सितम्बर से अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू होने के साथ ही पूरे देश में जीएसटी बचत उत्सव की बात कही गई थी। निश्चित रूप से सरकार का यह एक अच्छा कदम ही कहा जाएगा। इससे महिला, युवा, गरीब, मध्यम वर्ग, व्यापारी, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग सभी को लाभ होगा। इस फायदे का इशारा पीएम मोदी के खुले पत्र में भी स्पष्ट रूप से बताया गया है। अब रोजमर्रा की जरूरी चीजें जैसे खाना, दवाई, साबुन आदि सामान अब 5 फीसदी की दर से मिलेंगे। बाकी सामानों पर भी टैक्स दरों में कमी की बात पत्र के माध्यम से देशवासियों से कही गई है। उन्होंने उन दुकानदारों की प्रशंसा की, जिन्होंने अपने यहां पहले और अब के बोर्ड इस तरह लगाए हैं, जिसमें लोगों को बताया जा सके कि कोई सामान कितना सस्ता हो गया है। पत्र में 11 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की बात भी कही गई है। पीएम मोदी कुछ समय से स्वदेशी सामान पर अधिक जोर दे रहे हैं। विपक्ष हालांकि अभी भी उनसे नाखुश दिखाई दे रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तो कह भी दिया कि आठ साल जनता को लूटने के बाद अब उसको थोड़ी राहत प्रदान की गई है। विपक्ष का यह भी कहना है कि वह काफी लंबे समय से जीएसटी को लेकर आवाज उठा रहे थे, क्योंकि जो दरें पहले निश्चित की गई थीं उससे सरकार का खजाना तो भर रहा था, लेकिन जनता की जेब खाली हो रही थी। यह बात सरकार भी अप्रत्यक्ष रूप से ही सही मानती दिखाई भी दे रही है, क्योंकि पीएम मोदी स्वयं कह रहे हैं कि नए जीएसटी सुधार से आम आदमी को लाभ होगा। उनकी क्रय शक्ति बढ़ेगी, क्योंकि इससे जो बचत होगी उससे उनकी आर्थिक मजबूती में बढ़ोतरी होगी। इसलिए इसको उन्होंने बचत उत्सव का नाम भी दिया है। निश्चित रूप से सरकार की तरफ से यह देशवासियों के लिए एक बड़ा तोहफा ही कहा जाएगा। यह भी देखना दिलचस्प है कि अभी तक सरकार की तरफ से ही इस फैसले को लेकर अधिक गंभीरता दिखाई जा रही है और पूरा सरकारी अमला इसे सरकार की बड़ी उपलब्धि बताकर माहौल को अपने पक्ष में करता दिखाई दे रहा है। देश के गृहमंत्री अमित शाह ने भी सोमवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा है कि मोदी सरकार का नवरात्र के शुभ अवसर पर देश की सभी माताओं बहनों को जीएसटी सुधारों का उपहार। उन्होंने इसके लिए पीएम मोदी की तारीफ भी की। केंद्रीय वित्तमंत्री सीतारमण भी नई दिल्ली में एक स्टेशनरी की दुकान पर गईं ताकि वह देख सकें कि दुकानदार इसका ठीक से पालन कर रहे हैं या नहीं। निश्चित रूप से पक्ष विपक्ष के दावे आरोप प्रत्यारोप के चलते ही रहते हैं, लेकिन इस समय तो यही कहा जा सकता है कि समय की नजाकत को देखते हुए सरकार ने यह एक सराहनीय कदम उठाया है। अब जरूरत इस बात की है यह सुनिश्चित किया जाए कि लोगों को सीधे लाभ पहुंचे।

## पीओके के लोग आजादी की मांग कर रहे



पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओ. के) भारत में बिना किसी लड़ाई या हमले के अपने आप मिल जाएगा, पीओके के लोग खुद आजादी की मांग कर रहे हैं और एक दिन वे कहेंगे कि मैं भी भारत हूं, 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के अगले ही दिन सीडीएस, तीनों सेनाध्यक्षों और रक्षा सचिव के साथ बैठक में उन्होंने पूछा था कि अगर सरकार आदेश दे, तो क्या सेना तैयार है, उन्होंने बिना एक पल गंवाए कहा कि बिल्कुल तैयार हैं, इसके बाद पीएम मोदी ने हमें पूरी छूट दी और आपने नतीजा देखा कि सीमा पर नहीं, बल्कि 100 किमी अंदर जाकर आतंकी ठिकाने तबाह किए गए, भारत ने आतंकियों को उनके धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि उनके कर्म (अपराध) देखकर मार गिराया, आतंकी हमारे लोगों को धर्म पूछकर मारते हैं, पर भारत ने उनका धर्म नहीं देखा, सिर्फ बुरे काम देखकर जवाब दिया है।

**राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

# करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है मां शाकुम्भरी सिद्ध पीठ

## सहारनपुर में 42 किमी. उत्तर निर्जन वन में है प्रागैतिहासिक मंदिर

सहारनपुर से 42 किलो मीटर उत्तर निर्जन वन क्षेत्र में शाकुम्भरी देवी का प्रागैतिहासिक धार्मिक मंदिर है। लोगों का मत है कि मां शाकुम्भरी देवी असोज (अश्विन) शुदी चौदस को अवश्य अपने मंदिर में आती हैं। इसी कारण यहां असोज शुदी चौदस को मेला लगता है। इस पीठ में दूर-दूर से लाखों श्रद्धालु आते हैं और शाकुम्भरी देवी के दर्शन कर सोने व चांदी के छत्र चढ़ाते हैं। शाकुम्भरी देवी का उल्लेख संस्कृत के अनेक ग्रन्थों में मिलता है। इनमें महाभारत, देवी भागवत, मार्कण्डेयपुराा, पद्पुराण आदि का नाम लिया जा सकता है। सहारनपुर जनपद के गजेटियर में भी शाकुम्भरी देवी तथा उसके मंदिर का उल्लेख मिलता है। महाभारत में वन पर्व का उल्लेख मिलता है।

यह देवी तीनों लोको में शाकुम्भरी नाम से विख्यात है। उत्तम व्रत का पालन करने वाली उस देवी ने एक हजार दिव्य वर्षों तक एक-एक महीने पर केवल शाक का आहार किया था। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर अहुत से तपोधन ऋषि यहां आये तो उस देवी ने उन महर्षियों का आतिथ्य सत्कार भी शाक के द्वारा ही किया। महाभारत के अतिरिक्त कई पुराणों में भी शाकुम्भरी को उल्लेख मिलता है। तक मै पृथ्वी में शाकुम्भरी नाम से प्रसिद्धि प्राप्त करूंगी और वहीं पर दुर्गम नामक राक्षस का वध करूंगी। सन् 1921 ई. में प्रकाशित सहारनपुर गजेटियर के पृष्ठ 225 पर उल्लेख मिलता है। लगभग 2400 वर्ष पूर्व प्रवास काल में सम्राट चन्द्रगुप्त यहां (बेहट)ठहरता था और यहीं से शाकुम्भरी देवी के दर्शनों को जाता था। इसी प्रसंग का एक प्रकरण डा. सत्यकेतु विद्यालंकार द्वारा लिखित आचार्य चाणक्य नामक उपन्यास में इस प्रकार दिया गया है। शिवा. लिक पहाड़ियों में स्थित यह मंदिर उस समय बड़ा पवित्र माना जाता था और भगवती शाकुम्भरी के दर्शन के लिये लाखों श्रद्धालु प्रति वर्ष यहां आया करते थे। इस मंदिर के चारों ओर घनघोर जंगल था और दिन में समय वहां जाना भय से खाली नहीं समझा जाता था। यहीं कारण है कि शाकुम्भरी के यात्री 'बृहद्हटट्' नामक नगर में ठहरकर दिन के समय टोली बनाकर दर्शन को जाते थे। बृहद्टट् नगरी शाकुम्भरी देवी के मंदिर से डेढ़ योजन पर उस राजमार्ग पर स्थित थी, जो कुरुक्षेत्र से उत्तर के पार्वत्य नगरों के साथ व्यापार हेतु इस मार्ग का उपयोग था और बृहद्हटट् इस व्यापार का महत्वपूर्ण स्थान था। श्री मंदिर के गर्भ में मां शाकुम्भरी देवी के दाहिने ओर छोटी सी मूर्ति बालगणपति की है। दाहिने भीमा भ्रामरी की मूतियां है, बाये शताक्षी देवी



की मूर्ति है। प्रमुख मंदिर के बाहर आंगन में शिव, हनुमान, काली एवं भैरव आदि की मूर्तियां है। मंदिर के सामने ही स्वच्छ जल की प्राकृतिक धारा बहती है, इसके दूसरी ओर विशाल 'वीर क्षेत्र' का मैदान है। पास ही पहाड़ पर माता छिन्नमस्ता देवी का मंदिर है। मंदिर से एक मील पहले भूरादेव का एक छोटा सा मंदिर है। इसे भगवती का पहरेदार भी कहते हैं। कहते हैं कि देवी का यह मंदिर बहुत ही भव्य था। इसके आसपास कोई निर्माण नहीं था केवल अश्विनी मास की चतुर्दशी को ही यहां छोटा सा मेला लगता था। दर्शनार्थी रात्रि में यहां ठहरना नहीं चाहते थे क्योंकि यह घाटी हिंसक पशुओं से भी थी। तीर्थ यात्री बेहट में ही डेरा डालते थे। वहां से प्रात: ही बैलगाड़ियों में यहां दर्शन करने आते थे और रात होते-होते बेहट लौट जाया करते थे। 7-8 किलो मीटर ऊपर सहस्रा ठाकुर जी का प्राचीन मंदिर है। श्रद्धालु तब इसी मंदिर को अधिक महत्व देते थे। इस क्षेत्र की सम्पूर्ण परिक्रमा 1-2 मील की थी, जिसमें शाकुम्भरी देवी, सहस्रा ठाकुर शाकेश्वर महादेव, रक्त दंतिका, छिन्न मस्तिका आदि पूजनीय स्थान थे। प्रथम दर्शन भूरे देव का माना जाता था। अन्यथा यात्रा अधूरी मानी जाती थी। अब परिस्थितियां अत्यन्त बदल चुकी है। आज मां शाकुम्भरी देवी की मान्यता न केवल भारत वरन् विश्व स्तर की हो चुकी है। प्रतिदिन यात्रियों तथा दर्शनार्थियों का ताता लगा रहता है। रविवार अष्टमी तथा चतुर्दशी को तो छोटे मेले जैसा दृश्य देखने को मिलता है। समृद्ध परिवारों के तीर्थ यात्री तो अब अपने-अपने निजी वाहनों से आते हैं और दर्शन कर भण्डारा देकर सायंकाल वापस चले जाते है। वैसे सहारनपुर से बसें भी मंदिर द्वार तक जाती आती है। मंदिर के समीप ऊपर भी आश्रम है जहां नि:शुल्क आवास तथा भोजन की सुविधा उपलब्ध है। विशाल यज्ञ शाला में सहस्र चण्डी यज्ञ होते रहते हैं। सामने तथा नीचे खोल में कई धर्मशालाएं, रैन बसेरा तथा अग्रवाल धर्मशाला, श्री शंकराचार्याश्रम आदि है अर्थात ठहरने की अच्छी व्यवस्था है। इसके लिए मंदिर के व्यवस्थापक राणा आदित्य प्रताप सिंह मंदिर परिक्षेत्र में अच्छा इंतजाम रखते हैं। सहस्रा खोले में मंदिर में पास भोजन जलपान तथा प्रसाद आदि की अस्थायी दुकाने हैं। दुकानों में भी यात्रियों को ठहराने की व्यवस्था रहती है। वर्षाकाल में बरसाती नदी में जल भर जाने के कारण भूरादेव से मंदिर श्री शाकुम्भरी देवी तक मार्ग प्राय: अवरुद्ध हो जाता है और तीर्थ यात्रियों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। वाहन तथा सामान ओर कभी-कभी यात्री भी पानी में बह जाते हैं। भूरादेव से भवन तक का एक मील का यह टुकड़ा अभी तक नहीं बन पाया है। कई बार मंत्रियों, वन विभाग तथा जिला पंचायत द्वारा घोषनाएं हुई किन्तु यह कार्य सम्पन्न नहीं हुआ। जब तक नदी पर दो पुल नहीं बनते और ऊपर पहाड़ी मार्ग नहीं बन जाता तक तक मंदिर तथा आसपास के सौन्दर्यीकरण का प्रश्न ही नहीं उठता। यह गुरूतर कार्य प्रदेश तथा केन्द्रीय सरकार ही करा सकती है। माता वैष्णवी देवी की तर्ज पर इस मंदिर का विकास भी किया जा सकता है अन्यथा तीर्थ यात्रियों की कठिनाइयां जस की तस ही बनी रहेगी। इस बार भरने वाला शाकुम्भरी मेला आज 22 सितम्बर से 2025 से शुरू हो गया है। मेले की सभी व्यवस्था जिला पंचायत करती है। जबकि जिले का पुलिस व प्रशासन भी अपनी व्यवस्था बनाए रखने में कोई कमी नहीं छोड़ता। लगभग दस दिनों तक चलने वाले इस मेले में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा हुआ है। आजकल चतुर्थ नवरात्र पर्व पर सिद्धपीठ श्री मां शाकुम्भरी देवी मंदिर पर श्रद्धालुओं का सैलाब सा उमड़ा हुआ है।



**ज़िया अब्बास ज़ैदी**
वरिष्ठ पत्रकार
**मोबाइल नंबर-9837776610,**
**ई-मेल- ziaabbaszaidist@gmail.com**

# बच्चों का हास-परिहास और उनका विकास

**यह है कि छोटे बच्चे अक्सर कहे जाने पर मजाक नहीं करते और शोधकर्ताओं के सामने शर्माते भी हैं। कभी-कभी उनका हास्य समझना भी मुश्किल होता है। फिर, कुछ विद्वान हास्य को हल्का-फुल्का विषय मानते हैं और शोध के लायक नहीं समझते। लेकिन हाल के अध्ययनों ने इस सोच को बदला है। एलेना होइका जैसे मनोवैज्ञानिकों ने बच्चों के हास्य के विकास को बारीकी से ट्रैक किया और दिखाया कि यह उनके मानसिक विकास से जुड़ा है। यानी यह केवल हंसी-मजाक नहीं है, बल्कि बच्चों के विकास में गंभीर और अहम भूमिका निभाता है। बहरहाल, हास्य का महत्व सिर्फ बचपन के विकास या सामाजिक रिश्तों तक सीमित नहीं है। इसकी असली ताकत यह है कि यह हमें इंसान बनाता है।**

हास्य-विनोद इंसानी व्यक्तित्व का बहुत पुराना और रोचक पहलू है। बच्चे पूरे वाक्य बोलने या किताब पढ़ने से पहले ही हंसी-मजाक और शरारतें करने लगते हैं। यह उनके विकास, दूसरों से जुड़ाव और बुद्धिमत्ता से जुड़ा होता है।

शोध बताता है कि बच्चे जन्म के कुछ ही महीनों बाद मुस्कराने और थोड़े समय बाद हंसने लगते है। शुरू में वे सरल खेलों से मजा लेते हैंय जैसे आंख-मिचौली, गुदगुदी या टेढ़े-मेढ़े चेहरे बनाना। फिर वे अजीब जगहों पर छिपने का नाटक, उछल-कूद या चीजों को खिलौने बना कर मजा लेने लगते हैं। धीरे-धीरे बच्चे और उन्नत हास्य करने लगते हैंय जैसे चिढ़ाना, भूमिकाएं निभाना, बेतुके शब्द बोलना और अंत में शब्दों के खेल और चुटकुले समझना। मनोवैज्ञानिकों ने इसे 'अर्ली ह्यूमर सर्वेश जैसे शोधों में दर्ज किया है। इससे स्पष्ट होता है कि बच्चे अचानक मजाकिया नहीं बन जाते बल्कि धीरे-धीरे यह कौशल विकसित करते हैं, जो आगे चलकर उनकी सोच और संवाद की क्षमता को मजबूत बनाता है। हास्य सिर्फ मनोरंजन नहीं है, बल्कि यह सीखने और सामाजिक विकास का एक महत्वपूर्ण जरिया है। जब कोई बच्चा मजाक या चुटकुला समझता है, तो उसे कई बातों पर ध्यान देना पड़ता है - जैसे किसी चीज का सामान्य उपयोग क्या है, उसमें क्या अलग या अजीब किया गया है और क्यों वह मजेदार लग रहा है। इसका मतलब है कि बच्चा चीजों को केवल अपनी नजर से नहीं बल्कि दूसरों के दृष्टिकोण से भी देखना सीखता है। मनोवैज्ञानिक इसे थ्योरी ऑफ माइंड कहते हैं। जो बच्चे ज्यादा मजाक करते हैं या खेल-खेल में हंसी-मजाक करते हैं, वे सामाजिक और मानसिक रूप से ज़्यादा तेजी से विकसित होते हैं। वे जल्दी सीखते हैं, बेहतर संवाद करते हैं और अच्छे रिश्ते बना पाते हैं। हंसी-विनोद हमारे रिश्तों को मजबूत करने का काम करते हैं। मनोवैज्ञानिक रॉबर्ट प्रोवाइन के अध्ययन में पाया गया कि हम दूसरों के साथ रहते हुए लगभग 30 गुना अधिक हंसते हैं। दिलचस्प बात यह है कि हम केवल 20 प्रतिशत मजाक या चुटकुलों पर हंसते है, बकाया तो आम बातचीत के दौरान हंसते हैं। यानी हंसी जुड़ाव, भरोसे और अपनेपन से जुड़ा मामला है। यह आदत सिर्फ इंसानों तक सीमित नहीं है। चिम्पैंजी और गोरिल्ला जैसे अन्य प्राइमेट भी खेलते समय हंसी जैसी हरकतें दिखाते हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि शुरू में हंसी का विकास 'सोशल ग्रूमिंग' के लिए हुआ था। क्योंकि शारीरिक ग्रूमिंग जैसे एक-दूसरे को साफ करना छोटे समूहों तक सीमित था और समय लेता था, हंसी शायद एक आसान और तेज तरीका बनी जिससे बड़े समूहों में भी अपनापन बढ़ सके। मनुष्यों में हंसी और भी मजबूत भूमिका निभाती है। यह दो तरह की होती है। एक, स्वाभाविक हंसी (जब हमें सच में कुछ मजेदार लगता है)। दूसरी, जान-बूझकर की गई हंसी जिसे हम दोस्ती जताने, तनाव घटाने या रूचि दिखाने के लिए करते हैं। दोनों ही तरह की हंसी लोगों को जोड़ने और समूहों को एकजुट रखने में अहम भूमिका निभाती है। वैज्ञानिक कहते हैं कि इंसानी हंसी हमारी निहायत नैसर्गिक अभिव्यक्तियों में से एक है। इंसानों की खासियत यह है कि हम केवल खेल-खेल में नहीं, बल्कि व्यंग्य, कटाक्ष और यहां तक कि गहरी दार्शनिक बातों पर भी हंस सकते हैं। यह दिखाता है कि हास्य मानव स्वभाव की बुनियादी विशेषता है। इतिहास में कई दार्शनिकों ने इंसान की अनोखी पहचान को परिभाषित करने की कोशिश की है - अरस्तू ने इसे तार्किकता का नाम दिया, विट्गेंस्टाइन ने इसे भाषा बताया और सार्त्र ने स्वतंत्र निर्णय, लेकिन हास्य की सर्वव्यापकता और बच्चों द्वारा इसे इतनी जल्दी अपनाना यह संकेत देता है कि हास्य हमारी पहचान के लिए उतना ही जरूरी है जितनी तार्किकता या भाषा। कहना गलत न होगा कि हम हंसते हैं इसलिए हम इंसान हैं।

**सीखने में हास्य का महत्व**

हास्य सीखने को आसान और मजेदार बना देता है। शोध बताते हैं कि यदि बच्चों को पढ़ाते समय हंसी-मजाक का इस्तेमाल किया जाता है तो बच्चे जल्दी और बेहतर सीखते हैं। यहां तक कि खबरें भी मजेदार अंदाज में सुनाई जाएं तो लोग उन्हें ज्यादा दिलचस्पी से सुनते हैं। बच्चों द्वारा हास्य और कल्पना को मिलाना भी सीखने का हिस्सा है। जैसे केले को फोन बनाना या अजीब से शब्द गढ़ना-यह केवल खेल नहीं बल्कि रचनात्मकता की शुरुआत हैं। हास्य बच्चों को सुरक्षित और मजेदार तरीके से नियम तोड़ने का मौका देता है, जिससे वे नई बातें सोच पाते हैं और आगे बढ़ते हैं। धीरे-धीरे यही खेल-खेल में किया गया हास्य उन्हें कहानी कहने, नकल करने और गहराई से सोचने की क्षमता तक ले जाता है। हालांकि बच्चों में हास्य बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन इस पर उतना शोध नहीं हुआ है जितना अन्य मनोवैज्ञानिक विषयों पर हुआ है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आयुर्वेद दिवस: स्वास्थ्य और प्रकृति के संतुलन का महत्व

आयुर्वेद, जिसकी जड़ें भारतीय संस्कृति और ज्ञान की हजारों वर्षों पुरानी परंपराओं में निहित हैं, आज वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य और कल्याण की एक मान्यता प्राप्त प्रणाली बन चुका है। ऋग्वेद और अथर्ववेद में वर्णित औषधीय ज्ञान से लेकर चरक, सुश्रुत और वाग्भट्ट जैसे आचार्यों के ग्रंथों तक, आयुर्वेद ने सदियों से मनुष्य को प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन जीने की शिक्षा दी है। यह केवल एक औषधि-प्रणाली नहीं है बल्कि जीवन जीने की संपूर्ण पद्धति है, जिसमें आहार, विहार, आचरण, योग और ध्यान को स्वास्थ्य का मूल आधार माना जाता है। इसी कारण आयुर्वेद को 'जीवन वेद' कहा जाता है, जो मनुष्य को केवल रोगमुक्ति ही नहीं बल्कि दीर्घायु, संतुलित और पर्यावरण-सम्मत जीवन की ओर प्रेरित करता है। 2016 में जब पहली बार आयुर्वेद दिवस मनाया गया था, तब इसकी तिथि धनतेरस के साथ जुड़ी थी लेकिन वैश्विक महत्व और स्थाई पहचान को ध्यान में रखते हुए अब प्रतएक वर्ष 23 सितंबर को यह दिवस मनाया जाएगा। इस वर्ष आयुर्वेद दिवस का 10वां संस्करण 'आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए' थीम के साथ मनाया जा रहा है, जो न केवल मनुष्य के व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बल्कि पर्यावरणीय संतुलन और पारिस्थितिकीय स्थिरता को भी केंद्र में लाता है। इस .ष्टि से यह वर्ष आयुर्वेद दिवस को वैश्विक स्वास्थ्य और धरती के कल्याण का एक संयुक्त मंच बना देता है। वर्तमान वैश्विक संदर्भ में जब आधुनिक जीवनशैली अनेक चुनौतियां खड़ी कर रही



है, तब आयुर्वेद की प्रासंगिकता बहुत बढ़ गई है। मधुमेह, मोटापा, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, मानसिक तनाव इत्यादि जीवनशैली से संबंधित रोग आज विश्वभर में गंभीर समस्या बन चुके हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल करोड़ों लोग जीवनशैली संबंधी विकारों से प्रभावित हो रहे हैं और इनसे जुड़ी मृत्यु दर लगातार बढ़ रही है। ऐसे समय में आयुर्वेद का यह संदेश कि रोग की रोकथाम उपचार से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है, आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकता है। आहार-विहार के संतुलन, प्राकृतिक जीवन पद्धति, दिनचर्या और ऋतुचर्या पर आधारित जीवनशैली को अपनाकर न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य सुधारा जा सकता है बल्कि सामाजिक और वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य भार को कम किया जा सकता है।

आयुर्वेद दिवस का इस वर्ष का विषय पर्यावरण की रक्षा को भी प्राथमिकता देता है। आज वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन, वायु और जल प्रदूषण, प्राकृतिक संसाधनों की कमी और असंतुलित उपभोग जैसी चुनौतियां हमारे सामने हैं। वैज्ञानिक रिपोर्टें लगातार चेतावनी दे रही हैं कि यदि इन समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाली पीढ़ियां गंभीर संकट का सामना करेंगी। आयुर्वेद इस दिशा में मार्गदर्शन करता है कि कैसे हम प्रकृति के साथ संतुलित संबंध बनाकर अपने स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों की रक्षा कर सकते हैं। आयुर्वेदिक उपचार पद्धतियां रासायनिक दवाओं की तुलना में पर्यावरण पर कहीं अधिक कम बोझ डालती हैं। औषधीय पौधों और प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित चिकित्सा न केवल सुरक्षित है बल्कि जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र को भी संरक्षित करने में मददगार है। विश्व स्तर पर भी आयुर्वेद अब केवल भारत की सीमाओं तक सीमित नहीं है। आज 24 देशों में इसे पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली के रूप में मान्यता प्राप्त है और 100 से अधिक देश आयुर्वेदिक औषधियों और उत्पादों का आयात करते हैं। आयुष मंत्रालय के अनुसार भारत का आयुर्वेदिक उद्योग वर्ष 2023-24 में लगभग 5.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच चुका है और 2028 तक इसके 10 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। यह न केवल भारत की अर्थव्यवस्था में योगदान कर रहा है बल्कि विश्व को प्राकृतिक और सुरक्षित स्वास्थ्य विकल्प भी उपलब्ध करा रहा है। आयुर्वेदिक उत्पादों की मांग अमेरिका, यूरोप, एशिया और अफीका के देशों में लगातार बढ़ रही है और योग तथा ध्यान के साथ मिलकर यह एक समग्र स्वास्थ्य समाधान के रूप में स्थापित हो रहा है। आयुर्वेद दिवस 2024 की उपलब्धियों ने इस वर्ष के आयोजन के लिए ठोस आधार तैयार किया है। पिछले वर्ष अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) के दूसरे चरण का उद्घाटन किया गया, जिससे शोध, शिक्षा और उपचार की सुविधाओं का विस्तार हुआ। साथ ही आयुर्वेद में चार उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए गए, जिन्होंने आधुनिक अनुसंधान और पारंपरिक ज्ञान को जोड़ने का कार्य किया। 'देश का प्रकृति संरक्षण अभियान' भी इसी क्रम में शुरू किया गया, जो यह दर्शाता है कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा नहीं है बल्कि पर्यावरणीय संरक्षण का भी हिस्सा है। यह उपलब्धियां



**योगेश कुमार गोयल**

इस बात का प्रमाण हैं कि भारत आयुर्वेद को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठा रहा है।

आयुर्वेद का प्रभाव सामाजिक स्तर पर भी उल्लेखनीय है। हाल ही में हुए प्रथम अखिल भारतीय एनएसएसओ सर्वेक्षण ने स्पष्ट किया है कि भारत के ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में आयुर्वेद सबसे अधिक इस्तेमाल की जाने वाली उपचार प्रणाली है। इसका कारण यह है कि लोग इसे सुरक्षित, सुलभ और किफायती मानते हैं। आयुर्वेदिक औषधियां न केवल घरेलू स्तर पर आसानी से उपलब्ध होती हैं बल्कि इनके दुष्प्रभाव भी न्यूनतम होते हैं। यही कारण है कि आज आम नागरिक से लेकर वैश्विक स्वास्थ्य विशेषज्ञ तक, आयुर्वेद को आधुनिक चिकित्सा प्रणाली का एक महत्वपूर्ण पूरक मान रहे हैं। आयुर्वेद का यह स्वरूप न केवल स्वास्थ्य की .ष्टि से बल्कि सांस्कृतिक और कूटनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। विश्व के कई देशों में भारत की 'सॉफ्ट पावर' के रूप में आयुर्वेद और योग की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### सुशीला कार्की की कैबिनेट में शामिल हुए चार नए मंत्री

**काठमांडू।** नेपाल में पीएम सुशीला कार्की की कैबिनेट में सोमवार को चार नए मंत्री शामिल हो गए है। इन्हें राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के निवास में आयोजित एक समारोह में शपथ दिलाई गई। इसमें पूर्व जज अनिल कुमार सिन्हा को उद्योग, विधि एवं भूमि प्रबंधन और सहकारिता मंत्रालय, महावीर पुन को शिक्षा मंत्रालय, मदन परियार को कृषि मंत्रालय और जगदीश खरेल को संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही कार्की की कैबिनेट में प्रधानमंत्री सहित आठ सदस्य हो गए हैं।

### पश्चिमी इराक में दो सुरक्षाकर्मी मारे गए

**बगदाद।** इराक के आतंकवाद निरोधी सेवा (सीटीएस) के दो सदस्य रविवार को पश्चिमी प्रांत अनबार में सुरक्षा अभियान के दौरान हुए विस्फोट में मारे गए और एक खुफिया अधिकारी घायल हो गया। यह जानकारी इराकी सेना ने दी। इराकी संयुक्त ऑपरेशन कमांड से संबद्ध मीडिया आउटलेट, सिक्योरिटी मीडिया सेल ने एक बयान में कहा कि यह घटना स्थानीय समयानुसार अपराह्न 3:00 बजे (1200 जीएमटी) हुई, जब सीटीएस और अनबर खुफिया एवं आतंकवाद निरोधक निदेशालय का एक संयुक्त बल अनबर में इस्लामिक स्टेट आतंकवादियों के ठिकानों पर हाल ही में किए गए हवाई हमले के स्थल का निरीक्षण कर रहा था।

### क्रीमिया में यूक्रेनी ड्रोन हमलों में तीन लोगों की मौत

**मास्को।** क्रीमिया में एक यूक्रेनी ड्रोन हमले में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 16 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी यूक्रेन के क्षेत्रीय प्रमुख सर्गेई अक्स्योनोव ने रविवार को अपने टेलीग्राम चैनल पर दी। अक्स्योनोव ने कहा कि यह घटना फोरोस बस्ती के पास हुई जहां फोरोस सैनिटोरियम और एक स्थानीय स्कूल भवन की कई सुविधाएं क्षतिग्रस्त हो गईं। अक्स्योनोव के सलाहकार ओलेग क्रायुचकोव ने एक टेलीग्राम पोस्ट में कहा कि फोरोस स्कूल पर ड्रोन हमले में असेंबली हॉल पूरी तरह नष्ट हो गया और लाइब्रेरी को भारी नुकसान पहुंचा।

### रागासा ने हांगकांग की सभी उड़ानों पर डाला असर, 500 से अधिक रद्द

**हांगकांग।** हांगकांग हवाई अड्डा प्राधिकरण ने सोमवार को तूफान रागासा के रौद्र रुप को देखते हुए विभिन्न विमानन कंपनियों की कई उड़ानें रद्द करने की घोषणा की। प्राधिकरण ने कहा कि मंगलवार शाम से ही उड़ानों में कटौती शुरु कर दी जाएगी। इस शक्तिशाली तूफान के बुधवार को यहां पहुंचने की आशंका है। इस दौरान केवल 'कुछ ही उड़ानों' को उड़ान भरने और उतरने की अनुमति होगी।

# ChatGPT की मदद से महिला ने जीते 1.25 करोड़ रुपये

## आठ सितम्बर को वर्जीनिया लॉटरी में चार सही नंबर और पावरबाल मिलाकर लाटरी जीती

**वर्जीनिया।** रिश्तों में सलाह देना हो या किसी की मन की बात सुनना, आज चैटजीपीटी कई तरह से लोगों की मदद कर रहा है, लेकिन अब यह लाटरी जीतने में भी मददगार साबित हो रहा है। वर्जीनिया के मिडलोथियन शहर की रहने वाली कैरी एडवर्ड्स इसका ताजा उदाहरण हैं। उन्होंने आठ सितम्बर को वर्जीनिया लाटरी में चार सही नंबर और पावरबाल मिलाकर लाटरी जीत ली।

पहले उन्हें 50 हजार अमेरिकी डॉलर (करीब 42 लाख रुपये) मिलने वाले थे। लेकिन उन्होंने 'पावर प्ले' नाम का एक विकल्प चुना, जिसमें केवल एक डॉलर और जोड़ने पर इनाम तीन गुना हो गया। इस तरह उन्हें कुल 150000 डॉलर (करीब 1.25 करोड़ रुपये) मिले। अब सवाल



■ जैसे ही यह इनाम मेरे पास आया, तो मुझे तुरंत समझ आ गया कि मुझे इस पैसे का क्या करना है: कैरी

यह है कि ये इनाम जीतने वाले नंबर उन्हें किसने बताए? ये नंबर चौटजीपीटी ने दिए। कैरी आमतौर पर लाटरी नहीं खेलतीं। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने फोन के चौटजीपीटी ऐप से नंबर पूछे। एक प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान उन्होंने बताया कि मैंने चौटजीपीटी से कहा–मुझसे बात करो...क्या तुम्हारे पास मेरे लिए कुछ नंबर हैं? दो दिन बाद जब वह एक बैठक में थीं, तो उनके फोन पर एक नोटिफिकेशन आया, जिसने उन्हें चौंका दिया। शुरुआत में उन्हें लगा कि यह कोई धोखाधड़ी है, लेकिन जब उन्होंने खबर की पुष्टि की तो उन्हें इस जिंदगी बदल देने वाली जीत पर भरोसा हुआ। उन्होंने कहा, जैसे ही यह इनाम मेरे पास आया तो मुझे तुरंत समझ आ गया कि मुझे इस पैसे का क्या करना है। मुझे लगा कि मुझे यह सब दान कर देना चाहिए, क्योंकि मुझे पहले ही बहुत कुछ मिला है। मैं चाहती हूं कि यह एक उदाहरण बने कि जब किसी को कुछ अच्छा मिले तो वह दूसरों की मदद करे। कैरी एडवर्ड्स ने पूरे 150000 डॉलर अच्छे कामों में बांटने का फैसला किया। पहला हिस्सा उन्होंने एक चौरिटी को दिया, जिसका नाम एसोसिएशन फार फ्रंटोटेम्पोरल डिजेनरेशन है।

यह संस्था ऐसी बीमारी पर शोध करती है, जिससे 2024 में उनके पति की मौत हुई थी। दूसरा हिस्सा शलोम फार्म्र्स को दिया गया, जो रिचमंड में एक जैविक खेती करने वाला फार्म है और भूख की समस्या को हल करने के लिए काम करता है। तीसरा हिस्सा नेवी–मरीन कार्प्स रिलीफ सोसायटी को मिला, जो उनके दिल के बहुत करीब है, क्योंकि उनके पिता एक फाइटर पायलट थे और इस संस्था से हमेशा जुड़े रहे।


यूक्रेन। जापोरिज्जिया में रूसी हमले के दौरान नष्ट हुई एक इमारत में काम करते बचावकर्मी।

## बांग्लादेश में डेंगू से एक दिन में हुई सबसे अधिक मौतें: डीजीएचएस

**ढाका।** बंगलादेश के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने रविवार को कहा कि देश में डेंगू से कुल 12 लोगों की मौत हुई है। बंगलादेश में एक दिन में हुई मौतों का यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। डीजीएचएस के आंकड़ों के अनुसार इस साल मरने वालों की संख्या 179 तक पहुंच गई है। डीजीएचएस ने बताया कि पिछले 24 घंटों में रविवार सुबह आठ बजे तक देश में 740 नए संक्रमण के मामले सामने आये जिससे इस वर्ष अब तक डेंगू के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 41,831 हो गई है। संक्रमण के ये ताजा आंकड़े देश के कुछ हिस्सों में मच्छर जनित बीमारी के तेजी से बढ़त को दिखाते हैं। गौरतलब है कि जून–सितम्बर मानसून अवधि बंगलादेश में डेंगू बुखार का मौसम माना जाता है, इस कारण इसे मच्छर जनित बीमारियों के लिए उच्च जोखिम वाला देश माना जाता है।

## परमाणु निरस्त्रीकरण अब पुरानी कहानी: किम जोंग उन

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग उन ने कहा है कि परमाणु निरस्त्रीकरण एक अवधारणा के रूप में अपना अर्थ खो चुका है और उनका देश अपने परमाणु हथियारों को 'कभी नहीं' त्यागेगा, लेकिन अगर अमेरिका 'परमाणु निरस्त्रीकरण के अपने मोह को छोड़ दे' तो वह उसके साथ 'शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व' पर चर्चा के लिए तैयार है।

उत्तर कोरिया की संवाद समिति केसीएनए के अनुसार, उन ने चौदहवीं सुप्रीम पीपुल्स असेंबली के तेरहवें सत्र के दूसरे दिन यह टिप्पणी की। यह सत्र 20 से 21 सितम्बर तक मानसुडे असेंबली हॉल में आयोजित किया गया था।अपने संबोधन में किम ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ अपनी 'अच्छी यादें' साझा कीं। साल 2018–19 में हुई इन मुलाकातों में प्रतिबंधों में राहत के बदले परमाणु निरस्त्रीकरण के


■ किम ने द. कोरिया के साथ बातचीत की संभावना को सिरे से खारिज कर दिया

कदमों पर चर्चा करने के लिए तीन बार बात की गई थी। यह टिप्पणी अमेरिका के राष्ट्रपति के इस साल किम से मिलने की इच्छा व्यक्त करने के एक महीने से भी कम समय बाद आई है। उन्होंने तब किम के साथ अपने 'बेहद मैत्रीपूर्ण' संबंधों पर ज़ोर दिया था। किम ने दक्षिण कोरिया के साथ बातचीत की संभावना को सिरे से खारिज कर दिया।

# अमेरिका को छोड़ 150 देशों ने फलस्तीन को दी मान्यता

## पिछले 24 घंटे में ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और पुर्तगाल ने फलस्तीन को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दी

**लंदन।** पिछले 24 घंटे में ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया और पुर्तगाल ने फलस्तीन को औपचारिक तौर पर एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दे दी। इससे फलस्तीन को मान्यता देने वाले देशों की संख्या अब करीब 150 हो गई है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि दो राष्ट्र समाधान ही शांति का रास्ता है।

वहीं पुर्तगाल के विदेश मंत्री पाउलो रेंजेल ने कहा कि फलस्तीन को मान्यता देना ही स्थाई शांति का एकमात्र रास्ता है। इस कदम से इजरायल पर गाजा में मानवीय संकट कम करने का दबाव बढ़ा है। हालांकि, अमेरिका अब भी फलस्तीन को एक देश के तौर पर मान्यता नहीं देता है। वहीं, फ्रांस ने भी ऐलान किया है कि वह इस हफ्ते यूएन में फलस्तीन को मान्यता देने के पक्ष में वोट करेगा। ब्रिटिश पीएम ने वीडियो संदेश जारी कर फलस्तीन को मान्यता देने का ऐलान किया। वहीं, इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि फलस्तीन को आजाद देश मानना आतंकवाद को इनाम देना है।


■ ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा: दो राष्ट्र समाधान ही शांति का रास्ता
■ इस कदम से इजरायल पर गाजा में मानवीय संकट कम करने का दबाव बढ़ा
■ फ्रांस इस हफ्ते यूएन में फलस्तीन को मान्यता देने के पक्ष में वोट करेगा


जार्डन नदी के पश्चिम में फलस्तीनी देश नहीं बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने वेस्ट बैंक में यहूदी बस्तियों को दोगुना कर दिया है और इसे और बढ़ाएंगे। नेतन्याहू ने चेतावनी दी कि वह इस मान्यता का जवाब अमेरिका से लौटने के बाद देंगे। विदेश मंत्री यवेट कूपर ने इजरायल को साफ चेतावनी दी है कि ब्रिटेन के फलस्तीनी को मान्यता देने के बाद वह वेस्ट बैंक के हिस्सों पर कब्जा करने की कोशिश न करे, उनकी सरकार यह बर्दाश्त नहीं करेगी। कूपर ने कहा कि दोनों तरफ कट्टरपंथी लोग हैं जो टू स्टेट साल्यूशन को खत्म करना चाहते हैं, लेकिन ब्रिटेन इसे बचाना चाहता है। कई सालों से पश्चिमी देशों की सरकारें कहती रही हैं कि फलस्तीन देश को मान्यता तब दी जाएगी जब हालात सही होंगे। उनका मानना था कि सिर्फ मान्यता देने से असलियत नहीं बदलेगी। लेकिन अब हालात इतने बिगड़ गए हैं कि सरकारें दबाव महसूस कर रही हैं। इजरायल की लगातार सैन्य कार्रवाई से इजरायल को लेकर दुनिया की राय बदल रही है। इन्हीं वजहों से कई देशों ने फलस्तीन को मान्यता देने का फैसला किया है। फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से करीब 75 प्रतिशत देश मान्यता दे चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र में इसे 'परमानेंट आबजर्वर स्टेट' का दर्जा हासिल है। इसका मतलब है कि फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र के कार्यक्रमों में शामिल होने की अनुमति तो है लेकिन वोटिंग का अधिकार नहीं है। फ्रांस की मान्यता मिलने के बाद फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के 5 में 4 स्थाई देशों का समर्थन मिल जाएगा। चीन और रूस दोनों ने 1988 में फलस्तीन को मान्यता दी थी। ऐसे में अमेरिका इकलौता देश होगा जिसने फलस्तीन को मान्यता नहीं दी है। उसने ने फलस्तीनी अथारिटी (एपी) को मान्यता दी है। फलस्तीनी अथारिटी 1994 में इसलिए बनाई गई थी ताकि फलस्तीनियों के पास अपनी स्थानीय सरकार जैसी व्यवस्था हो और आगे चलकर यह पूरा राज्य बनने की नींव बन सके।

# H-1B वीजा की फीस बढ़ने के बाद चीन लाया K वीजा

## टैलेंटेड युवाओं को बुलाना मकसद, चीनी कंपनी में नौकरी के ऑफर के बिना भी आवेदन कर सकेंगे

**बीजिंग।** अमेरिका ने प्रोफेशनल्स के लिए एच–1बी वीजा की फीस करीब 6 लाख से बढ़ाकर 88 लाख कर दी है। इस बीच चीन ने नया 'के–वीजा' शुरू करने का ऐलान किया है।

साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट के मुताबिक के–वीजा साइंस, टेक्नोलाजी, इंजीनियरिंग, मैथ (एसटीईएम) से जुड़े युवाओं और स्किल्ड प्रोफेशनल्स के लिए है। यह 1 अक्टूबर, 2025 से जारी होगा। इन सब्जेक्ट्स में रिसर्च कर रहे कैंडिडेट भी के–वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे। खास बात यह है कि चीनी कंपनी से नौकरी का ऑफर न होने पर भी इस वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे। अमेरिका ने 21 सितम्बर से एच–1बी वीजा फीस बढ़ा दी है। इससे प्रोफेशनल्स को अमेरिका जाने में मुश्किलें होंगी। ऐसे में चीन के के–वीजा को एच–1बी का



■ के–वीजा साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथ से जुड़े युवाओं और स्किल्ड प्रोफेशनल्स के लिए है

विकल्प माना जा रहा है। इस बीच ब्रिटेन भी हाई स्किल्ड लोगों के लिए वीजा फीस खत्म करने पर विचार कर रहा है। रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक जिन लोगों ने दुनिया के टॉप 5 यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की है या फिर कोई बड़ा इंटरनेशनल अवार्ड जीता है, उनकी पूरी वीजा फीस माफ हो जाएगी। फिलहाल, ब्रिटेन के ग्लोबल टैलेंट वीजा की आवेदन फीस 766 पाउंड (करीब 90 हजार) है। 26 नवम्बर के बजट से पहले इसे खत्म करने का ऐलान हो सकता है। चीन अभी 12 तरह के वीजा जारी करता है। अभी चीन में काम करने के लिए आर–वीजा या जेड–वीजा का इस्तेमाल किया जाता है। जेड–वीजा की वैधता 1 साल की है। जबकि आर–वीजा में ठहरने के लिए सिर्फ 180 दिन मिलते हैं। आर वीजा के लिए कोई फीस नहीं लगती, लेकिन इसकी आवेदन प्रक्रिया लंबी और पेचीदा है। इसलिए यह सफल नहीं हो पाया। वहीं, के– वीजा में विदेशियों को ज्यादा समय तक चीन में रहने की सुविधा मिलेगी। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि यह कितने समय के लिए होगी। के–वीजा में कुछ ऐसी सुविधाएं दी गई हैं, जो अभी चल रहे जेड वीजा में नहीं है। जेड वीजा वाला विदेशी व्यक्ति अगर चीन में काम करना चाहता है, तो उसे पहले किसी चीनी कंपनी या संस्था से नौकरी का प्रस्ताव या स्पान्सरशिप चाहिए होती है, लेकिन के–वीजा में यह नियम नहीं है। इसमें आवेदक को किसी स्थानीय कंपनी की जरूरत नहीं है। बस उसकी योग्यता, जैसे आयु, शिक्षा और काम का अनुभव देखा जाएगा। इससे विदेशी पेशेवरों के लिए आवेदन करना आसान हो जाएगा। अलग–अलग देशों के लिए के–वीजा से जुड़ी डिटेल जानकारी चीनी दूतावास और कान्सुलेट जारी करेंगे। चीन सरकार ने अगस्त में इस फैसले को मंजूरी दी थी।

## उत्तर कोरिया हर साल 15-20 अतिरिक्त परमाणु हथियार बना रहा: दक्षिण कोरिया

**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने कहा है कि उत्तर कोरिया हर साल 15–20 अतिरिक्त परमाणु हथियार बना रहा है और 'एक अंतरिम आपातकालीन उपाय' के रूप में इस पर रोक लगाना फिलहाल परमाणु निरस्त्रीकरण का 'एक व्यवहार्य और यथार्थवादी विकल्प' होगा। ली ने बीबीसी के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पड़ोसी देश उत्तर कोरिया के प्रमुख किम के बीच हुए उस समझौते पर सहमत होंगे, जिसमें उत्तर कोरिया परमाणु हथियारों से छुटकारा पाने के बजाय उनका उत्पादन रोकने पर राजी होगा। उल्लेखनीय है कि उत्तर कोरिया ने 2022 में खुद को एक परमाणु शक्ति घोषित किया थी।

# सीरिया 58 साल बाद यूएन महासभा में शामिल होगा

**वाशिंगटन।** सीरिया 58 साल में पहली बार यूनाइटेड नेशन जनरल असेंबली (यूएनजीए) में शामिल होगा। इसके लिए सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल–शरा रविवार को न्यूयार्क पहुंचे हैं। वे यहां 80वीं महासभा के सत्र में हिस्सा लेंगे।

ये 23 सितम्बर से 29 सितम्बर, 2025 तक चलेगा। इससे पहले 1967 में तत्कालीन सीरियाई राष्ट्रपति नूर अल–दीन अल–अतासी ने यूएनजीए में हिस्सा लिया था। इसके बाद सीरिया में असद परिवार (हाफिज असद और बशर असद) का 50 साल लंबा शासन रहा। पिछले साल दिसम्बर में अल–शरा ने असद परिवार का तख्तापलट किया और अंतरिम राष्ट्रपति बने। अब सीरियाई सरकार अमेरिका और पश्चिमी देशों से रिश्ते सुधारने में जुटी है। सीरियाई राष्ट्रपति अहमद

**सीरियाई राष्ट्रपति अल-शरा न्यूयॉर्क पहुंचे, अमेरिका से रिश्ते सुधारने की करेंगे कोशिश**

अल–शरा ने रविवार रात न्यूयॉर्क में सीरियाई समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात की। सीरिया और इजरायल के रिश्ते लंबे समय से तनावपूर्ण हैं। असद के पतन के बाद इजरायल ने सीरिया पर हवाई हमले बढ़ा दिए थे। इजरायल ने यूएन शांति सैनिकों की निगरानी वाला गोलन हाइट्स बफर जोन पर भी कब्जा कर लिया। इस बैठक में अल–शरा इजरायल के साथ अपने रिश्तों को सुधारने पर जोर दे सकते हैं। अल–शरा ने हाल ही में कहा था की वो 1974 के डिसएंगेजमेंट समझौते को फिर शुरू करना चाहते हैं। पिछले हफ्ते उन्होंने कहा कि जल्द ही कोई डील हो सकती है।

# पाक एयरफोर्स ने अपने ही लोगों पर की बमबारी

## 30 की मौत, चीन के जे-17 विमानों से 8 लेजर-गाइडेड बम गिराए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी वायुसेना ने रविवार रात 2 बजे अपने ही देशवासियों पर चीन के जे–17 विमानों से 8 लेजर–गाइडेड बम गिराए। पाकिस्तानी वायुसेना ने यह हमला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के तिराह घाटी के एक गांव पर किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस हवाई हमले में करीब 30 लोग मारे गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। सेना का कहना है कि इन हमलों का टारगेट तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का बम बनाने वाला ठिकाना था। लोकल पुलिस ने मीडिया को बताया कि टीटीपी के दो कमांडर, अमान गुल और मसूद खान बम बनाकर मस्जिदों में छिपा रहे थे। इस हमले से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं, लेकिन उनकी पुष्टि नहीं हो पाई है। वहीं, इलाके के लोगों


■ सेना बोली: यहां तालिबान बम बना रहा था

का कहना है कि सरकार और सेना सही जानकारी के बिना हमले कर रही है, जिससे आम लोग मर रहे हैं। जून में एक ड्रोन हमले में बच्चे की मौत के बाद एमनेस्टी इंटरनेशनल ने पाकिस्तान सरकार की आलोचना की थी। मार्च में भी खैबर के कटलांग में 10 नागरिक मारे गए थे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दावा किया गया है कि पाकिस्तानी एयरफोर्स के हमले में करीब 30 लोगों की मौत हुई है। हालांकि इन वीडियोज की पुष्टि नहीं हुई है। 2001 में अमेरिका ने अफगानिस्तान पर हमला किया, तो कई लड़ाके पाकिस्तान के कबाइली इलाकों में छिप गए। 2007 में बेतुल्लाह मेहसूद ने 13 विद्रोही गुटों को मिलाकर तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) बनाया। इसमें बड़ी संख्या में पाकिस्तानी सेना के विरोधी गुट के लोग शामिल थे। इनकी लड़ाई पाकिस्तान की सेना और सरकार के खिलाफ है। इस संगठन से जुड़े कई समर्थक पाकिस्तानी सेना में मौजूद हैं। अमेरिका ने पाकिस्तान को चेताया है कि टीटीपी एटमी हथियारों तक पहुंच सकता है। पाकिस्तान अक्सर आरोप लगाता है कि पाकिस्तानी तालिबान अफगानिस्तान के जमीन का इस्तेमाल करके उस पर आतंकी हमले करता है। हालांकि पाकिस्तान के इन आरोपों को अफगानिस्तान खारिज करता रहा है। अफगानिस्तान में 2021 के तालिबान की वापसी के साथ ही पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) मजबूत हुआ है। टीटीपी ने नवम्बर 2022 में पाकिस्तान के साथ सीजफायर को एकतरफा तौर पर खत्म कर दिया था। इसके बाद उसने पाकिस्तान पर हमले तेज कर दिए हैं।

# फिलीपींस में भ्रष्टाचार को लेकर जोरदार प्रदर्शन

**मनीला।** नेपाल के बाद अब फिलीपींस के हजारों युवाओं ने बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं से जुड़े घोटाले को लेकर राजधानी मनीला में रविवार को सड़कों पर जोरदार प्रदर्शन किया जिसमें 95 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

इस दौरान 216 प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को विरोध प्रदर्शन काफी हद तक शांतिपूर्ण रहा, लेकिन जल्द हिंसा भड़क उठी और प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ अयाला ब्रिज, मेंडिओला और क्लारो एम. रेक्टो एवेन्यू सहित प्रमुख क्षेत्रों में झड़पें हो गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर–बितर करने के लिए पानी

■ 95 पुलिसकर्मी घायल 216 प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

की बौछारें की। फिलीपीनी न्यूज चैनल एबीएस–सीबीएन (एएनसी) के अनुसार गृह विभाग ने सोमवार को बताया कि 21 सितम्बर को मनीला में आयोजित भ्रष्टाचार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान हिसक झड़पों में 95 पुलिस कर्मी घायल हो गए और 216 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने एएनसी को बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में 127 युवा और 89 नाबालिग शामिल हैं। मनीला शहर के मेयर इस्को मोरेना ने बताया कि इनमें एक 12 साल का किशोर भी है।

